You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❐ वर्ष-15 ❐ अंक-93 ❐ रविवार, 03 मई 2026 ❐ नगर संस्करण ❐ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❐ मूल्य- ₹ 3.00 ❐ पृष्ठ-12



चार मई ममता दीदी गईं।'' केशव ने कहा कि जिस तरह से वह (ममता बनर्जी) परेशान हैं और झूठे आरोप लगा रही हैं, उससे पता चलता है कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) बड़ी हार की ओर बढ़ रही है। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि बंगाल के नतीजे का बंगाल ही नहीं, पूरा देश चार मई का इंतज़ार कर रहा है।

केशव प्रसाद मौर्य

एग्जिट पोल 'कॉपी-पेस्ट' हैं, इन पर भरोसा नहीं कर सकते : भूपेश बघेल 11

मुख्यमंत्री ने समस्याओं के समयबद्ध समाधान के दिए निर्देश 12

## संक्षेप

### पुलवामा में आतंकी सहयोगी गिरफ्तार, हथियार और विस्फोटक सामग्री बरामद

पुलवामा । जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले के राजपोरा में सुरक्षाबलों ने शनिवार को संयुक्त सर्च अभियान के दौरान एक आतंकी सहयोगी को गिरफ्तार किया है। सुरक्षाबलों ने उसके पास से हथियार और विस्फोटक सामग्री भी बरामद की है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह अभियान पुलवामा पुलिस ने सेना की 44 राष्ट्रीय राइफल्स और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 183 बटालियन के समन्वय से विशिष्ट खुफिया सूचनाओं के आधार पर चलाया। संयुक्त टीम ने राजपोरा में सीबी नाथ रोड के किनारे कस्बायार इलाके में तलाशी अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान काचीपोरा निवासी मोहम्मद उमर मलिक नामक एक आतंकी सहयोगी को गिरफ्तार किया गया। सुरक्षा बलों ने उसके पास से हथियार, विस्फोटक और अन्य सामग्री बरामद की, जिनमें एक पिस्तौल, मैगजीन, जिंदा कारतूस और दो हथगोले शामिल हैं। राजपोरा पुलिस स्टेशन में एफआईआर संख्या 75/2026 दर्ज करते हुए आरोपित के खिलाफ शस्त्र अधिनियम और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) की संबंधित धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार आगे की जांच जारी है।

### संदीप पाठक पर दो एफआईआर दर्ज, भाजपा ने भगवंत मान पर बदले की कार्रवाई का लगाया आरोप

नई दिल्ली । आम आदमी पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हुए राज्यसभा सदस्य संदीप पाठक के खिलाफ पंजाब में दो एफआईआर दर्ज की गई है। भाजपा ने भगवंत सरकार पर निशाना साधते हुए इसे बदले की भावना से की गई कार्रवाई बताया।

भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने शनिवार को मीडिया से बातचीत में पंजाब की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि पंजाब पुलिस ने राज्यसभा सदस्य संदीप पाठक के आवास पर छापेमारी की कोशिश की, जबकि राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति पहले से ही खराब बनी हुई है।

### अरुणाचल प्रदेश के कामले जिला में 2.4 तीव्रता का भूकंप

इटानगर । अरुणाचल प्रदेश के कामले जिला में शनिवार दोपहर को मध्य तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किये गये। भूकंप से कहीं से किसी भी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। मिली जानकारी के अनुसार अरुणाचल प्रदेश में भारतीय समयानुसार 01 बजकर 59 मिनट 04 सेकेंड पर भूकंप का झटका महसूस किया गया। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 2.4 मापी गई। फिलहाल, भूकंप से किसी भी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। भारतीय सिस्मोलॉजी केंद्र के अनुसार भूकंप का केंद्र अरुणाचल प्रदेश के कामले जिले में जमीन में 05 किलोमीटर नीचे स्थित था।

# एलपीजी की किल्लत से मिलेगी राहत : केन्द्र

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



नई दिल्ली। भारत में बढ़ रहे ख्र्घ्कदामों के बीच एक बड़ी खबर सामने आ रही है, पश्चिम एशिया युद्ध के बीच 45,000 टन एलपीजी यानी रसोई गैस से लदा विशालकाय सुपरटैंकर 'सर्व शक्ति' होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकेबंदी को पार करने की कोशिश कर रहा है। जिससे भारत में ख्र्घ्ककी किल्लत दूर होने की संभावना है, जबकि दामों में गिरावट आ सकती है। बता दें कि भारत को एलपीजी का दूसरा सबसे बड़े उपभोक्ता और तेल आयातक में तीसरा बड़े देश माना जाता है।

पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी का कहना है कि देश में एलपीजी संकट से निपटने के लिए भारत ने अपनी घरेलू एलपीजी उत्पादन क्षमता को 60% बढ़ाकर 54,000 टन कर दिया है। वहीं, दैनिक खपत भी 90,000 टन से घटकर 80,000 टन पर आ गई है। इसके अलावा, सरकार ने अपने सभी बंदरगाहों को कड़े निर्देश दिए हैं कि वे एलपीजी टैंकरों को किनारे लगाने और खाली करने में सबसे पहली प्राथमिकता दें, ताकि आम लोगों तक रसोई गैस बिना किसी रुकावट के पहुंच सके।

भारत में एलपीजी की किल्लत- पश्चिम एशिया युद्ध के बीच भारत में भी ख्र्घ्ककी किल्लत देखने को मिली, लोगों ने एजेंसियों के बाहर लाइनों में खड़े होकर सिलेंडर लिए। ऐसे समय में अगर 'सर्व शक्ति' सुरक्षित भारतीय तटों पर पहुंचता है, तो यह बाजार में गैस की किल्लत को दूर करने में एक संजीवनी का काम करेगा। वहीं, कच्चे तेल की कीमतों में भी बढ़ोतरी देखने को मिली है।

फरवरी के अंत में ईरान पर अमेरिकी और इजरायली हमलों के बाद से ही होर्मुज से जहाजों की आवाजाही लगभग ठप है। अमेरिका ने ईरान से जुड़े जहाजों की कड़ी नाकेबंदी कर रखी है। पिछले महीने तो हालात इतने बिगड़ गए थे कि ईरान ने रास्ता पार करने की कोशिश कर रहे जहाजों पर फायरिंग तक कर दी थी, जिससे कई जहाजों को वापस लौटना पड़ा। लेकिन, इस भारी तनाव के बीच भी नई दिल्ली की कूटनीति रंग लाई। तेहरान के साथ हुई सफल द्विपक्षीय वार्ता के दम पर भारत अब तक युद्ध के दौरान आठ एलपीजी जहाजों को सुरक्षित निकाल चुका है।

# महाराष्ट्र :12वीं का परिणाम घोषित 89.79 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण

एजेंसी



मुंबई। महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक और उच्च माध्यमिक शिक्षा मंडल ने फरवरीऽमार्च 2026 में आयोजित उच्च माध्यमिक प्रमाणपत्र (कक्षा 12वीं) परीक्षा का परिणाम शनिवार, 2 मई 2026 को घोषित कर दिया। इस वर्ष राज्य का कुल परिणाम 89.79 प्रतिशत रहा, जो पिछले वर्ष के 91.88 प्रतिशत की तुलना में 2.09 प्रतिशत कम है। हर साल की तरह इस बार भी लड़कियों ने लड़कों से बेहतर प्रदर्शन किया है। लड़कियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 93.15 रहा, जबकि लड़कों का परिणाम 86.80 प्रतिशत है। राज्य के 9 विभागीय मंडलों से कुल 14,44,713 नियमित विद्यार्थियों ने पंजीकरण किया था। इनमें से 14,33,058 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए और 12,86,843 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। निजी विद्यार्थियों में 36,941 में से 29,634 विद्यार्थी (80.21%) पास हुए, जबकि 50,346 पुनर्परीक्षार्थियों में से 18,349 विद्यार्थी (36.44%) सफल रहे। विभागवार परिणाम में कोकण विभाग ने 94.14 प्रतिशत के साथ राज्य में पहला स्थान प्राप्त किया। पुणे (91.25%) और अमरावती ● शेष पेज 11 पर

## पश्चिम बंगाल: वोटिंग के दौरान लोगों में दिखा उत्साह

# 15 मतदान केंद्रों पर बंपर वोटिंग, 87.60% मतदान

एजेंसी



❐ पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के 11 बूथों पर पुनर्मतदान शांतिपूर्ण माहौल में हुआ। शनिवार को हुए पुनर्मतदान में शाम 5 बजे तक 86.90 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज हुआ

❐ मगराहाट पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में 86.11 प्रतिशत और डायमंड हार्बर के चार बूथ पर 87.60 प्रतिशत मतदान हुआ।

कोलकाता । पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में शनिवार को डायमंड हार्बर विधानसभा क्षेत्र के चार और मगराहाट पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के 11 बूथों पर पुनर्मतदान शांतिपूर्ण माहौल में हुआ। शनिवार को हुए पुनर्मतदान में शाम 5 बजे तक 86.90 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज हुआ। दो चरणों में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव के नतीजे 4 मई को घोषित किए जाएंगे।

निर्वाचन आयोग के निर्देश पर 15 बूथों पर पुनर्मतदान कराया गया। इनमें शाम पांच बजे तक मगराहाट पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में 86.11 प्रतिशत और डायमंड हार्बर के चार बूथ पर 87.60 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान सुबह सात बजे शुरू हुआ। सुबह 9 बजे तक डायमंड हार्बर में 15.83 और मगराहाट पश्चिम में 16.88 प्रतिशत मतदान हुआ था। इसके अलावा सुबह 11 बजे तक डायमंड हार्बर में 35.92 और मगराहाट पश्चिम में 38.2 प्रतिशत, दोपहर एक बजे तक डायमंड हार्बर में 54.9 प्रतिशत और मगराहाट पश्चिम में 54.9 प्रतिशत और दोपहर 3 बजे तक 72.43 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था। गौरतलब है कि, विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में मतदान के दौरान मिली गड़बड़ियों की शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए निर्वाचन आयोग ने दो विधानसभा क्षेत्र के 15 बूथों पर पुनर्मतदान का आदेश दिया था। जिन बूथों पर मतदान हुआ उनमें मगराहाट पश्चिम के बूथ संख्या 46, 126, 127, 128, 142, 214, 215, 216, 230, 231 एवं 232 तथा डायमंड हार्बर के बूथ संख्या 117, 179, 194 और 243 शामिल हैं। प्रशासन की ओर से शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे।

इस बीच, फलता में सैकड़ों ग्रामीणों ने मतगणना के बाद सुरक्षा की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। ● शेष पेज 11 पर

### हम 200 से ज्यादा सीटें जीत रहे हैं' : ममता बनर्जी ने एग्जिट पोल को नकारा, शेयर बाजार में भी हेराफ़ेरी का लगाया आरोप



कोलकाता । पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के नतीजों से ठीक पहले मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपनी जीत को लेकर बड़ा दावा किया है। शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पार्टी के काउंटिंग एजेंटों को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि तृणमूल कंग्रेस (TMC) भारी बहुमत के साथ सत्ता में वापसी करने जा रही है। उन्होंने एग्जिट पोल के उन आंकड़ों को सिरे से खारिज कर दिया, जिनमें भाजपा को बढ़त दिखाई गई है। ममता बनर्जी ने एग्जिट पोल के नतीजों को ''शेयर बाजार में हेराफ़ेरी'' करने की साजिश करार दिया। उन्होंने कहा, ''हम जीत रहे हैं और 200 से ज्यादा सीटें जीत रहे हैं। ये एग्जिट पोल कुछ और नहीं बल्कि स्टॉक मार्केट को प्रभावित करने का एक जरिया हैं। उन्होंने 2021 और 2024 में भी यही किया था और अब फिर वही कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (CAPF) पर टीएमसी ● शेष पेज 11 पर

## बंगाल में मतगणना कर्मियों को लेकर न्यायालय के

# फैसले से तृणमूल की अनुचित कोशिश नाकाम हुई : भाजपा

एजेंसी



नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पश्चिम बंगाल चुनाव की मतगणना के लिए केंद्रीय कर्मियों की तैनाती के खिलाफ तृणमूल कंग्रेस द्वारा दाखिल याचिका कलकत्ता उच्च न्यायालय के बाद उच्चतम न्यायालय से भी खारिज होने पर प्रतिक्रिया देते हुए शनिवार को कहा कि राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी की 'अनुचित साधनों' से सत्ता हथियाने की कोशिश पूरी तरह नाकाम हो गई है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि तृणमूल कंग्रेस ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में अपनी आसन्न हार को भांपते हुए हताशा और निराशा के कारण उच्चतम न्यायालय में कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी है। बंगाल चुनाव के नतीजे सोमवार को घोषित किए जाएंगे। त्रिवेदी ने यह टिप्पणी उच्चतम न्यायालय के उस आदेश के बाद की, जिसमें कहा गया कि पश्चिम बंगाल में मतगणना के लिए केंद्रीय कर्मियों की तैनाती संबंधी निर्वाचन आयोग के परिपत्र के खिलाफ दाखिल याचिका को उच्च न्यायालय द्वारा खारिज किये जाने को चुनौती देने वाली तृणमूल की याचिका पर आगे किसी आदेश की आवश्यकता नहीं है। न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की विशेष पीठ ने कहा कि निर्वाचन आयोग (ईसी) मतगणना कर्मियों का चयन कर सकता है और उसके 13 अप्रैल के परिपत्र को गलत नहीं कहा जा सकता है।

त्रिवेदी ने संवाददाताओं से कहा, ''उच्चतम न्यायालय का निर्णय संवैधानिक रूप से उचित है। लेकिन तृणमूल द्वारा निराधार आरोपों को आधार बनाकर शीर्ष न्यायालय में याचिका दायर करने से पार्टी के इरादों ● शेष पेज 11 पर

# पुडुचेरी में 4 मई को मतगणना

एजेंसी




❐ तीन-स्तरीय सुरक्षा के साथ 3,000 से अधिक सुरक्षाकर्मी तैनात

पुडुचेरी । केंद्रशासित प्रदेश पुडुचेरी में आगामी 4 मई को होने वाली विधानसभा चुनाव की मतगणना को लेकर प्रशासन ने व्यापक और कड़े सुरक्षा इंतजाम किए हैं। किसी भी प्रकार की कानून-व्यवस्था की स्थिति से निपटने के लिए पुलिस और अर्धसैनिक बलों की तैनाती की गई है। कुल मिलाकर 3,000 से अधिक सुरक्षाकर्मी इस पूरी प्रक्रिया की निगरानी में लगाए गए हैं। पुडुचेरी में 9 अप्रैल को विधानसभा चुनाव संपन्न हुए थे, जिसमें 30 सीटों के लिए 1,099 मतदान केंद्रों पर मतदान कराया गया था। इस चुनाव में मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रिकॉर्ड 91.69 प्रतिशत मतदान दर्ज कराया था। ईवीएम मशीनों को कड़ी सुरक्षा के बीच अलग-अलग स्थानों पर सुरक्षित स्ट्रॉन्ग रूम में रखा गया है। पुडुचेरी क्षेत्र की ईवीएम मशीनें लासपेट स्थित सरकारी महिला इंजीनियरिंग कॉलेज, नेहरू पॉलिटेक्निक कॉलेज और टैगोर सरकारी कला कॉलेज में सुरक्षित रखी गई हैं। वहीं कराईकल की पांच सीटों की ईवीएम करुणानिधि पोस्ट ग्रेजुएट सेंटर में, माहे की ईवीएम सरकारी उच्च माध्यमिक विद्यालय में तथा यनम की ईवीएम सरकारी कला कॉलेज में रखी गई हैं। इन सभी मतगणना केंद्रों पर तीन-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है, जिसमें स्थानीय पुलिस के साथ अर्धसैनिक ● शेष पेज 11 पर

### देशभर में 'सेल ब्रॉडकास्ट अलर्ट सिस्टम' का परीक्षण, आपदा होने पर तुरंत मिलेगी सूचना

नई दिल्ली । केंद्र सरकार ने आपदा एवं आपातकालीन परिस्थितियों में नागरिकों तक त्वरित सूचना पहुंचाने के उद्देश्य से 'सेल ब्रॉडकास्ट अलर्ट सिस्टम' का आज यहां परीक्षण किया जिसमें सभी प्रकार के मोबाइल के स्क्रीन पर एक ही समय में एक मैसेज बॉक्स में आपात स्थिति का संदेश उभरता है तथा ध्यान आकृष्ट करने के लिए एक विशिष्ट प्रकार की बीप ध्वनि के साथ वाइबेट करता है। संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने यह एक कार्यक्रम में रिमोट के माध्यम से इसके देशव्यापी परीक्षण को सफलतापूर्वक संपन्न किया। परीक्षण के तहत लगभग 11:45 बजे देशभर में मोबाइल फोन पर एक साथ बीप ध्वनि के साथ इमरजेंसी अलर्ट संदेश प्राप्त हुआ। संदेश में स्पष्ट किया गया कि यह एक परीक्षण है और जनता को कोई कार्रवाई करने की आवश्यकता नहीं है। यह अत्याधुनिक ● शेष पेज 11 पर

# रेल मंत्रालय ने 895 करोड़ रु. की परियोजनाओं को दी मंजूरी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



❐ कोलकाता मेट्रो, आद्रा ब्रिज होगा मजबूत

नई दिल्ली । रेल मंत्रालय ने पश्चिम बंगाल में रेलवे अवसंरचना को मजबूत करने और कोलकाता मेट्रो सेवाओं की क्षमता बढ़ाने के लिए 895.30 करोड़ रुपये की महत्वपूर्ण परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इन परियोजनाओं में कोलकाता मेट्रो के पावर सिस्टम का उन्नयन और दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल में एक अहम पुल का पुनर्निर्माण शामिल है। इन परियोजनाओं से जहां एक ओर मेट्रो सेवाओं में सुधार होगा, वहीं दूसरी ओर माल परिवहन और औद्योगिक कनेक्टिविटी को मजबूती मिलेगी।

रेल मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि कोलकाता मेट्रो के नॉर्थऽसाउथ कॉरिडोर को मजबूत करने के लिए 671.72 करोड़ रुपये की परियोजना को मंजूरी दी गई है। इसके तहत 7 नए ट्रैक्शन सबस्टेशन स्थापित किए जाएंगे, जिन पर 291.06 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसके अलावा, एस्प्लेनेड से कवि सुभाष (न्यू गरिया) तक पावर सिस्टम को 11 केवी से बढ़ाकर 33 केवी किया जाएगा, जिस पर 380.66 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इस अपग्रेड के बाद मेट्रो सेवाओं की फ्रीक्वेंसी 5 मिनट से घटाकर 2.5 मिनट की जा सकेगी, जिससे यात्रियों को अधिक सुविधाजनक और तेज सेवा मिलेगी। वर्तमान सिस्टम 1980 के दशक का है और अपनी क्षमता सीमा तक पहुंच चुका है, ऐसे में यह उन्नयन अत्यंत आवश्यक माना जा रहा है। दक्षिण पूर्व रेलवे के तहत एमडीकेडीऽडीएमए (मधुकुंडाऽदामोदर) सेक्शन के बीच ब्रिज नंबर 520 (अप और डाउन लाइन)के पुनर्निर्माण के लिए 223.58 करोड़ रुपये की लागत वाली एक परियोजना को ● शेष पेज 11 पर

### तृणमूल कंग्रेस की याचिका खारिज होने पर भाजपा ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का किया स्वागत

नई दिल्ली । उच्चतम न्यायालय ने शनिवार को तृणमूल कंग्रेस (टीएमसी) की याचिका को खारिज करते हुए चुनावी प्रक्रिया में किसी भी प्रकार के संवैधानिक हस्तक्षेप से इनकार कर दिया। अदालत के इस फैसले का भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने स्वागत किया है और टीएमसी पर तीखा राजनीतिक हमला बोला है। भाजपा ने कहा कि जिस प्रकार तृणमूल कंग्रेस ने अनर्गल और निराधार आरोपों को आधार बनाकर सर्वोच्च न्यायालय का रुख किया, वह उसकी ल्लबौखलाहट और छटपटाहट को दर्शाता है। भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि जैसे-जैसे पश्चिम बंगाल का चुनाव आगे बढ़ा, वैसे-वैसे टीएमसी का जनसमर्थन और मनोबल लगातार गिरता गया। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण और हिंसा-मुक्त मतदान संपन्न होने के बाद पार्टी में बेचैनी और अस्थिरता और बढ़ गई, जबकि एग्जिट पोल के रुझानों ने स्थिति को और स्पष्ट कर दिया। सुधांशु त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि इसके बाद टीएमसी ने बिना आधार वाले मुद्दों को उठाकर उच्चतम न्यायालय ● शेष पेज 11 पर

# ऊर्ज़ा क्षेत्र में उत्तर प्रदेश ने रचा इतिहास रूफटॉप सोलर स्थापना में देश में नंबर-1

कैनविज टाइम्स संवाददाता



❐ यूपी ने बनाया राष्ट्रीय रिकॉर्ड, निरंतर निगरानी का प्रत्यक्ष परिणाम

लखनऊ । उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में रूफटॉप सोलर स्थापना के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल करते हुए देश में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। प्रदेश में अब तक 5,00,115 से अधिक रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं। राज्य में कुल 8,94,217 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से बड़े पैमाने पर स्वीकृति एवं स्थापना सुनिश्चित की गई है। इसके साथ ही प्रदेश में 1,696.68 मेगावाट की कुल स्थापित क्षमता सृजित हुई है तथा ?3,038.08 करोड़ की सब्सिडी केंद्र सरकार द्वारा एवं ?1,000 करोड़ से अधिक की सब्सिडी राज्य सरकार द्वारा जारी की जा चुकी है। इस दौरान यूपी नेडा डायरेक्टर रविन्दर सिंह ने बताया कि कुल उत्तर प्रदेश में प्रतिदिन लगभग ?5 करोड़ मूल्य की मुफ्त बिजली उत्पन्न हो रही है तथा लाखों टन कार्बन उत्सर्जन में कमी लाई गई है। इसके अतिरिक्त, प्रदेश में लगभग 5,000 कंपनियों के माध्यम से 65,000 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार एवं लाखों लोगों को अप्रत्यक्ष रोजगार प्राप्त हुआ है। साथ ही, सौर परियोजनाओं को लोगों के छतों पर स्थापित किए जाने से प्रदेश की लगभग 6,500 एकड़ भूमि को संरक्षित करते हुए उसे कृषि एवं अन्य व्यावसायिक उपयोग हेतु सुरक्षित रखा गया है। अप्रैल 2026 ● शेष पेज 11 पर

### योगी सरकार बना रही 'स्मार्ट रोड नेटवर्क'

लखनऊ । उत्तर प्रदेश में एक्सप्रेसवे निर्माण का मॉडल अब पारंपरिक ढांचे से आगे निकलकर तकनीक-आधारित निगरानी और प्रबंधन की दिशा में प्रवेश कर चुका है। योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल में जहां एक ओर तेज गति से एक्सप्रेसवे नेटवर्क का विस्तार हुआ, वहीं अब इन परियोजनाओं की गुणवत्ता, सुरक्षा और दीर्घकालिक स्थायित्व सुनिश्चित करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और स्विस सेंसर तकनीक को केंद्र में रखा गया है। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) द्वारा स्विट्जरलैंड की ईटीएच ज्यूरिख और आरटीडीटी लैबोरेट्रीज एजी के साथ की गई साझेदारी इसी व्यापक रणनीति का हिस्सा है, जिसके तहत सड़क निर्माण को 'डेटा-ड्रिवन' और 'रियल-टाइम मॉनिटरिंग' आधारित बनाया जा रहा है। पीएम मोदी द्वारा लोकार्पित गंगा एक्सप्रेसवे में भी इस तकनीक का उपयोग किया गया है। अब तक सड़क निर्माण में गुणवत्ता का आकलन प्रायः निर्माण पूरा होने के बाद होता था, जिससे खामियों के सुधार में समय और लागत दोनों बढ़ते थे। नई प्रणाली में यह पूरी प्रक्रिया बदल गई है। सेंसर आधारित मॉड्यूल के जरिए निर्माण के दौरान ही सड़क की गुणवत्ता की लगातार निगरानी की जा रही है, जिससे किसी भी कमी को उसी समय दुरुस्त किया जा सके। इस तकनीक का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा वह विशेष वाहन है, जिसमें सात एक्सेलेरोमीटर सेंसर लगाए गए हैं। यह वाहन एक्सप्रेसवे की हर लेन पर चलकर सतह की एकरूपता, ऊंचाई में उतार-चढ़ाव और कंपन का डेटा जुटाता है। यह डेटा सड़क की वास्तविक स्थिति का वैज्ञानिक आकलन प्रस्तुत करता है, जो पारंपरिक विजुअल इंस्पेक्शन से कहीं अधिक सटीक माना जा रहा है। सेंसर से प्राप्त आंकड़ों को एआई सॉफ्टवेयर के जरिए प्रोसेस कर सड़क की गुणवत्ता को 'एक्सीलेंट', 'गुड' और 'पुअर' जैसी श्रेणियों में वर्गीकृत किया जाता है। इससे न केवल गुणवत्ता का वस्तुनिष्ठ मूल्यांकन संभव होता है, बल्कि निर्माण एजेंसियों की जवाबदेही भी तय होती है। खास बात ● शेष पेज 11 पर

# भूसा संग्रहण अभियान गोवंश संरक्षण का मजबूत आधार बन रहा : धर्मपाल सिंह

❐ पशुधन मंत्री ने कहा - गोबर की खाद के बदले किसानों से भूसा प्राप्त करने की व्यवस्था भी प्रभावी रूप से की गई लागू



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग के कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने शनिवार को कहा कि 15 अप्रैल से 31 मई तक प्रदेश में संचालित ''भूसा संग्रहण अभियान'' निराश्रित गोवंशों के संरक्षण एवं उनके सुचारु भरण-पोषण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

उन्होंने बताया कि निराश्रित गोवंशों का संरक्षण और संवर्धन राज्य सरकार की प्राथमिकता है और पशुधन विभाग इसके लिए निरंतर प्रयासरत है तथा इस दिशा में हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं। प्रदेश के सभी गौ आश्रय स्थलों पर निराश्रित गोवंश के लिए गर्मी से बचाव,चारा, भूसा, पेयजल विद्युत एवं औषधियों आदि सभी मूलभूत आवश्यकताओं की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है।पशुधन मंत्री ने बताया कि प्रदेश में संचालित 7,430 स्थायी/अस्थाई गोआश्रय स्थलों में लगभग 12.34 लाख गोवंश संरक्षित किए जा चुके हैं। इन गोवंशों के भरण-पोषण एवं प्रबंधन का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण व संवेदनशील है जिसमें पर्याप्त भूसा- हरा चारा अति आवश्यक है।

वर्तमान में गेहूं की कटाई के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में पर्याप्त मात्रा में भूसा उपलब्ध होने के कारण 15 अप्रैल से 31 मई तक विशेष भूसा संग्रहण अभियान संचालित किया जा रहा है।श्री सिंह ने बताया कि अभियान के अंतर्गत 1,905 अस्थायी भूसा एवं बैंक(खोप/कूप) एवं 7,285 स्थायी भूसा बैंकों की स्थापना की गई है, जिनमें अब तक 41.53 लाख कुंतल भूसा संग्रहीत किया जा चुका है। इस अभियान के तहत कुल 60.99 लाख कुंतल भूसा संग्रहण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

श्री सिंह ने कहा कि इस अभियान में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों का सहयोग सराहनीय है। दान के रूप में प्राप्त भूसे का संग्रह किया जा रहा है तथा बड़े दानदाताओं को जिलाधिकारी द्वारा सम्मानित भी किया जा रहा है। साथ ही गोआश्रय स्थलों में उपलब्ध गोबर की खाद किसानों को देकर बदले में भूसा प्राप्त करने की व्यवस्था भी प्रभावी रूप से लागू की गई है।पशुधन मंत्री ने बताया कि प्रदेश के 707 गोआश्रय स्थलों के संचालन एवं प्रबंधन का दायित्व एनजीओ, एफपीओ एवं स्वयंसेवी समितियों को सौंपा गया है, जिससे व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार गोवंशों के संरक्षण, संवर्धन एवं उनके बेहतर रखरखाव के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इस दिशा में निरंतर प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं।

# सीएमओ ने कोरांव सीएचसी और चार पीएचसी का किया निरीक्षण



❐ कमियां मिलने पर सुधार के निर्देश दिए, इमरजेंसी बेड की व्यवस्था देखी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव, प्रयागराज। प्रयागराज जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. अरुण कुमार तिवारी ने कोरांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का निरीक्षण किया। उन्होंने सीएचसी के सभी वार्डों का जायजा लिया।सीएमओ के साथ उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नवीन गिरी, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. प्रमोद सिंह यादव और जिला कार्यक्रम प्रबंधक विनोद कुमार सिंह भी मौजूद थे। इस दौरान टीम ने चार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) रामगढ़, बडोखर, खीरी और लेडियारी का भी निरीक्षण किया।निरीक्षण दल ने क्षेत्र में चल रहे टीकाकरण सत्रों और आयुष्मान गोल्डन कैंपों का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों को तत्काल ठीक करने के निर्देश दिए गए। सीएमओ ने भीषण गर्मी से बचाव के सुझाव भी दिए।सीएचसी कोरांव में इमरजेंसी सेवाओं के लिए चार अतिरिक्त बेड की व्यवस्था की गई है। निरीक्षण के समय सीएचसी कोरांव के अधीक्षक के. बी. सिंह भी उपस्थित रहे।जब जानकारी के लिए सीएमओ से संपर्क किया गया, तो उन्होंने बताया कि वे एक बैठक में व्यस्त हैं और फिलहाल बात करने की स्थिति में नहीं हैं।

## कछला रेलवे समपार 12 घंटे तक रहेगा बंद

**बदायूं, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल अंतर्गत बितरोईऽमानपुर नगरिया रेल खंड पर स्थित कछला देहात रेलवे फाटक 12 घंटे के लिए रहेगा बंद। रेल प्रशासन के अनुसार, समपार संख्या 295/सी पर सावधिक ओवरहॉलिंग और मरम्मत कार्य के चलते यह फाटक 3 मई शाम 6 बजे से 4 मई सुबह 6 बजे तक सड़क यातायात के लिए पूरी तरह बंद रहेगा। इस दौरान वाहन चालक बितरोई रेलवे स्टेशन के पास स्थित समपार संख्या 294/बी से आवागमन कर सकेंगे। अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि निर्धारित समय के दौरान वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करें, ताकि जाम और असुविधा से बचा जा सके। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा ने बताया कि यात्रियों और स्थानीय लोगों को होने वाली असुविधा के लिए रेल प्रशासन को खेद है, और कार्य पूरा होते ही फाटक को समय पर खोल दिया जाएगा।

## प्रधानमंत्री महिला रोजगार योजना के नाम पर ठगी करने वाला गिरोह बेनकाब, दो आरोपित गिरफ्तार

**औरैया,कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद में साइबर थाना पुलिस ने महिलाओं को रोजगार दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों द्वारा प्रधानमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत सिलाई सेंटर खोलने और नौकरी दिलाने का झांसा देकर ग्रामीण महिलाओं से ठगी की जा रही थी।पुलिस के अनुसार, अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक औरैया के निर्देशन में साइबर के पर्यवेक्षण में साइबर थाना टीम ने इस गिरोह का भंडाफोड़ किया।मामला तब सामने आया जब अजीतमल थाना क्षेत्र के ग्राम पडरिया ऊंचा निवासी वंदना ने शिकायत दर्ज कराई कि एक महिला और पुरुष ने उसे प्रधानमंत्री महिला रोजगार योजना के नाम पर सिलाई सेंटर खोलने व नौकरी दिलाने का लालच देकर ठगी की। इस पर साइबर थाना में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई।जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी और मैनुअल साक्ष्यों के आधार शनिवार को ककोर बंबा के पास से दो आरोपियों—सौरभ उर्फ टीटू (निवासी मैनपुरी) और सुनीता (निवासी बिधूना, औरैया)को गिरफ्तार कर लिया।पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे गांवों में जाकर महिलाओं को सरकारी योजना का झांसा देते थे और सिलाई सेंटर खोलने के नाम पर 250 रुपये प्रति महिला लेते थे। इसके बाद महिलाओं के आधार कार्ड और दस्तावेज लेकर उनके नाम पर लोन करा देते थे और उससे खरीदे गए सामान जैसे ई-स्कूटी, इन्वर्टर आदि खुद ले जाते थे। इस तरीके से अब तक करीब 10-12 लाख रुपये की ठगी की बात सामने आई है।पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से इन्वर्टर, बैटरी, ई-स्कूटी, मोबाइल फोन, 100 से अधिक आधार कार्ड की प्रतियां, स्टांप पेपर और फर्जी दस्तावेज बरामद किए हैं। मामले में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।पुलिस अधीक्षक अभिषेक भारती ने बताया कि ठगी करने वाले दोनों आरोपितों के खातों को फ्रीज कर दिया गया है और न्यायालय के आदेश के बाद पीड़िताओं की धनराशि वापस कराई जाएगी।

## चिरंजीव जयसवाल ने विद्यालय एवं माता-पिता का नाम किया रोशन



**लखनऊ,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** आईसीएसई बोर्ड का परीक्षा परिणाम गुरुवार को जारी किया गया। सिटी मोंटेसरी स्कूल राजेन्द्रनगर के छात्र चिरंजीव जयसवाल ने हाईस्कूल में 92.4 प्रतिशत अंक प्राप्त करके स्कूल और माता-पिता का नाम रोशन किया। मेधावी छात्र चिरंजीव जयसवाल ने हाईस्कूल की परीक्षा में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए 92.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। तीन से पांच घंटे की पढाई की और एकाग्रता के साथ की। मैंने हर विषय को समझकर पढ़ा और बार-बार रिवीजन किया। मेरे माता-पिता और शिक्षकों ने हमेशा मेरा मार्गदर्शन किया। मेरा सपना मास्टरशेफ बनना है ताकि लखनऊ के खाने की पहचान को विश्व स्तर पर लाया जा सके। मेरी सफलता का राज मेहनत और सही दिशा में प्रयास है। चिरंजीव जयसवाल के पिता पीयूष जयसवाल और माता ममता रानी अपने बेटे की इस उपलब्धि पर बेहद खुश हैं। माता ममता रानी ने बताया कि चिरंजीव जयसवाल ने पूरे साल पूरी निष्ठा के साथ पढ़ाई की जिसका परिणाम आज सबके सामने है। बेटे ने कड़ी मेहनत और लगन से पढ़ाई कर यह सफलता पाई है और उन्हें उस पर गर्व है। मेधावी छात्र की अभूतपूर्व सफलता पर सम्पूर्ण सीएमएस परिवार गौरवान्वित है।पिता पीयूष जयसवाल ने हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह परिणाम बेटे की मेहनत, शिक्षकों की प्रतिबद्धता और अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल हैं।

## मोनू हत्याकांड : रुपयों के विवाद में साथियों ने पीट-पीटकर उतारा था मौत के घाट, दोनों हत्यारोपित गिरफ्तार

**कानपुर ,कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** बीते शनिवार को छावनी थाना क्षेत्र अंतर्गत सिम पोर्ट का काम करने वाले युवक की उसके ही साथियों ने सुनियोजित तरीके से हत्या कर दी थी। पहले शराब पिलाकर उसे सुनसान स्थान पर ले जाया गया, जहां आंखों में स्प्रे कर उसे असहाय बनाया गया और फिर डंडों से पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया गया। वारदात के पीछे आपसी विवाद और पैसों का दबाव मुख्य वजह सामने आई है। पुलिस ने मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस उपायुक्त पूर्वी सत्यजीत गुप्ता ने शनिवार को बताया कि 26 अप्रैल की रात नरबीजपुर गांव की ओर जाने वाली सड़क पर मोनू उर्फ कैलाश (आयु करीब 29 वर्ष) की हत्या की गई थी। घटना के बाद थाना छावनी में मुकदमा दर्ज कर कई टीमों का गठन किया गया और सर्विलांस व सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू की गई।जांच में सामने आया कि मृतक और आरोपित सिम पोर्ट कराने का काम करते थे। मृतक अपने साथियों पर बीसी (कमेटी) के पैसे देने का दबाव बनाता था और अक्सर गाली-गलौज व मारपीट करता था। इसी से परेशान होकर दोनों आरोपितों ने उसे रास्ते से हटाने की योजना बनाई।योजना के तहत करीब एक माह पहले ही सुनसान स्थान चिन्हित कर लिया गया था। घटना वाली रात आरोपितों ने मोनू को साथ में बैठाकर शराब पिलाई और बहाने से नरबीजपुर की ओर ले गए। वहां पहुंचते ही उसकी आंखों और चेहरे पर फॉग स्प्रे कर दिया गया, जिससे वह कुछ समझ नहीं सका। इसके बाद दोनों ने डंडों से लगातार वार किए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।हत्या के बाद दोनों आरोपित मौके से फरार हो गए। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर दबिश देते हुए चेतन ग्राउंड और गोरा कब्रिस्तान क्षेत्र से बापन पाल और अतीत वर्मा उर्फ कार्तिक/बृजेश को गिरफ्तार कर लिया।आरोपितों के पास से घटना में प्रयुक्त फॉग स्प्रे, डंडे, मृतक का मोबाइल, शराब की कैन तथा वारदात में प्रयुक्त वाहन बरामद किए गए हैं। इसके अलावा अतीत वर्मा के खिलाफ पहले भी एक आपराधिक मुकदमा दर्ज है। पुलिस ने दोनों को न्यायालय में पेश कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत, दो गंभीर रूप से घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। इंहौना-महराजगंज रोड पर शनिवार देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा मोन गांव के पास रात करीब 9 बजे हुआ, जब एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने तीन मोटरसाइकिल सवारों को जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे। स्थानीय लोगों ने तुरंत एम्बुलेंस सेवा को फोन किया, लेकिन करीब एक घंटे तक एम्बुलेंस के न पहुंचने से लोगों में आक्रोश फैल गया। हालात गंभीर होते देख ग्रामीणों और पुलिस ने खुद ही घायलों को मोटरसाइकिल और पुलिस वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया।सीएचसी में मौजूद चिकित्सक डॉ. एस. के. भरद्वाज और उनकी टीम ने जांच के बाद अखिलेश (पुत्र रामदेव, निवासी पूरे रिशाल मजरे कुशमहुरा) को मृत घोषित कर दिया। वहीं हादसे में घायल संजय सिंह (25 वर्ष, निवासी नारायनपुर मोन) और सोनू (28 वर्ष, निवासी मोन) की हालत गंभीर होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी गई है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपी वाहन की पहचान की जा सके। एम्बुलेंस सेवा पर उठे सवालहादसे के बाद समय पर एम्बुलेंस न पहुंचने से स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी देखी गई। लोगों का कहना है कि अगर समय रहते चिकित्सा सहायता मिल जाती, तो शायद युवक की जान बचाई जा सकती थी। इस घटना ने एक बार फिर ग्रामीण क्षेत्रों में आपातकालीन सेवाओं की बदहाल स्थिति को उजागर कर दिया है।

# नवांगतुक तहसीलदार रोशनी सोलंकी ने सुनी फरियाद

❐ सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये 270 मामले, 8 के मौके पर ही समाधान



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव, प्रयागराज। प्रयागराज के कोरांव तहसील में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम संदीप तिवारी की तबीयत खराब होने के कारण नवांगतुक तहसीलदार रोशनी सोलंकी ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं।

इस दौरान कुल 270 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 8 राजस्व संबंधी शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया गया। यह संपूर्ण समाधान दिवस मूल रूप से जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कोरांव तहसील में होना था, लेकिन अपरिहार्य कारणों से इसे निरस्त कर तहसील सदर प्रयागराज में स्थानांतरित कर दिया गया था। जिलाधिकारी का आगमन कई वर्षों से कोरांव तहसील में नहीं हुआ है। कार्यक्रम निरस्त होने की सूचना सोशल मीडिया पर आने के बाद कई अधिकारी रास्ते से ही वापस लौट गए, जबकि कुछ ने अपने मातहतों को खानापूर्ति के लिए भेजा।तहसीलदार रोशनी सोलंकी ने सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक लगन और निष्ठा के साथ सुनवाई की। प्राप्त 270 शिकायतों में से 262 लंबित हैं। इनमें सर्वाधिक शिकायतें राजस्व विभाग की 112, पुलिस की 35, विकास की 28, शिक्षा की 2, समाज कल्याण की 3 और अन्य विभागों की 9 शिकायतें शामिल हैं।सुनवाई के बाद तहसीलदार सोलंकी ने पत्रकारों से भी बातचीत की। उन्होंने कहा कि हर फरियादी की शिकायत को गंभीरता से सुना जाएगा और न्याय दिलाने का पूरा प्रयास किया जाएगा। साथ ही, सरकारी जमीन पर हुए कब्जों को खाली कराया जाएगा। इससे पहले वे झांसी, ललितपुर और प्रयागराज जनपद में मेजा व बारा तहसीलों में अपनी सेवाएं दे चुकी हैं।इसी बीच, जिला पंचायत सदस्य सोमदत्त सिंह पटेल ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ तहसीलदार को 9 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। ज्ञापन सौंपने वालों में सोमदत्त सिंह पटेल के अलावा लल्लन सिंह पटेल, राजेश पांडे और पवन सोनकर भी शामिल थे।

# संपूर्ण समाधान दिवस में 42 शिकायतों में 7 का मौके पर हुआ निस्तारण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। तहसील सभागार महराजगंज में शनिवार को 'संपूर्ण समाधान दिवस' का आयोजन एडीएम (प्रशासन) सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया और संबंधित अधिकारियों को त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए।समाधान दिवस के दौरान कुल 42 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें पुलिस विभाग की 14, राजस्व विभाग की 11, विकास विभाग की 4 तथा अन्य विभागों की 13 शिकायतें शामिल रहीं। इनमें से मौके पर केवल 7 शिकायतों का निस्तारण किया जा सका, जबकि शेष शिकायतों को समयबद्ध समाधान के लिए संबंधित विभागों को भेज दिया गया। इसी दौरान एक जमीन विवाद का मामला भी सामने आया, जिसमें मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए गए। पीड़ित राजकुमार पुत्र राजाराम, निवासी ग्राम पूरे हनुमंत सिंह मजरे जेवना, थाना चंदापुर, तहसील महराजगंज ने शिकायत दर्ज कराकर प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई।प्रार्थना पत्र में बताया गया कि वह और विपक्षी पक्ष आपस में भाई हैं तथा जमीन का अभी तक बंटवारा नहीं हुआ है। आरोप है कि विपक्षी जबरन जमीन पर कब्जा कर मकान निर्माण करा रहे हैं और प्रार्थी के हिस्से की जमीन पर भी निर्माण किया जा रहा है।पीड़ित का कहना है कि विरोध करने पर विपक्षी पक्ष द्वारा गाली-गलौज की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। साथ ही सोने-चांदी के सामान और पैसे की मांग भी की जा रही है। पीड़ित ने यह भी बताया कि पहले पुलिस द्वारा निर्माण कार्य रुकवाया गया था, लेकिन इसके बावजूद दोबारा निर्माण शुरू कर दिया गया।इनसेट प्रार्थी ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की जांच कर अवैध कब्जा रोका जाए और उसे न्याय दिलाया जाएएडीएम (प्रशासन) सिद्धार्थ ने अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने विशेष रूप से पुलिस व राजस्व से जुड़े मामलों में स्थलीय निरीक्षण कर निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

# जमीनी विवादों की शिकायतों से गूंजा सम्पूर्ण समाधान दिवस

❐ एसडीएम पवन पटेल ने दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश



कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज, लखनऊ। मोहनलालगंज तहसील सभागार में शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान तहसील दिवस में बड़ी संख्या में फरियादी अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे। समाधान दिवस में सबसे अधिक शिकायतें भूमि विवाद, पैमाइश, कब्जा दिलाने, मेढ़बंदी और न्यायालय के आदेशों के अनुपालन से जुड़ी रहीं।

अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता एसडीएम पवन पटेल ने की। इस दौरान एसीपी विकास पांडेय, तहसीलदार ऋतिराज शुक्ला, नायब तहसीलदार गुरुप्रीत सिंह, नायब तहसीलदार शौव्या मिश्रा, नायब तहसीलदार वसुंधरा सिंह, नायब तहसीलदार निगोहां गोवर्धन शुक्ला एवं थाना प्रभारी निरीक्षक बृजेश त्रिपाठी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।समाधान दिवस में दयालपुर मजरा अनघेमऊ निवासी सुमनलता शर्मा ने गाटा संख्या 1910, 1911 एवं 1912 की पैमाइश कर मेढ़बंदी व कब्जा दिलाने की मांग की। पीड़िता ने बताया कि उपजिलाधिकारी न्यायालय द्वारा पूर्व में आदेश पारित किए जा चुके हैं, लेकिन कुछ दबंगों के विरोध और पुलिस बल उपलब्ध न होने के कारण कार्रवाई अधूरी रह गई। उन्होंने प्रशासन से पुलिस बल के साथ राजस्व टीम भेजकर आदेश का पालन कराने की मांग की।वहीं करनपुर निवासी रामलखन ने न्यायालय द्वारा पारित आदेश के बावजूद भूमि की दखल दहानी न कराए जाने की शिकायत की। उन्होंने आरोप लगाया कि कई बार प्रार्थना पत्र देने के बाद भी कानूनगो और लेखपाल स्तर पर कार्रवाई नहीं की गई। शिकायत कर्ता ने आदेश का मौके पर अनुपालन कराकर कब्जा दिलाने की मांग की।इसी क्रम में पुरसेनी गाँव निवासी जयचन्द्र ने न्यायालय में लंबित पत्रावली गुम होने की शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि धारा 24 के तहत दाखिल वाद की फाइल न्यायालय रिकॉर्ड से गायब बताई जा रही है, जिससे आदेश का अनुपालन नहीं हो पा रहा। पीड़ित ने फाइल खोजवाकर कार्रवाई कराने की मांग की।इसके अलावा अखिलेश द्विवेदी ने अघइया गाँव में स्थित भूमि की निशानदेही कराए जाने का प्रार्थना पत्र दिया। उन्होंने बताया कि बरसात के दौरान खेतों की मेड़ें क्षतिग्रस्त हो गई हैं, जिससे सीमांकन को लेकर विवाद की स्थिति बन रही है।समाधान दिवस में पहुंचे फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए एसडीएम पवन पटेल ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक शिकायत का पारदर्शी और समयबद्ध निस्तारण कराया जाएगा। उन्होंने राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों को संयुक्त रूप से मौके पर जाकर समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए।एसीपी विकास पांडेय ने कहा कि भूमि विवाद से जुड़े मामलों में कानून व्यवस्था प्रभावित न हो, इसके लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। वहीं इंस्पेक्टर बृजेश त्रिपाठी ने कहा कि न्यायालय एवं प्रशासन के आदेशों के पालन में आवश्यक पुलिस सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा।सम्पूर्ण समाधान दिवस में बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे, जिनमें राजस्व, भूमि विवाद, पैमाइश, कब्जा, रास्ता विवाद तथा अन्य विभागों से संबंधित प्रकरण प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# धरने के तीसरे दिन धरनार्थी पहुंचे तहसील समाधान दिवस में

❐ संगठन के पदाधिकारियों ने उप जिला अधिकारी से की बातचीत

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। इन दिनों गोसाईगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन का धरना चल रहा है। धरने के तीसरे दिन धरनार्थियों ने तहसील दिवस में पहुंच कर उपजिलाधिकारी को पत्र देकर उनसे बातचीत भी की उसके बाद धरना स्थल पर वापस पहुंच कर बिजली विभाग के सहायक अभियंता से वार्ता की ।

इस वार्ता में मीटर रीडर द्वारा फेंक यूनिट बिल बनाकर यूनिट स्टोर कर अगले महीने में जोड़ना गलत बताया गया। इसी मौके पर भाकियू नेताओं की ओर से बिजली बिल का दो गुना कर देना,बिल के साथ रिटेल जोड़ना, साथ ही जिन उपभोक्ताओं ने सौलर पैनल लगाए हैं उनका किलोवाट बढ़ाकर रिटेल प्राइज वसूलना, बिजली जमा करते समय अधिक पैसा हो जाने पर उपभोक्ताओं को वापस न करना, जर्जर लाइन ,स्पार्किंग, बारिश में डिस्चार्ज बिजली को उपभोक्ताओं के बिल में जोड़ना, अघोषित बिजली कटौती 24घंटे सप्लाई के बाद बिजली कटौती, स्मार्ट मीटर जैसे मुद्दों पर किसानों द्वारा प्रश्नों उठाए गए।उत्तर देते सहायक अभियंता बिनय कुमार ने बताया कि उन लोगों के अधिकार छीन लिए गए हैं । अब वे सभी सप्लाई चलाने के लिए है ।कार्य इंद्रलोक कालोनी से होंगे ।किसानों ने स्पष्ट कहा बिजली सहायक अभियंता की बातो को सुनकर किसानों की ओर से सवाल किया गया है कि पैसा आप लेते हैं ।उपभोक्ता को कोई विभागीय परेशानी होगी तो वह 50 किलोमीटर चलकर इंद्रलोक कालोनी क्यों जाएं । किसानों ने कहा है हमारा धरना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोसाईगंज पर चल रहा है। इसके बाद बिजली उपभोक्ता हमारे साथ मिलकर आपके कार्यालय का घेराव करेंगे।इस वार्ता के दौरान हरिपाल सिंह मंडल महामंत्री लखनऊ ,रामसिंह जिला महामंत्री,राकेश कुमार जिला उपाध्यक्ष, राकेश कुमार ब्लाक अध्यक्ष गोसाईगंज, रमेश कुमार ब्लाक उपाध्यक्ष, राहुल ,राममिलन, इमरान, मंशूरी, रेशमा देवी, ज्योति देवी ,रानी ,बिटान, सु सहित आदि दर्जनों पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# खादी ग्रामोद्योग बोर्ड का जागरूकता कार्यक्रम, योजनाओं की दी गई जानकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कानपुर नगर । खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड की ओर से आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में विभिन्न रोजगारपरक योजनाओं की जानकारी दी गई। योजनाओं के माध्यम से स्वरोजगार को बढ़ावा देने और स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया। पात्र लाभार्थियों के आवेदन पत्र मौके पर ही भरवाए गए और अनुदान व ब्याज में रियायत की जानकारी दी गई। यह बातें उपजिलाधिकारी घाटमपुर अबिचल प्रताप सिंह ने कही।

शासन के निर्देशानुसार उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड कानपुर नगर ने तहसील घाटमपुर में एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लिया, जहां अधिकारियों ने मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना, प्रधानमंत्री रोजगार योजना और माटी कला रोजगार योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। खादी ग्रामोद्योग अधिकारी अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों को 15 से 35 प्रतिशत तक अनुदान (छूट) प्रदान किया जाता है। साथ ही ऋण पर ब्याज में भी रियायत दी जाती है। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं का उद्देश्य लोगों को आत्मनिर्भर बनाना और स्वरोजगार के अवसर बढ़ाना है।

कार्यक्रम के दौरान पात्र लाभार्थियों के आवेदन पत्र मौके पर ही भरवाकर प्राप्त किए गए। माटी कला से जुड़े कारीगरों के लिए निःशुल्क विद्युत चालित चाक उपलब्ध कराने हेतु भी आवेदन लिए गए, जिससे उन्हें आधुनिक संसाधनों के साथ रोजगार के अवसर मिल सकें।

# नोडल अधिकारी निर्धारित अवधि में स्वगणना कार्य सुनिश्चित कराएं: जिलाधिकारी

❒ प्रशिक्षण सत्र के दौरान नोडल अधिकारियों के साथ संवाद स्थापित करते हुए उनकी जिज्ञासाओं एवं समस्याओं का समाधान भी किया गया।

कैनविज टाइम्स संवाददाता।



लखनऊ। विकास भवन स्थित सभागार में जिलाधिकारी श्री विशाख जी0 की अध्यक्षता में जनगणना-2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत दिनांक 07 मई से 21 मई 2026 तक संचालित होने वाली स्वगणना (Self Enumeration) प्रक्रिया की कार्ययोजना एवं क्रियान्वयन से संबंधित समस्त प्रशासनिक एवं तकनीकी बिंदुओं पर विभिन्न विभागों द्वारा नामित नोडल अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी नोडल अधिकारी अपने-अपने कार्यालयों में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान कर निर्धारित अवधि में स्वगणना सुनिश्चित कराएं। इसके लिए प्रत्येक कार्यालय में स्वगणना संबंधी कार्यशालाओं का आयोजन किया जाए, जिससे कार्मिकों को प्रक्रिया की स्पष्ट जानकारी प्राप्त हो और किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि अधिकतम संख्या में स्वगणना कराए जाने हेतु प्रभावी प्रयास किए जाएं।

जिलाधिकारी द्वारा ऑनलाइन स्वगणना की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया कि प्रत्येक परिवार से एक सदस्य se.census.gov.in पोर्टल पर जाकर स्वगणना पूर्ण करे तथा प्राप्त आईडी को सुरक्षित रखे। जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट एवं बस स्टॉप जैसे प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर स्वगणना से संबंधित जागरूकता हेतु स्टैंडी, बैनर एवं अन्य प्रचार सामग्री स्थापित कराई जाए।

प्रशिक्षण सत्र के दौरान नोडल अधिकारियों के साथ संवाद स्थापित करते हुए उनकी जिज्ञासाओं एवं समस्याओं का समाधान भी किया गया।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्री अजय जैन सहित जनगणना निदेशालय से डॉ. गौरव पाण्डेय (उप निदेशक), श्रीमती उपासना गिरी (सहायक निदेशक), श्री रमेश कुमार पाण्डेय (सांख्यिकीय अन्वेषक) एवं श्री अनिल सिंह उपस्थित रहे।

# जनगणना 2027 के लिये मास्टर ट्रेनर्स, फील्ड ट्रेनर्स व पर्यवेक्षक सहित 5.25 लाख से अधिक कर्मियों की तैनाती : शीतल वर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। मुख्य प्रधान जनगणना अधिकारी शीतल वर्मा ने 'जनगणना 2027' की तैयारियों तथा प्रक्रियाओ के बारे में मीडिया के साथ जानकारियां साझा की। प्रेस वार्ता में पत्रकारों को संबोधित करते हुये मुख्य प्रधान जनगणना अधिकारी शीतल वर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जनगणना 2027 का कार्य दो चरणों में सम्पन्न होगा।

उन्होंने कहा कि प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 22 मई 2026 से 20 जून, 2026 की अवधि में एवं द्वितीय चरण- जनसंख्या गणना का कार्य फरवरी, 2027 में संपादित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व प्रदेश में 07 मई से 21 मई के बीच स्व-गणना का कार्य होगा। उन्होंने कहा कि इसे एक अभियान बनाने के लिये जनगणना कार्य निदेशालय द्वारा प्रत्येक दिन को एक विशेष दिवस के रूप में चिन्हित किया गया है। अन्होंने कहा कि स्व-गणना विकल्प के तहत व्यक्ति अपनी जानकारी ऑनलाइन (पद्ग.दद्गद्व्रपफ्प्र.द्दधफ.द्बद्व) स्वयं भर सकते हैं। राज्य में इस कार्य हेतु लगभग 5.25 लाख अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गयी है, जिसमें 18 मण्डल जनगणना अधिकारी (मंडलायुक्त), 75 प्रमुख जनगणना अधिकारी (जिलाधिकारी), 17 अपर प्रमुख जनगणना अधिकारी (नगर आयुक्त), 600 जिला स्तर के अधिकारी, 1195 चार्ज अधिकारी (तहसीलदार/अधिशासी अधिकारी इत्यादि), 285 मास्टर ट्रेनर्स, 6939 फील्ड ट्रेनर्स तथा अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों के अतिरिक्त लगभग 5 लाख प्रगणक/पर्यवेक्षक शामिल हैं। 'जनगणना 2027' का कार्य देश में पहली बार पूर्ण रूप से डिजिटल माध्यम से कराया जायेगा, जिसमें स्व-गणना भी एक विकल्प होगा। मुख्य प्रधान जनगणना अधिकारी शीतल वर्मा ने कहा कि स्व-गणना प्रक्रिया में जानकारी भरने के पश्चात ट्ट्क ऋ्क जेनरेट होगा, जिसे 22 मई से 20 जून, 2026 के दौरान जनगणना कार्य हेतु प्रगणक के घर आने पर, ट्ट्क ऋ्क को प्रगणक के साथ साझा किया जाना होगा। उन्होंने कहा कि प्रगणक द्वारा पुष्टि के उपरांत ही मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य पूर्ण होगा। श्रीमती शीतल वर्मा ने कहा कि स्व-गणना अनिवार्य ना होकर ऐक्छिक है। प्रगणक, 22 मई से 20 जून, 2026 तक की अवधि में प्रत्येक घर जाकर जानकारी अवश्य दर्ज करेंगे। राज्य में जनगणना 2027 का कार्य 75 जिले, 783 नगरीय निकाय एवं 350 तहसीलों के अंतर्गत एक लाख चार हजार ग्रामों में संपादित कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि जनगणना कार्य संपादित करने के लिये राज्य में 350 ग्रामीण चार्ज एवं 845 नगरीय चार्ज हैं ।

# फरीदीपुर के न्यू नालंदा अकादमी में धूमधाम से मनाया गया वार्षिक उत्सव

❒ बच्चों ने देशभक्ति से भरा माहौल बनायामेडल पहनाकर सम्मानित किए गए मेधावी छात्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता




ठाकुरगंज, लखनऊ। फरीदीपुर स्थित न्यू नालंदा अकादमी में शनिवार को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी वार्षिक उत्सव (एनुअल फंक्शन) का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अकादमी के समस्त स्टाफ, संस्थापक मुकेश कटियार, मुख्य सलाहकार बीनू कटियार, एयरफोर्स के रिटायर्ड सेकंड लेफ्टिनेंट कमांडर अनुज कटियार, प्रधानाचार्य संदीप श्रीवास्तव सहित पूरा प्रबंधन दल उपस्थित रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन और अर्चना के साथ हुई, जिसके बाद विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। इस दौरान उपहार वितरण सेलिब्रेशन 2026 के तहत मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया।छात्रों ने देशभक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुतियां देते हुए देश में हुए ऑपरेशन सिंदूर को मंच पर जीवंत रूप में प्रस्तुत किया और देश के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। बच्चों ने वीर सपूतों को सलामी देते हुए अपने अभिनय के माध्यम से देशप्रेम का संदेश दिया जिसे उपस्थित लोगों ने खूब सराहा।इस अवसर पर हाई स्कूल कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले मोहम्मद जीशान (90%) को प्रधानाचार्य द्वारा मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों की प्रतिभाओं को निखारना उन्हें मंच प्रदान करना और उनमें देश व समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना रहा। इस आयोजन ने न केवल विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया बल्कि अभिभावकों और शिक्षकों के बीच भी गर्व का माहौल बनाया।

# चिनहट में धार्मिक स्थलों पर लगे लाउस्पीकर मचा रहे शोर , लोग परेशान

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ, चिनहट। चिनहट क्षेत्र में इन दिनों धार्मिक स्थलों पर तेज ध्वनि का मुद्दा चर्चा का विषय बना हुआ है। सुबह-शाम लाउडस्पीकरों पर बजने वाली ऊंची आवाज से आसपास के लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि धार्मिक स्थल से लगे हुए घरों को काफी दिक्कत होती है यहा सुबह से ही लाउडस्पीकर पर धार्मिक कार्यक्रम निर्धारित मानकों से अधिक आवाज में प्रारम्भ हो जाती हैं, जिनका सिलसिला रात तक लगा रहता है, जिससे छात्रों की पढ़ाई, बुजुर्गों के स्वास्थ्य और आम जनजीवन पर असर पड़ रहा है। खासकर परीक्षा के समय में यह समस्या और गंभीर हो जाती है। इन धार्मिक स्थलों द्वारा ध्वनि प्रदूषण के नियमों का सख्ती से पालन नहीं किया जा रहा है। जिससे ध्वनि प्रदूषण का खतरा बढ़ाता जा रहा है वहीं, इस मामले में संबंधित अधिकारियों का कहना है कि शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। बताते चले कि सरकार ने भी धार्मिक स्थलों पर लगे लाउडस्पीकरों हटाते हुए लोगों को काफी राहत दी थी लेकिन विभागीय आकिरियों के अनदेखे रवैये का आलम यह है कि लाउडस्पीकर फिर से लगाकर तेजी ध्वनि से शोर मचा रहे है जिससे लोगों काफी दिक्ततों का सामना करना पड़ रहा है।

## साईं बाबा मूर्ति स्थापना दिवस पर वाल्मकेश्वर मंदिर में 14वां विशाल भंडारा



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** महर्षि वाल्मीकी निर्धन कन्या विवाह समिति द्वारा हर वर्ष की परंपरा को निभाते हुए इस वर्ष भी 2 मई को साईं बाबा जी की मूर्ति स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में वाल्मकेश्वर मन्दिर, वाल्मीकिपुरी, निकट मोहन मेकिग, इरादत नगर, लखनऊ में 14वें विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था। भंडारे का शुभारंभ साईं बाबा की आरती के साथ हुआ। इसके बाद प्रसाद वितरण शुरू किया गया, जो देर शाम तक चलता रहा। आसपास के क्षेत्र से सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु और स्थानीय लोग भंडारे में शामिल हुए और प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम का संचालन समिति के अध्यक्ष पुजारी राजेश वाल्मीकि ने किया। उन्होंने बताया कि समिति पिछले 14 वर्षों से मूर्ति स्थापना दिवस पर भंडारे का आयोजन कर रही है। समिति के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने सेवा भाव से भंडारे की देखरेख, प्रसाद वितरण और अन्य व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी निभाई। समिति का उद्देश्य सामाजिक समरसता और सेवा भाव को बढ़ावा देना है। आयोजक पुजारी राजेश वाल्मीकि ने बताया कि महर्षि वाल्मीकी निर्धन कन्या विवाह समिति निर्धन कन्याओं के विवाह में सहयोग के साथ धार्मिक और सामाजिक आयोजनों में भी सक्रिय रहती है।

## 'रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा': सेवा, समर्पण और आस्था का पावन अध्याय – डॉ. राजेश्वर सिंह



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सरोजनीनगर की पुण्यभूमि एक बार फिर आध्यात्मिक उल्लास और भक्ति के रंग में सराबोर हो उठी, जब विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के मार्गदर्शन में संचालित 57वीं रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा का एक और चरण सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। डॉ. राजेश्वर सिंह के नेतृत्व में ग्राम सोहावा, जैतीखेड़ा से 50 श्रद्धालुओं का दल प्रभु श्रीराम की पावन नगरी अयोध्या धाम पहुंचकर दर्शन कर लौटा।डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा प्रेरित इस पूरी यात्रा के दौरान वातावरण अत्यंत श्रद्धामय और भक्तिमय बना रहा। भजनों की मधुर स्वर लहरियां और ल्लजय श्रीरामङ्क के जयघोष ने हर क्षण को दिव्यता से भर दिया। श्रद्धालुओं के चेहरों पर संतोष, हृदय में आस्था और मन में प्रभु के प्रति अटूट विश्वास स्पष्ट झलकता रहा, जिसकी प्रेरणा डॉ. राजेश्वर सिंह के प्रयासों से प्राप्त हुई।विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के नेतृत्व में पिछले तीन वर्षों से निरंतर संचालित यह यात्रा अब जन–आस्था का एक सशक्त प्रतीक बन चुकी है। यह केवल एक तीर्थयात्रा नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और संस्कारों का ऐसा अभियान है, जिसे डॉ. राजेश्वर सिंह ने समाज के हर वर्ग को एक सूत्र में पिरोने के उद्देश्य से आगे बढ़ाया है।डॉ. राजेश्वर सिंह की इस पहल की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह समाज के हर वर्ग के श्रद्धालुओं को प्रभु श्रीराम के चरणों तक पहुंचाने का अवसर प्रदान कर रही है। 'सेवा ही साधना है' के भाव को साकार करती डॉ. राजेश्वर सिंह की यह पहल आज हजारों लोगों के जीवन में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार कर रही है।डॉ. राजेश्वर सिंह के सतत प्रयासों से अब तक 8000 से अधिक श्रद्धालु इस पावन यात्रा के माध्यम से अयोध्या धाम के दर्शन कर चुके हैं। यह यात्रा न केवल लोगों को आध्यात्मिक रूप से जोड़ रही है, बल्कि उनके हृदयों में सनातन मूल्यों की ज्योति भी प्रज्वलित कर रही है।डॉ. राजेश्वर सिंह के मार्गदर्शन में रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा आज केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि सरोजनीनगर की आध्यात्मिक पहचान बन चुकी है। डॉ. राजेश्वर सिंह का यह निरंतर आगे बढ़ता हुआ पावन प्रयास आने वाली पीढ़ियों को अपनी जड़ों से जुड़े रहने की प्रेरणा देता रहेगा और समाज में भक्ति, एकता एवं संस्कारों का संदेश प्रसारित करता रहेगा।

## 11 मई से 17 मई तक आशियाना सेक्टर 'के' मे आयोजित होगा श्रीमदभागावत कथा एवं ज्ञान यज्ञ महोत्सव

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राजधानी लखनऊ के आशियाना क्षेत्र मे इस माह का एक सप्ताह पूरी तरह भक्तिमय होने जा रहा है क्योकि आशियाना सेक्टर के स्थित श्री जगदंभेश्वर मंदिर के प्रांगण मे दिनांक 11 मई से 17 मई तक श्रीमदभागवत कथा के साथ साथ ज्ञान महोत्सव का आयोजन किया जाना सुनिश्चित हुआ है कार्यक्रम की जानकारी देते हुए आयोजक रविन्द्र कुमार यादव ने बताया कि ये महोत्सव सांय साढ़े चार से साढ़े सात तक किया जायेगा जिसमे श्री श्री 108 महामंडलेश्वर साधवी सत्यप्रिया गिरी जी के श्रीमुख से श्रीमदभगवत कथा का पाठ किया जायेगा वहीं मंडली के वरिष्ठ कार्यकर्ता आनंद कुमार ठाकुर ने बताया कि परम पूज्य दीदी माँ साधवी ऋतम्भरा के आशीर्वाद से पूर्व मे भी इस तरह का आयोजन किया गया था जिसमे भक्तो की भारी भीड़ भी दिखाई देती है उनका कहना था कि भीषण गर्मी के बावजूद लोगो मे श्रद्धा भाव और उत्साह देखने योग्य होता है उन्होने बताया कि कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी किया जाता है।

# पत्रकारिता की चुनौतियों पर मंथन, एकजुटता का संदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । शनिवार को हजरतगंज स्थित सहकारिता भवन में भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ की उत्तर प्रदेश इकाई द्वारा शपथ ग्रहण एवं भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसी अवसर पर नारद जयंती के उपलक्ष्य में ल्लपत्रकारिता तब और अबङ्क विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी भी आयोजित हुई। संगोष्ठी में उपस्थित वक्ताओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए वर्तमान समय में पत्रकारिता के समक्ष खड़ी चुनौतियों पर खुलकर चर्चा की। वक्ताओं ने बदलते दौर में मीडिया की भूमिका, निष्पक्षता और विश्वसनीयता पर जोर देते हुए बेबाकी से अपने विचार रखे। साथ ही पत्रकार साथियों से एकजुट रहकर पेशे की गरिमा बनाए रखने की अपील की गई। साथ ही यह भी कहा कि पत्रकारिता के अस्तित्व को बचाए रखना है तो पत्रकारिता अपने लिए नहीं समाज के लिए करिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. बालकृष्ण पांडे ने की। कार्यक्रम में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह अति विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर कौशांबी, अयोध्या, आजमगढ़ सहित विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में पत्रकार और महासंघ के सदस्य मौजूद रहे। समारोह में संगठन की मजबूती और पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिए सामूहिक प्रयासों पर भी जोर दिया गया। कार्यक्रम में डॉ भगवान प्रसाद उपाध्याय, मथुरा प्रसाद, ज्ञान प्रकाश शुक्ला, अनंत राम पांडे, प्रभा शंकर ओझा, मधुसूदन सिंह, सच्चिदानंद मिश्रा, वीरेंद्र मिश्रा, प्रमोद शर्मा व मेधा सक्सेना समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# समाधान दिवस में युवक ने पेट्रोल डालकर किया आत्मदाह का प्रयास

❒ पैमाइश से कब्जे की पुष्टि, एसडीएम के निर्देश भी बेअसर, पुलिस की तत्परता से टला बड़ा हादसा, तहसील प्रशासन पर उठे तीखे सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बख्शी का तालाब,लखनऊ। तहसील बख्शी का तालाब के ग्राम पारा में पट्टे की जमीन पर अवैध कब्जे का मामला प्रशासनिक उदासीनता की भेंट चढ़ता नजर आ रहा है। राजस्व विभाग की पैमाइश में कब्जे की पुष्टि और उपजिलाधिकारी के स्पष्ट आदेश के बावजूद जब महीनों तक जमीन खाली नहीं कराई गई, तो आक्रोशित युवक ने शनिवार को तहसील समाधान दिवस में आत्मदाह का प्रयास कर डाला। वह सभागार में पेट्रोल लेकर पहुंचा और खुद पर उड़ेलने लगा, लेकिन मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों की सतर्कता से बड़ा हादसा टल गया। घटना के बाद तहसील परिसर में अफरा-तफरी मच गई। एसडीएम साहिल कुमार ने तत्काल कार्रवाई का आश्वासन दिया है।ग्राम पारा निवासी मुंशीलाल का कहना है कि उसे गाटा संख्या 344 (0.0500 हेक्टेयर) एवं 346क (0.1760 हेक्टेयर) भूमि विधिवत पट्टे पर आवंटित है। आरोप है कि गांव के ही एक व्यक्ति ने लंबे समय से उक्त भूमि पर अवैध कब्जा कर रखा है, जिससे उसकी खेती ठप हो गई है और आजीविका संकट में है। पीड़ित के अनुसार, वर्ष 2023 में उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता के तहत कराई गई पैमाइश में अवैध कब्जे की पुष्टि हो चुकी है। 4 अक्टूबर 2023 को राजस्व निरीक्षक द्वारा तैयार रिपोर्ट में गाटा संख्या 336/344/346 का स्पष्ट सीमांकन दर्ज किया गया। इसके बाद वाद संख्या 5929/2024 में उपजिलाधिकारी, बख्शी का तालाब ने 22 अप्रैल 2024 को आदेश जारी कर कब्जा हटाने के निर्देश दिए थे और राजस्व रिपोर्ट को प्रमाणित भी किया था।इसके बावजूद जमीनी स्तर पर कार्रवाई शून्य रही। मुंशीलाल का आरोप है कि कई बार तहसील के चक्कर लगाने के बाद भी न तो कब्जा हटाया गया और न ही आदेश के अनुपालन की कोई लिखित सूचना दी गई। इससे उसके वैध अधिकारों का लगातार हनन हो रहा है और प्रशासनिक आदेश महज कागजी साबित हो रहे हैं।आक्रोश की पराकाष्ठा तब दिखी जब शनिवार को समाधान दिवस में पहुंचकर मुंशीलाल ने पेट्रोल उड़ेलकर आत्मदाह का प्रयास किया। पुलिसकर्मियों ने तुरंत हस्तक्षेप कर उसे काबू में लिया और संभावित अनहोनी टाल दी।

# लखनऊ में 9 मई को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ । लखनऊ जनपद के न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मलखान सिंह के मार्गदर्शन में जनसामान्य को त्वरित, सस्ता एवं सुलभ न्याय उपलब्ध कराने के लिए आगामी 9 मई (शनिवार) को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायालय लखनऊ, कलेक्ट्रेट परिसर तथा जनपद की समस्त तहसीलों में किया जाएगा। यह आयोजन राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार संपन्न होगा।

यह जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के सचिव कुँवर मित्रेश सिंह कुशवाहा ने शनिवार को दी। उन्होंने बताया कि लोक अदालत विवादों के निस्तारण का एक प्रभावी वैकल्पिक मंच है, जहां मामलों का समाधान आपसी समझौते के आधार पर किया जाता है। लोक अदालत के निर्णय को न्यायालय के फैसले के समान मान्यता प्राप्त होती है तथा यह सभी पक्षों पर बाध्यकारी होता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि लोक अदालत के निर्णय के विरुद्ध किसी भी न्यायालय में अपील नहीं की जा सकती, जिससे विवादों का शीघ्र एवं अंतिम निस्तारण संभव हो पाता है।

उन्होंने बताया कि लोक अदालत में न्यायालय में लंबित वादों के साथ-साथ प्री-लिटिगेशन स्तर पर भी बिना मुकदमा दायर किए पक्षकारों की सहमति से मामलों का निस्तारण कराया जा सकता है। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में पारिवारिक एवं वैवाहिक विवाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, उपभोक्ता मामले, बैंक रिकवरी, चेक बाउंस (धारा 138 एनआई एक्ट), श्रम वाद, दीवानी वाद, फौजदारी सुलह योग्य प्रकरण, भूमि अधिग्रहण, स्टाम्प, चकबंदी, किरायेदारी, विद्युत चोरी, जलकर, गृहकर, सेवा एवं सेवानिवृत्ति से संबंधित मामलों सहित विभिन्न प्रकार के वादों का निस्तारण किया जाएगा।

सचिव की ओर से जनसामान्य से अपील की गई है कि वे 09 मई को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपने विवादों का त्वरित, सस्ता एवं सुलभ समाधान प्राप्त करें तथा न्याय प्रक्रिया को सरल और प्रभावी बनाने में सहयोग करें।

## उप्र राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद 2026 के दूसरे दिन 180 वक्ताओं ने रखे विचार

लखनऊ । उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में ऐतिहासिक विधान सभा के मुख्य मंडप में आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद 2026 के दूसरे दिन शनिवार को 180 युवा वक्ताओं ने अपने विचार प्रस्तुत किए। यह आयोजन मेरा युवा भारत, उत्तर प्रदेश (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से आयोजित राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद) के अंतर्गत किया जा रहा है। यह पहल पूरे देश में प्रत्येक राज्य की विधानसभाओं में आयोजित की जा रही है। साथ ही, मेरा युवा भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा देश के विभिन्न ब्लॉक, गांव एवं जिलों में भी इस प्रकार के आयोजन प्रधानमंत्री के आह्वान पर आयोजित किए जा रहे हैं, जिसके माध्यम से युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं से जोड़ने का व्यापक प्रयास किया जा रहा है।प्रत्येक वक्ता को निर्धारित 3 मिनट में अपनी बात रखनी थी, लेकिन इन 3 मिनटों में जो गहराई, दृष्टि और राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्धता दिखाई दी, उसने पूरे विधानमंडप को बार-बार तालियों से गुंजायमान कर दिया।

# करंट से मजदूर की मौत पर बवाल, मुआवजे की मांग में 3 घंटे जाम रहा बीकेटी–कुम्हरावा मार्ग

❒ अवैध बिजली सप्लाई का आरोप, 25 लाख की मांग पर अड़े ग्रामीण, समझौते व प्रशासनिक आश्वासन के बाद खुला रास्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बख्शी का तालाब, लखनऊ। महिंगवां थाना क्षेत्र के पहाड़पुर गांव में सिंचाई के दौरान करंट लगने से मजदूर की मौत के बाद शनिवार को हालात तनावपूर्ण हो गए। पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही शव गांव पहुंचा, आक्रोशित ग्रामीणों ने शव वाहन को रोककर बीकेटी-कुम्हरावा मार्ग पर जाम लगा दिया। करीब तीन घंटे तक चले प्रदर्शन के दौरान यातायात पूरी तरह ठप रहा और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।

ग्रामीण मृतक के परिजनों को 25 लाख रुपये मुआवजा देने की मांग पर अड़े रहे। सूचना मिलते ही एसीपी ज्ञानेंद्र सिंह, कई थानों की पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन लोग आरोपियों पर कार्रवाई और मुआवजे की मांग पर डटे रहे। बताया गया कि पहाड़पुर निवासी अमित (25) गांव के सामने राजा बाग स्थित खेत में सिंचाई कर रहा था। यह खेत गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा ट्रस्ट की जमीन पर ठेके पर लिया गया था। इसी दौरान खेत में दौड़ रहे बिजली के करंट की चपेट में आने से अमित की मौके पर ही मौत हो गई।मृतक के भाई सुमित ने आरोप लगाया कि खेत में अवैध तरीके से बिजली सप्लाई की जा रही थी, जिसकी वजह से हादसा हुआ। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि घटना के बाद संबंधित लोग शव को मौके पर छोड़कर फरार हो गए, जिससे ग्रामीणों में और आक्रोश बढ़ गया।स्थिति बिगड़ती देख पुलिस ने मोर्चा संभाला और ग्रामीणों से वार्ता जारी रखी। अंततः गांव के संभ्रांत लोगों की मध्यस्थता से दोनों पक्षों के बीच समझौता हुआ। विपक्षी पक्ष की ओर से तत्काल दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने और प्रशासन द्वारा सरकारी योजनाओं के तहत अतिरिक्त मदद दिलाने के आश्वासन पर प्रदर्शन समाप्त हुआ। इसके बाद जाम खुल सका और यातायात सामान्य हुआ।नायब तहसीलदार बीकेटी आकाश पांडे ने बताया कि पात्रता के अनुसार मृतक के परिजनों को किसान सम्मान निधि समेत अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। वहीं, पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और अवैध बिजली सप्लाई के आरोपों की भी पड़ताल की जा रही है।

# डीएम, एसपी ने समाधान दिवस पर तहसील कलान में सुनीं जनसमस्याएं

- शिकायतों के निस्तारण में गंभीरता बरतें, मौके पर जाकर करें समस्याओं का समाधान-डीएम



कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिंह और एसपी सौरभ दीक्षित ने तहसील कलान में फरियादियों की समस्याओं को सुना तथा संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने के निर्देश दिए।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में अवैध कब्जा, राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, विकास विभाग, बिजली विभाग, राशन कार्ड, पेंशन सहित विभिन्न विभागों से संबंधित 51 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिनमें कुल 07 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण हुआ। डीएम ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त प्रार्थना पत्रों का एक सप्ताह के भीतर प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए। ताकि शिकायतकर्ता को पुनः अपनी समस्या लेकर न आना पड़े। कहा कि सभी विभागीय अधिकारी शिकायतों के निस्तारण में गंभीरता बरतें तथा शिकायतकर्ता के साथ मौके पर जाकर समस्याओं का समाधान करें। सभी शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापरक हो तथा निस्तारण के उपरांत शिकायतकर्ता से संतुष्टि फीडबैक अवश्य प्राप्त किया जाए। उन्होंने भूमि संबंधी मामलों में पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर निष्पक्ष कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एसपी सौरभ दीक्षित ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसमस्याओं के समाधान में संवेदनशीलता और तत्परता बरती जाए, ताकि आमजन को त्वरित राहत मिल सके। इस दौरान जिला विकास अधिकारी ऋषिपाल सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक कुमार मिश्रा, नायब तहसीलदार सृजित निगम सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# ई-रिक्शा में महिलाओं के बैग व पर्स से जेवरात चोरी करने वाले अंर्तजनपदीय गैंग का खुलासा

- चार महिलाओं समेत सात गिरफ्तार, लाखों के जेवरात, चाकू व मोटर साइकिल आदि बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता




शाहजहांपुर। जनपदीय एसओजी, सर्विलांस सेल और थाना जलालाबाद पुलिस की संयुक्त टीम ने ई-रिक्शा में महिलाओं के बैग व पर्स से जेवरात चोरी करने वाले अंर्तजनपदीय गैंग का खुलासा करते हुए चार महिलाओं समेत 07 शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से पुलिस टीम ने चोरी किए गए लाखों के जेवरात, 02 अवैध चाकू, मोबाइल फोन और मोटर साइकिल बरामद की है।

बीती 24 मार्च को थाना कलान क्षेत्र के गांव चिकटिया निवासी काजल पुत्री विजेन्द्र ने जलालाबाद पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बारह पत्थर चैराहा से ई-रिक्शा पर बैठकर ससुराल जा रही थी, इसी दौरान एक अज्ञात महिला ने उसके बैग मे रखे 10 ग्राम सोने के झाले, 6 ग्राम दो सोने की अंगूठी, 250 ग्राम चांदी की बिछुआ, 02 जोड़ी चांदी की पायल और बच्चे की एक जोड़ी चांदी के कंगन तथा 2 हजार रुपये नगद चोरी कर फरार हो गई। इसी तरह बीती 29 अप्रैल को थाना जलालाबाद के गांव डुही निवासी पिन्टू पुत्र दयाराम ने तहरीर देकर बताया कि वो पत्नी के साथ ई-रिक्शा पर बैठकर जा रहा था। इसी दौरान गुनारा मोड़ से बैठी अज्ञात महिला ने उसकी पत्नी के पर्स में रखे चांदी का एक कमर विछुवा, चांदी की अंगूठी, मांग टीका और एक सोने की अंगूठी चोरी कर फरार हो गई। दोनों की तहरीर पर जलालाबाद थानें में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। एसपी ने दोनों घटनाओं के खुलासे के लिए टीम गठित की थी। इसी क्रम में संयुक्त टीम ने बीती शाम मुखबिर की सूचना पर ग्राम बझेडा के बन्द पड़े भट्टे के पास डकैती की योजना बनाते हुए शातिर चोर 04 महिलाओं समेत 07 लोगों को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से पुलिस टीम ने चोरी किए गए लाखों रूपयों के जेवरात आदि बरामद किए। पकड़े गए अभियुक्तों में थाना पुवायां क्षेत्र के गांव दिउरिया निवासी लक्ष्मी पत्नी गौतम, नीतू पत्नी हाकिम सिंह, मुस्कान पत्नी अनिल, पुष्पा पत्नी बादल, गौतम पुत्र जागन, बादल पुत्र हाकिम सिंह और जिला एटा के थाना अवागढ़ क्षेत्र के सराही का रहने वाला आकाश पुत्र करुआ है। पुलिस के अनुसार, पकड़े गए सभी अभियुक्तों पर थाना जलालाबाद, थाना मिर्ज़ापुर, थाना खुटार, थाना पुवायां और जनपद हरदोई थाना पाली में कई चोरी आदि के अपराधिक मामले दर्ज हैं। फिलहाल, पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए सभी अभियुक्तों को जेल भेज दिया है।

# डीएम ने फरियादियों की सुनी समस्याएं, लाभार्थियों को मिली योजनाओं की सौगात

- शिकायतों का गुणवत्तापरक, समयबद्ध निस्तारण करें अफसर : डीएम
- समाधान दिवस पर मुस्कुराए चेहरे : लाभार्थियों को मिली योजनाओं की सौगात




कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील निघासन के सभागार में डीएम अंजनी कुमार सिंह, एसपी डॉ ख्याति गर्ग, सीडीओ अभिषेक कुमार, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने एक ओर जहां फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं, वहीं दूसरी ओर जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को लाभ प्रदान किए।

जनसुनवाई के दौरान डीएम व एसपी ने अन्य अधिकारियों के साथ प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लिया और स्पष्ट निर्देश दिए कि जनशिकायतों की निष्पक्ष जांच कर समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। डीएम अंजनी कुमार सिंह ने अधिकारियों से कहा कि शासन की प्राथमिकताओं में जनसमस्याओं का समाधान सर्वोपरि है। गरीब एवं जरूरतमंद व्यक्तियों की समस्याओं का संवेदनशीलता से तुरंत समाधान करते हुए उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि शिकायतकर्ताओं की भावनाओं का सम्मान करते हुए संतोषजनक निस्तारण करें और भूमि विवादों में राजस्व-पुलिस की संयुक्त टीम तत्काल कार्यवाही करे।

इस समाधान दिवस में कुल 125 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत हुए, जिनमें से 10 का मौके पर निस्तारण किया गया। प्राप्त शिकायतों में राजस्व विभाग की 64, पुलिस विभाग की 26, विकास विभाग की 07, आपूर्ति 09, विद्युत विभाग की 06, नगर पंचायत 05, समाज कल्याण 03, बाल विकास पुष्टाहार, शिक्षा, वन, जल निगम, बैंक की 01-01 एक शिकायत शामिल रहीं। सभी प्रार्थना पत्रों को पृष्ठांकित कर संबंधित विभागों को शीघ्र निस्तारण हेतु सौंपा गया। इस दौरान सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, एसडीएम राजीव कुमार निगम, सीओ शिवम कुमार, डीडीओ गजेंद्र प्रताप सिंह, बीडीओ जयेश कुमार सिंह, श्रद्धा गुप्ता सहित जनपदीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### समाधान दिवस पर खिली मुस्कान, थारू महिलाओं को मिली 'अपने घर' की चाबी

संपूर्ण समाधान दिवस जनपद में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का साक्षी बना। डीएम अंजनी कुमार सिंह, एसपी डॉ ख्याति गर्ग व सीडीओ अभिषेक कुमार ने थारू क्षेत्र की 05 महिलाओं को मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत घर की चाबी सौंपी। डीएम ने कहा कि योजनाओं का लाभ सीधे पात्रों तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। लाभार्थियों के चेहरे पर खुशी देख कार्यक्रम सफल रहा।

### गोसेवा में आगे आए 'दानवीर', प्रशासन ने किया सम्मान

गोवंश की सेवा में मिसाल पेश करते हुए निघासन क्षेत्र के ग्रामीणों ने आगे बढ़कर अस्थायी गो आश्रय स्थलों के लिए भूसा दान किया। जनसहभागिता के इस सराहनीय प्रयास को सम्मान देते हुए डीएम अंजनी कुमार सिंह, एसपी डॉ ख्याति गर्ग व सीडीओ अभिषेक कुमार ने दानदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। तहसील निघासन की ग्राम पंचायत सिंगहाकला के अर्जुन लाल ने रकेहटी गो आश्रय स्थल में 10 कुंतल भूसा दिया। वहीं बगलहाकुटी के प्रमोद निषाद ने चखरा गो आश्रय स्थल को 10 कुंतल, हरिपुरवा रकेहटी के जगत नारायण मौर्य ने रकेहटी देहात स्थित आश्रय स्थल में 22 कुंतल और दुबहा के नेकीराम पाल ने धर्मापुर गो आश्रय स्थल के लिए 10 कुंतल भूसा उपलब्ध कराया।

# डीएम-एसपी ने मतदान केंद्रों व स्ट्रांग रूम की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

- 5 मई को होगा कटरा नगर पंचायत अध्यक्ष पद के उपचुनाव का मतदान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। कटरा नगर पंचायत अध्यक्ष पद के उपचुनाव का मतदान पांच मई को होगा। जबकि सात मई को मतगणना होगी। डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिंह और एसपी सौरभ दीक्षित ने आगामी उपचुनाव की तैयारियों को लेकर काकोरी शहीद इंटर कॉलेज कटरा तथा प्राथमिक विद्यालय कटरा में बनाए गए मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

डीएम ने कहा कि मतदान केंद्र पर सभी मूलभूत सुविधाएं समय से पूर्ण कर ली जाएं। मतदाताओं की सुविधा के लिए केंद्र के बाहर छाया हेतु टेन्ट, स्वच्छ पेयजल तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक एवं प्रभावी इंतजाम किए जाएं। ताकि मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न हो सके। इसके बाद दोनों अधिकारियों ने तहसील तिलहर के विकासखंड कार्यालय में बनाए गए स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया और स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी खिड़की एवं दरवाजे पूरी तरह सुरक्षित एवं बंद रहें। साथ ही सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए। 24 घंटे सुरक्षा कर्मियों की तैनाती कर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखी जाए। डीएम ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता, सुरक्षा एवं सुचारू संचालन की निर्वाचन आयोग की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा सभी व्यवस्थाएं निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप समयबद्ध रूप से सुनिश्चित की जाएं। इस दौरान एसडीएम तिलहर, एसपी ग्रामीण, सीओ तिलहर आदि मौजूद रहे।

# अवनीश सिंह के सिर बंधा आरएसएम सतांव ब्लॉक अध्यक्ष का ताज

- सतांव ब्लॉक के आरएसएम अध्यक्ष बने अवनीश सिंह
- महेंद्र प्रताप सिंह बने ब्लॉक संरक्षक और संगठन मंत्री बने दिनेश सिंह




कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की सतांव कार्यकारिणी का चुनाव शुक्रवार को सम्पन्न हुआ। प्राथमिक विद्यालय दरीबा में हुए ब्लॉक कार्यकारिणी का चुनाव पर्यवेक्षक जयकरन और निर्वाचन अधिकारी हरिमोहन यादव की निगरानी एवं मार्गदर्शन में निर्वाचन व पुनर्गठन सकुशल संपन्न हुआ। जिला कार्यकारिणी की देखरेख में हुए चुनाव में अवनीश सिंह एक बार फिर से ब्लॉक अध्यक्ष चुने गए। वहीं, ब्लॉक संरक्षक के पद पर महेंद्र प्रताप सिंह को मनोनीत किया गया। प्राथमिक विद्यालय दरीबा में सम्पन्न हुए निर्वाचन व पुनर्गठन में कार्यकारी अध्यक्ष योगेंद्र यादव, महामंत्री आशीष त्रिवेदी, कोषाध्यक्ष पंकज पटेल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश यादव, संगठन मंत्री दिनेश सिंह, सह-संगठन मंत्री प्रवीण वाजपेई, उपाध्यक्ष श्वेता सिंह, मृदुला रानी, बृजेश कुमार एवं सुधीर कुमार, मीडिया प्रभारी अनूप यादव, सह-मीडिया प्रभारी अजय कुमार, संयुक्त महामंत्री अशोक त्रिवेदी, संयुक्त मंत्री नमिता कुमारी, शुभांगिनी सिंह, प्रेमचंद यादव व धर्मेंद्र यादव को चुना गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह, महामंत्री संजय कनौजिया ने सभी निर्वाचित सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कार्यकारिणी शिक्षा एवं शिक्षक हित में बगैर किसी भय, पक्षपात, राग या द्वेष के संगठन के सदस्यों की निस्वार्थ भाव से सेवा के लिए कटिबद्ध है। जिला संगठन सदैव ही शिक्षकों के हित में कार्य करने के लिए कटिबद्ध है। इस मौके पर जिला संगठन मंत्री मधुकर सिंह, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष वीरेंद्र बहादुर, जिला मंत्री शशि देवी, यादवेंद्र प्रताप सिंह, अनुराग मिश्रा, अनूप सिंह, बृजेंद्र कुमार, आनंद प्रताप सिंह, अखिलेश चौरसिया, मनोज राठौर आदि लोग मौजूद रहे।

# फाउंडेशन की बैठक में गूंजा आक्रोश: दिव्यांगों और महिलाओं की समस्याओं पर चर्चा

- दिव्यांगजन और निराश्रित महिलाओं ने अपनी समस्याओं को खुलकर रखा और समाधान न मिलने पर नाराजगी जाहिर की

कैनविज टाइम्स संवाददाता

खैराबाद ,सीतापुर। तहसील सदर क्षेत्र के विशुन नगर चौराहा स्थित आत्मनिर्भर दिव्यांग एकता फाउंडेशन की मासिक बैठक में इस बार सिर्फ चर्चा नहीं, बल्कि व्यवस्था के खिलाफ तीखा आक्रोश भी देखने को मिला।

विभिन्न ब्लॉकों से पहुंचे दिव्यांगजन और निराश्रित महिलाओं ने अपनी समस्याओं को खुलकर रखा और समाधान न मिलने पर नाराजगी जाहिर की।स्वास्थ्य सुविधाओं पर सवालबैठक की अध्यक्षता प्रबंधक/सचिव बिन्दू मौर्या ने करते हुए जिला पुरुष एवं महिला अस्पताल में दिव्यांगों के लिए बने पर्चा व दवा काउंटर बंद होने पर कड़ा विरोध जताया। उन्होंने कहा कि इस लापरवाही के कारण दिव्यांगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। इस मुद्दे को लेकर फाउंडेशन ने मंगलवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपने का ऐलान किया है। *योजनाओं का लाभ न मिलने पर भड़का गुस्सा* राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष विजयपाल ने महिला एवं बाल विकास विभाग की स्पॉन्सरशिप योजना पर सवाल उठाते हुए कहा कि आवेदन करने के बावजूद अब तक लाभ नहीं मिला है। इससे गरीब परिवारों में बच्चों की पढ़ाई को लेकर गहरी चिंता और नाराजगी बढ़ती जा रही है। *सशक्तिकरण और अधिकारों पर जोर* बैठक में दिव्यांगों और महिलाओं के अधिकार, सुरक्षा और सशक्तिकरण को लेकर आवाज बुलंद की गई। साथ ही संगठन के विस्तार और जल्द नए पदाधिकारियों की नियुक्ति पर भी सहमति बनी।बैठक में मो. नदीम, जसीम, राजू अंसारी, गुड़िया, जमीला, जाहिद, रिंकी देवी, चांदनी देवी, गुड्डू, कौशल किशोर, शिवकुमार, जयदेवी, अली हसन, रामचंद्र, शैलेंद्र सिंह, मोमिना सहित सैकड़ों की संख्या में दिव्यांगजन व महिलाएं उपस्थित रहीं।

### सम्पूर्ण समाधान दिवस: 368 में से 47 शिकायतों का मौके पर निस्तारण

**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के उद्देश्य से जनपद की सभी सात तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। तहसील महमूदाबाद में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 82 शिकायतों में से 08 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इसी प्रकार से जनपद की अन्य तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील सदर में प्राप्त 44 प्रार्थना पत्रों में से 06, तहसील बिसवां में प्राप्त 26 प्रार्थना पत्रों में से 06, तहसील सिधौली में प्राप्त 56 प्रार्थना पत्रों में से 11, तहसील लहरपुर में प्राप्त 92 प्रार्थना पत्रों में से 11, तहसील महोली में प्राप्त 37 प्रार्थना पत्रों में से 02, तहसील मिश्रिख में प्राप्त 31 प्रार्थना-पत्रों में से 03 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष बची हुयी शिकायतों को पृष्ठांकित कर एक सप्ताह के अन्दर संबंधित अधिकारी को निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।

### विकसित भारत युवा संसद में सीतापुर के युवाओं को मिला बड़ा मंच



**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** विकसित भारत 2047 की ओर भारतीय युवाओं के मार्ग को सशक्त बनाना विषय पर जनपद के जिला स्तरीय विकसित भारत युवा संसद के शीर्ष पांच विजेताओं को विधान सभा में भाषण देने का वर्ष प्राप्त होगा। विधानसभा के सदन में 01 से 03 मई को होने वाले विकसित भारत युवा संसद में प्रदेश के सभी जिलों से जिला स्तरीय युवा संसद के शीर्ष पांच विजेताओं को भाषण देने का अवसर प्राप्त होगा।सीतापुर से प्रथम स्थान पर अमन कुमार त्रिपाठी, द्वितीय स्थान पर सक्षम श्रीवास्तव, तृतीय स्थान पर फ़ारोज़ा अक़्मर, चतुर्थ स्थान पर इला मिश्रा तथा पांचवें स्थान पर भूमिका सिंह रहीं।वहीं विधान भवन में होने वाले कार्यक्रम में सीतापुर के सिधौली की मृणाली दीक्षित द्वारा संचालन किया जाएगा। मेरा युवा भारत की जिला युवा अधिकारी प्रतिमा वर्मा ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं।

### जिलाधिकारी ने राजकीय पॉलिटेक्निक गोपालपुर का किया निरीक्षण



**रायबरेली,कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने राजकीय पॉलिटेक्निक गोपालपुर सलोन का निरीक्षण किया। सर्वप्रथम जिलाधिकारी ने चल रही कक्षाओं का अवलोकन किया। तदोपरांत पठन-पाठन ,पुस्तकालय, छात्रावास, खानपान, प्रयोगशाला व सुरक्षा आदि संबंधी मूलभूत सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने अध्ययनरत विद्यार्थियों से शिक्षा के विभिन्न पहलुओं पर संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया। इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने संस्थान परिसर का भ्रमण कर गहनता से निरीक्षण किया। उन्होंने प्राचार्य कार्यालय में समस्त स्टाफ से छात्राओं को संस्थान द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी लेते हुए स्टाफ की उपस्थिति रजिस्टर का भी अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने कहा कि खेल-कूद मैदान सहित पूरे परिसर में साफ सफाई नियमित रूप से कराई जाए। निरीक्षण के समय उपजिलाधिकारी सलोन चन्द्र प्रकाश गौतम, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी सुधीर गिरि, प्रधानाचार्य शैलेन्द्र कुमार, तहसीलदार सलोन दीपिका सिंह उपस्थित रहीं।

### डीएम-एसपी ने तहसील सलोन में सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की सुनी समस्याएं

**रायबरेली,कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में तहसील सलोन में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है जिसके क्रम में तहसील व थानों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। इसमें स्थानीय नागरिक उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते है। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी जनता की इन शिकायतों का निस्तारण त्वरित एवं समयबद्ध तरीके से एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में यदि कोई समस्या है तो उसका कारण स्पष्ट करते हुए अवगत कराना सुनिश्चित किया जाये।जिलाधिकारी ने बताया कि तहसील सलोन में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग 16, पुलिस विभाग 07, विकास विभाग 05, चकबंदी विभाग 04, नगर पंचायत विभाग 10, समाज कल्याण विभाग 05, जिला पूर्ति विभाग 06, विद्युत 01 व लोक निर्माण विभाग 01 कुल 55 प्रकरण प्राप्त हुए, जिसमें से 15 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष प्रकरणों के निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को इस निर्देश के साथ उपलब्ध करा दिये गये कि उनका निस्तारण एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित कराए।पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने भी पुलिस से संबंधित मामलों को सुना और संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# मरसँडा में सप्ताह भर बरसेगा भागवत कथा का रस



- श्रीहनुमानजी मूर्ति स्थापना, प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। मानपुर क्षेत्र के मरसँडा गांव में सात दिवसीय भागवत पुराण ,श्रीहनुमान जी की मूर्ति स्थापना प्राण प्रतिष्ठा का होगा आयोजन।कार्यक्रम दिनाँक 6 मई से 12 मई 2026 तक होगा ।कार्यक्रम संरक्षक श्री हनुमान जी महाराज स्वयं है।कार्यक्रम के दौरान 6 से 8 मई को हनुमानजी मूर्ति स्थापना प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम आयोजित कर भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। 9मई से 12मई तक वृंदावन से आये हुए कलाकारों द्वारा सुन्दर झांकियों का आयोजन होगा।तथा 12 मई 2026 को भागवत पुराण की पूर्णाहुति व भव्य विशाल भण्डारे का आयोजन किया जाएगा। कथावक्ता-पंडित रजनीश दीक्षित व श्रीमती पण्डित लक्ष्मी दीक्षित जी रहेगी । सभी सहयोगी गण व दानदातागण।

# अवैध खनन पर 'दिखावे' की चोट, पुलिस ने 6 बैलगाड़ियां पकड़ीं, बड़े माफियाओं को 'अभयदान' !

- मजदूरों पर गिरी गाज, लेकिन मशीनों से नदियाँ छलनी करने वाले रसूखदारों पर पुलिस मेहरबान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिंगाही-खीरी। लखीमपुर खीरी जिले के सिंगाही थाना क्षेत्र में अवैध बालू खनन का खेल लंबे समय से जारी है। शुक्रवार देर शाम पुलिस ने पोखरी गांव के पास जौरहा नदी पर छापेमारी कर बालू से लदी 6 बैलगाड़ियों को पकड़ा। पुलिस ने इन बैलगाड़ियों को थाने में खड़ा कर खनन विभाग को रिपोर्ट तो भेज दी है, लेकिन इस कार्रवाई ने विभाग की नीयत पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### छोटे पर वार, बड़े से तकरार नहीं

जौरहा नदी के तट पर हुई इस कार्रवाई के बाद ग्रामीणों में भारी रोष है। ग्रामीणों का स्पष्ट आरोप है कि पुलिस और प्रशासन की यह कार्रवाई केवल 'कोरम' पूरा करने के लिए है। जहाँ एक तरफ जेसीबी और रेपर मशीनों



के जरिए सरजू नदी के मांझा घाट, मोतीपुर भौका और जमुनी घाट जैसे दर्जनों स्थानों पर रात भर पीली मिट्टी और बालू का सीना चीरा जा रहा है, वहीं पुलिस केवल उन गरीबों को निशाना बना रही है जो बैलगाड़ी के जरिए पेट पाल रहे हैं। सूत्रों की मानें तो यह कार्रवाई अवैध खनन रोकने के लिए नहीं, बल्कि आपसी खींचतान का नतीजा है। मौके पर मौजूद लोगों के बीच यह चर्चा आम रही कि स्थानीय स्तर पर तय 'महीना' व्यवस्था में देरी होने के कारण पुलिस ने यह कड़ा रुख अपनाया। यहाँ तक कि छापेमारी के दौरान 7 बैलगाड़ियां थीं, जिनमें से एक को खराब होने के बहाने मौके पर ही छोड़ दिया गया, जो पुलिस की पारदर्शिता पर सवालिया निशान लगाता है।

### मजदूर से 'माफिया' बनने का सफर

हैरानी की बात यह है कि इस अवैध कारोबार ने क्षेत्र में नए समीकरण पैदा कर दिए हैं। कल तक दिहाड़ी मजदूरी करने वाले कई लोग आज बड़ी जेसीबी मशीनों के मालिक बन चुके हैं। तकिया पुरवा जैसे क्षेत्रों में खनन से होने वाली काली कमाई के जरिए माफिया अब ईंट-भट्ठों के मालिक बनकर सफ़ेदपोश हो चुके हैं। उपनिरीक्षक के.सी. तिवारी के अनुसार रिपोर्ट खनन विभाग को प्रेषित कर दी गई है।

### सड़कों पर दौड़ते यमदूत

रात के अंधेरे में सड़कों पर फर्राटा भरने वाले अवैध बालू लदे ट्रैक्टर-ट्रॉली किसी यमदूत से कम नहीं हैं। राजस्व, पुलिस और खनन विभाग की कथित 'मौन सहमति' के चलते यह सिंडिकेट इतना मजबूत हो चुका है कि छोटी-मोटी कार्रवाइयों का इन पर कोई असर नहीं पड़ता। ग्रामीणों ने अब जिला प्रशासन से मांग की है कि छोटे मजदूरों के बजाय उन बड़ी मछलियों पर जाल डाला जाए जो पर्यावरण और राजस्व को करोड़ों का चूना लगा रहे हैं।

# विचार, व्यवहार और संगठन कौशल के विकास का माध्यम है प्रशिक्षण वर्ग: राजीव कुमार गुप्ता

❒ प्रशिक्षण वर्ग भाजपा की मूल ताकत को और मजबूत करने का माध्यम है: एमएलसी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बदायूँ। भाजपा कार्यालय पर जिला कार्यसमिति व प्रस्तावित जिला प्रशिक्षण वर्ग के निमित्त आयोजित बैठक को एमएलसी कुंवर महाराज सिंह, जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने संबोधित किया। एमएलसी कुंवर महाराज सिंह ने कहा प्रशिक्षण वर्ग भाजपा की मूल ताकत को और मजबूत करने का माध्यम है।

यह केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि कार्यकर्ता निर्माण की गंभीर प्रक्रिया है। प्रशिक्षण के माध्यम से अनुशासित कार्यकर्ताओं एवं राष्ट्र तथा समाज के लिए समर्पित आदर्श नागरिकों का निर्माण होता है, इसलिए प्रशिक्षण वर्ग को कर्मयोगी कार्यकर्ताओं की जीवंत साधना के रूप में देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा आज के दौर में कार्यकर्ता को वैचारिक रूप से स्पष्ट होने के साथ-साथ तकनीकी रूप से भी सक्षम होना जरूरी है। सोशल मीडिया, आईटी और डिजिटल माध्यमों का प्रभावी उपयोग करते हुए संगठन की बात को जन-जन तक पहुंचाना आवश्यक है। साथ ही व्यवहारिक कौशल, अनुशासन और सक्रियता को भी उतना ही महत्व देना होगा। उन्होंने आगे कहा महीने के प्रथम सप्ताह में जिला कार्यसमिति की बैठक, द्वितीय सप्ताह में मंडल कार्य समिति की बैठक, तृतीय सप्ताह में शक्ति केंद्र की बैठक और चतुर्थ सप्ताह में बूथ स्तर की बैठक आयोजित की जाएंगी। जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा यह जिला प्रशिक्षण लगभग 30 घंटे का आवासीय प्रशिक्षण होगा, जिसमें सभी प्रतिभागियों का रात्रि प्रवास अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर संवाद, समन्वय और अनुशासन विकसित हो सके। उन्होंने कहा जिला प्रशिक्षण वर्ग में अपेक्षित जनप्रतिनिधिगण, पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित होगी। उन्होंने आगे कहा प्रशिक्षण केवल कार्यक्रमों की श्रृंखला नहीं है, बल्कि यह एक सतत साधना है, जिसके माध्यम से कार्यकर्ता के विचार, व्यवहार और कार्यशैली का विकास होता है। वैचारिक रूप से सुदृढ़, व्यवहार में विनम्र और कार्य में परिश्रमी नेतृत्व तैयार करना ही इसका उद्देश्य होना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि संगठन की कार्यप्रणाली का आधार 'अंत्योदय' और 'एकात्म मानववाद' का विचार है, जो समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने की प्रेरणा देता है। जब प्रत्येक कार्यकर्ता विचार से दृढ़ और व्यवहार से संयमित होगा, तभी संगठन की शक्ति का प्रभावी विस्तार संभव होगा। मंच का संचालन जिला महामंत्री एमपी सिंह राजपूत ने किया।इस अवसर पर चेयरमैन उसावां प्रियंका चौहान, चेयरमैन गुलड़िया तारा देवी, चेयरमैन मुड़िया अनुपम पाठक, चैयरमैन जगदीश लोनिया, चैयरमैन रुदायन सीमा चौधरी, ब्लॉक प्रमुख समरैर श्रद्धा सक्सेना, ब्लॉक प्रमुख उझानी शिशुपाल सिंह, ब्लॉक प्रमुख कादरचौक वीरेंद्र राजपूत, ब्लॉक प्रमुख आसफपुर ओम कृष्ण सागर, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अनेकपाल सिंह, सुभाष चंद्र गुप्ता, अमित पाठक, के.सी शाक्य, दिनेश कुमार सिंह आदि पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# चन्दौसी में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आगामी 9 मई को

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सम्भल, चन्दौसी । उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन में प्रस्तावित आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत आगामी 9 मई को सफलता पूर्वक आयोजन एवं व्यापक प्रचार-प्रसार के संबंध में जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार आज शनिवार को समय जनपद न्यायाधीश /अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विदुषी सिंह के विश्राम कक्ष में नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत / अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश संभल स्थित चंदौसी एवं शासन के अन्य अधिकारीगण के साथ एक बैठक आयोजित की गयी।

बैठक में अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, संभल स्थित चंदौसी द्वारा आगामी लोक अदालत में विवादों को जल्दी, किफायती और सौहार्दपूर्ण तरीके से हल करने तथा अधिक से अधिक वादों के निस्तारण के संबंध में दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में आये सभी विभागों के पदाधिकारियों के निर्देशित किया गया कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु अधिकाधिक उपयुक्त वाद चिन्हित कर समय से प्रस्तुत किए जाएँ तथा आमजन को लोक अदालत के लाभों के प्रति जागरुक किया जाए। उपरोक्त बैठक के अवसर पर नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत / अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश संभल स्थित चंदौसी अवधेश कुमार सिंह, प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संभल स्थित चन्दौसी दीपक कुमार जायसवाल, ए.एस.पी. सम्भल कुलदीप सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट सम्भल सुधीर कुमार, एस.डी.एम. चंदौसी नीतू रानी, एस.डी.एम. सम्भल निधि पटेल, तहसीलदार चंदौसी रविन्द्र विक्रम, तहसीलदार गुन्नौर रवि सोनकर, एल.डी.एम. सम्भल ललित विज राय, जनपद संभल की विभिन्न नगर पालिका एवं नगर पंचायत से अधिशासी अधिकारी श्री धर्मराज राम, अमरेश तिवारी, पंकज पवार, फिरोज हैद, खाद्य विभाग से आशीष कुमार आदि उपस्थित रहें।

# प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत माताओं को मिल रहा पोषण एवं आर्थिक सहयोग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। जनपद बदायूं में केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को पोषण एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है।

इस योजना का उद्देश्य महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान उचित देखभाल, संतुलित आहार एवं संस्थागत प्रसव के लिए प्रोत्साहित करना है, जिससे मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाई जा सके। योजना के अंतर्गत अप्रैल 2017 से दिसंबर 2025 तक जनपद में कुल 13799 लाभार्थियों को योजना से आच्छादित किया गया है। इन लाभार्थियों को कुल 372.16 लाख रुपए की धनराशि सीधे उनके बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की गई है। यह आर्थिक सहायता गर्भवती महिलाओं को तीन चरणों में प्रदान की जाती है, जिससे उन्हें गर्भावस्था के दौरान आवश्यक पोषण एवं स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त करने में सहायता मिल सके।इस योजना के अंतर्गत पंजीकरण कराने वाली महिलाओं को पहली किस्त गर्भावस्था के प्रारंभिक चरण में पंजीकरण के बाद, दूसरी किस्त प्रसव पूर्व जांच एवं टीकाकरण के उपरांत तथा तीसरी किस्त बच्चे के जन्म के बाद आवश्यक टीकाकरण पूर्ण होने पर प्रदान की जाती है। इससे न केवल महिलाओं को आर्थिक संबल मिलता है, बल्कि वे नियमित स्वास्थ्य जांच एवं सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं से भी जुड़ती हैं। जिला प्रशासन द्वारा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में शिविरों का आयोजन कर पात्र महिलाओं को योजना का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। जिससे अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों का पंजीकरण सुनिश्चित किया जा सके। योजना महिलाओं के स्वास्थ्य एवं सम्मान से जुड़ी हैं। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है, जिससे न केवल माताओं का स्वास्थ्य बेहतर हो रहा है, बल्कि स्वस्थ शिशु के जन्म को भी बढ़ावा मिल रहा है।

# व्यापारी से लूटे दो लाख रुपये,शौक पूरा के लिए की वारदात, गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बदायूं। शौक पूरा करने के लिए दो छात्र अपराध के रास्ते पर चल पड़े। दोनों ने एक व्यापारी से रुपयों से भरा बैग लूट लिया। पुलिस ने जांच के बाद दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। इनमें एक आरोपी नाबालिग है। वह हाईस्कूल का छात्र है। दूसरा आईटीआई का छात्र है।

आपको बता दें कि पूरा मामला थाना कोतवाली क्षेत्र में व्यापारी से दो लाख रुपये लूटने की घटना का पुलिस ने शनिवार को खुलासा कर दिया। पुलिस ने दो छात्रों को पकड़ा है। इनमें एक आईटीआई का छात्र मुख्य आरोपी है, जबकि उसका साथी नाबालिग हाईस्कूल छात्र है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 1,60,880 रुपये, घटना में प्रयुक्त स्कूटी और दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं। एसपी सिटी अभिषेक सिंह ने बताया कि घटना 28 अप्रैल की रात करीब 10:15 बजे की है, जब मोहल्ला पटियाली सराय निवासी अंशुमन वैश्य अपनी दवा की दुकान बंद कर बाइक से घर लौट रहे थे। हुसैनी गली स्थित भारद्वाज टेंट हाउस के पास पीछे से आए स्कूटी सवार दो बदमाशों ने उनका बैग छीन लिया और मौके से भाग गए थे। बैग में करीब दो लाख रुपये, मोबाइल फोन और दुकान की चाबियां रखी थीं। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। वहीं एसएसपी के निर्देश पर गठित टीम ने सीसीटीवी फुटेज, सर्विलांस और मुखबिर की सूचना के आधार पर एक मई की रात गांधी ग्राउंड के पास से मुख्य आरोपी भरत कश्यप को उसके नाबालिग साथी के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि मुख्य आरोपी भरत कश्यप पहले पीड़ित की दुकान पर काम करता था और आईटीआई का छात्र है। उसे व्यापारी की दिनचर्या की पूरी जानकारी थी। रुपयों की जरूरत होने पर उसने अपने नाबालिग हाईस्कूल छात्र साथी के साथ मिलकर लूट की योजना बनाई और वारदात को अंजाम दिया। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उन्हें खर्च चलाने के लिए रुपयों की जरूरत थी। इसी कारण उन्होंने यह कदम उठाया। घटना के बाद दोनों ने मोबाइल और चाबी को रोजा (मकबरा) के पास फेंक दिया था। वहीं पुलिस ने आरोपियों के पास से 1,60,880 रुपये, स्कूटी नंबर और दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में अतिरिक्त धाराएं बढ़ाई गई हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना कोतवाली पुलिस, एसओजी और सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्रवाई से इस घटना का खुलासा संभव हो सका।

## डीएम, एसपी ने सुनी समस्याएं, निस्तारण के दिये निर्देश

**चन्दौसी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** चन्दौसी तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जनसमस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में तहसील चन्दौसी परिसर में ्लसंपूर्ण समाधान दिवसङ्क का आयोजन किया गया। आयोजन के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों की समस्याओं/शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया। प्राप्त जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच कर गुणवत्तापूर्ण, समयबद्ध एवं विधिसम्मत निस्तारण सुनिश्चित किए जाने हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदान किए गए। इस दौरान एग चन्दौसी दीपक कुमार आदि पुलिस व प्रशासन के अधिकारीगण मौजूद रहे।

## बैंक कर्मियों ने बैज लगाकर मनाया मांग दिवस



**मीरजापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर शनिवार को उत्तर प्रदेश के मीरजापुर जनपद में सरकारी बैंकों के अधिकारियों व कर्मचारियों ने अपनी मांगों के समर्थन में बैज लगाकर 'मांग दिवस' मनाया। इस दौरान बैंकिंग कार्य जारी रखते हुए कर्मचारियों ने एकजुटता का प्रदर्शन किया।जिला संयोजक सुरेश पांडेय ने बताया कि निजी क्षेत्र के बैंकों को छोड़कर ग्रामीण से शहरी क्षेत्रों तक सभी सरकारी बैंक शाखाओं में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार बैंक कर्मियों की जायज मांगों की अनदेखी कर रही है और कार्यरत कर्मचारियों व उच्च प्रबंधन के बीच भेदभाव पैदा करने की कोशिश कर रही है।कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि वे सरकार की इस नीति को सफल नहीं होने देंगे और अपनी मांगों को लेकर संघर्ष जारी रखेंगे। उनकी प्रमुख मांगों में पांच दिवसीय बैंकिंग व्यवस्था लागू करना, द्विपक्षीय वार्ता के माध्यम से पीएलआई योजना का समाधान करना तथा एकतरफा निर्णय न लागू करना शामिल है।इस दौरान इंडियन बैंक डंकीनगंज शाखा के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## शेखूपुर विधानसभा में आबिद रज़ा ने किया का प्रचार



**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर सपा के स्टार प्रचारक व राष्ट्रीय सचिव पूर्व मंत्री आबिद रज़ा सभी क्षेत्रों में पीडीए का प्रचार कर रहे हैं। इसी क्रम में आबिद रज़ा ने शेखूपुर विधानसभा के ग्राम नौली फतुहाबाद, हरेंडी, सरेली पुख्ता, असमाया रफ़तपुर, भुँडी, मस्जिद नगला, मुबारकपुर, ललोमई गांव में जनसभा करके पीडीए का प्रचार किया। पूर्व मंत्री आबिद रज़ा ने कहा वर्तमान सरकार में किसान, मजदूर, गरीब तथा अन्य लोग महंगाई से परेशान है। मौजूद सरकार काम का दिखावा ज़्यादा कर रही है, धरातल पर कोई काम नहीं हो रहा है। रोजमर्रा की जरूरत की चीज़ों पर लगातार महंगाई बढ़ रही है, सिलेंडर हर घर की जरूरत उस पर लगभग 1000 रु0 बढ़ना आम इंसान के लिए चिंता का विषय है। ग्रामवासियों ने आबिद रज़ा से कहा शेखूपुर विधानसभा में सन 2022 के बाद से विकास का कोई काम नहीं हुआ। विकास के नाम पर मौजूदा विधायक ने विकास के नाम पर केवल यात्रीशेड बनवाए है, हाईमास्ट लगाई है। शेखुपुर विधानसभा के पूरे क्षेत्र की सड़के टूटी पड़ी, शिक्षा व चिकित्सा के क्षेत्र में कोई काम नहीं किया। पूर्व मंत्री आबिद रज़ा ने आश्वासन दिया सन 2027 के बाद शेखूपुर विधानसभा में विकास के क्षेत्र में हर तरह का काम आपको दिखाई पड़ेगा। ग्रामवासियों ने क्षेत्रीय विधायक के खिलाफ अपने गुस्से का इजहार किया तथा सभी ग्रामवासियों ने एक राय होकर पूर्व मंत्री आबिद रज़ा से शेखूपुर विधानसभा से चुनाव लड़ने का आग्रह किया। पूर्व मंत्री आबिद रज़ा ने ग्रामवासियों से कहा कि आप सबको मिलकर पीडीए को मजबूत करना है तथा अखिलेश यादव जी को सन 2027 में उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाना है। जब प्रदेश की कमान अखिलेश जी के हाथों में आ जाएगी तभी प्रदेश में विकास होगा। किसान, गरीब, छात्र, मजदूर, महिलाएं सभी लोग प्रदेश की सरकार से बहुत परेशान है और सपा की सरकार को याद कर रहे हैं। सपा की सरकार में ही प्रदेशवासियों का हित है। आबिद रज़ा ने अपने संबोधन में यह भी कहा कि आप लोग गलत काम मत कीजिए, आपस में हिंदू, मुसलमान प्यार से रहिए, भाईचारा बनाए रखिए, किसी से मत डरिए, सिर्फ अल्लाह और भगवान से डरे, जब आप लोग ऊपर वाले से डरेंगे तो ऊपर वाला आपको किसी से नहीं डरने देगा। पीडीए के प्रचार में पूर्व मंत्री आबिद रज़ा के साथ सुनील यादव, राजवीर यादव, अरुण यादव, महेंद्र पाली, पुष्पेंद्र यादव, उमेश पाली, हर्षित यादव, देवेंद्र यादव, ओमवीर यादव, देवेंद्र मिश्रा, मुकेश यादव, फ़कुरदीन, शेर अली, गुमरान, खालिद, फरमान, यासीन, इरफान, नवी हसन, शमशाद अंसारी, अशफाक अली, छुट्टन, शकील, समेत सैकड़ों कार्यकर्त्ता मौजूद रहें।

## समय से ड्यूटी न पहुंचने पर, बोर्ड आया पर कार्रवाई

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिला महिला चिकित्सालय में एक वार्ड आया को आधा घंटा देरी से आने पर सेवा से हटाए जाने का मामला सामने आया है। जिससे अस्पताल में विवाद की स्थिति बन गई। वार्ड आया पूजा माथुर ने आरोप लगाया कि अस्पताल में पक्षपात का माहौल है। उनका कहना है कि कुछ खास लोगों पर मेहरबानी की जाती है, जबकि अन्य कर्मचारियों के साथ सख्ती बरती जाती है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जो भी उनके पक्ष में बोलता है, उसे नौकरी से निकालने की धमकी दी जाती है। पूजा माथुर के अनुसार, उन्होंने अपनी नौकरी बचाने के लिए अधिकारियों से काफी मिन्नतें कीं, लेकिन उनकी एक नहीं सुनी गई।वहीं, अस्पताल की सीएमएस डॉ. शोभा अग्रवाल ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि संबंधित कर्मचारी कार्य में लापरवाही करती थी। उन्होंने बताया कि उसे कई बार मौखिक और लिखित रूप से चेतावनी दी गई थी, लेकिन सुधार नहीं होने पर सेवा समाप्ति की कार्रवाई की गई। मामले को लेकर अस्पताल प्रशासन और कर्मचारियों के बीच तनाव का माहौल बना हुआ है।

## समय से पहुंचे स्टॉफ, मरीजों या उनके परिजनों से बदशलूकी पर होंगी कार्यवाही

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिला अस्पताल में मरीजों और उनके तीमारदारों के साथ सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित करने के लिए सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) अमित कुमार ने स्पष्ट कहा है कि अस्पताल में किसी भी प्रकार की लापरवाही या बदसलूकी अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ को समय से अस्पताल पहुंचने के निर्देश दिए हैं, ताकि मरीजों को समय पर उपचार मिल सके। सीएमएस ने कहा कि अस्पताल आने वाले हर मरीज और उनके परिजनों के साथ संवेदनशील और विनम्र व्यवहार किया जाए, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं में विश्वास बना रहे।सीएमएस अमित कुमार ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसी भी कर्मचारी द्वारा लापरवाही या अभद्र व्यवहार की शिकायत मिलती है, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# एएसओसी ने कहा गर्मियों में शीतल जल किसी संजीवनी से कम नहीं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। भारत स्काउट गाइड संस्था के तत्वावधान में गांधी नेत्र चिकित्सालय के मुख्य द्वार पर चल रहे निशुल्क शीतल जल सेवा शिविर के दूसरे दिन स्काउट गाइड ने भीषण गर्मी और तपती धूप में यात्रियों, राहगीरों, मरीजों एवं तीमारदारों को शीतल जल पिलाकर मानव सेवा का संदेश दिया। स्काउट संस्था के जिला मुख्यायुक्त एवं प्रादेशिक वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश चंद्र सक्सेना ने कहा कि भीषण गर्मी में प्यास से व्याकुल को जल पिलाना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। स्काउटिंग बच्चों और युवाओं में सेवा, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति का पाठ पढ़ा रही है।सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त बरेली मंडल बरेली प्रीति ने कहा कि सेवा कार्यों से समाज में सका रात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में शीतल जल अमृत समान है। जिला आयुक्त रोवर प्रो. मनवीर सिंह ने कहा कि स्काउटिंग निस्वार्थ सेवा का दूसरा नाम है। जीवन को सेवा और श्रेष्ठ संस्कारों से महकाएं। जिला संगठन कमिश्नर मोहम्मद असरार एवं पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा ने संयुक्त रूप से कहा कि मानव सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है और भारत स्काउट गाइड संस्था निरंतर जनहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रही है। उन्होंने युवाओं से आह्वान कि निस्वार्थ सेवा कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। इस मौके पर विनोद कुमार सक्सेना, परवेज अख्तर, इंदू, शिवांगी वर्मा, मोहिनी मौर्य, अनम, हुमैरा, अलशिफा, शगूफी, अलीशा, रुचित, सचिन, सागर, मो.हसन, शरफराज, अज्जाम अहमद खां इत्यादि लोग मौके पर मौजूद रहे।

# आमजन की शिकायतों का निस्तारण शासन की प्राथमिकता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूँ। जिलाधिकारी अवनीश राय ने तहसील बिल्सी में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को आमजन की शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापरक व समयबद्ध ढंग से करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि आमजन की शिकायतों का निस्तारण शासन की प्राथमिकता है। इस अवसर पर कुल 44 शिकायती व प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, इनमें से 02 का मौके पर निस्तारण कर दिया गया व शेष के गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व व भूमि विवाद से संबंधित मामलों के निस्तारण के लिए पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम मौके पर जाकर शिकायतकर्ता के सम्मुख शिकायतों का निस्तारण करें तथा निस्तारण के समय की फोटोग्राफी भी अवश्य कराए। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता का संतुष्ट होना आवश्यक है, इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर निरस्त राशन कार्ड को पुनः जीवित कराने, चक रोड पर से अवैध कब्जा हटाने, भूमि की पैमाइश करवाने, बंद पड़ी वृद्धावस्था पेंशन को पुन चालू करवाने सहित विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 44 शिकायती व प्रार्थना पत्र प्राप्त हए, जिनमें राजस्व विभाग की 21, पुलिस विभाग की 11, विकास विभाग की 07 व अन्य विभागों की 05 शिकायतें प्राप्त हुई। जिनमें से 02 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया तथा शेष के गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए गए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी बिल्सी सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# कानपुर देहात में एम्बुलेंस सेवा घोटाला उजागर

❒ फर्जी ट्रिप और बिलिंग कर किया घालमेल, मुकदमा दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता




कानपुर देहात । उत्तर प्रदेश के कानपुर देहात जनपद में एम्बुलेंस सेवा से जुड़ा एक बड़ा घोटाला सामने आया है। इस घोटाले ने स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन में हड़कंप मचा दिया है। जिलाधिकारी के आदेश पर गठित जांच कमेटी की रिपोर्ट में कई चौंकाने वाली अनियमितताएं उजागर हुई हैं। प्रदेश में एम्बुलेंस सेवा संचालित करने वाली ईएमआरआई कंपनी पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया है।

जिलाधिकारी की ओर से बनाई गई जांच कमेटी ने पाया गया कि रिकॉर्ड और जमीनी हकीकत में भारी अंतर है। कागजों में एम्बुलेंस लगातार दौड़ती रहीं, जबकि वास्तविकता कुछ और ही था। फर्जी ट्रिप (आना-जाना/यात्रा), फर्जी रेफरल और संदिग्ध कॉल रिस्पॉन्स के जरिए बड़े पैमाने पर खेल किया गया। ड्यूटी स्लिप, लॉगबुक और संचालन रिकॉर्ड में गंभीर गड़बड़ियां सामने आईं हैं। हैरान करने वाली बात यह है कि कई एंबुलेंसों में जरूरी उपकरण और मानक सुविधाएं तक मौजूद नहीं थीं, जबकि बिलिंग पूरी दिखाई गई। देवीपुर सीएचसी में केवल 8 मोबाइल नंबरों से एक महीने में सैकड़ों बार एंबुलेंस सेवा लेने का मामला सामने आया, जिसे कमेटी ने संदिग्ध माना है।जिलाधिकारी कपिल सिंह ने बताया कि उक्त मामले में सख्त रुख अपनाते हुए संबंधित संस्था, पर्यवेक्षक और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।इस मामले में शुरुआती जांच के आधार पर प्रोग्राम प्रबंधक प्रदीप पाठक और अभिषेक तिवारी समेत कई कर्मचारियों पर माती मुख्यालय की स्थानीय कोतवाली में एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और जल्द ही दोषियों पर शिकंजा कसने की तैयारी है।

# स्मार्ट मीटर और बिजली कटौती से जनता त्रस्त, समाधान न हुआ तो आंदोलन होगा : पवन गुप्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कानपुर। स्मार्ट और प्रीपेड मीटर व्यवस्था से जनता त्रस्त है, भीषण गर्मी में अघोषित बिजली कटौती ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। बार-बार फॉल्ट और शिकायतों का समय पर समाधान न होने से लोगों की परेशानी बढ़ती जा रही है। नए मीटरों में तेज रीडिंग और ओवरबिलिंग से आम उपभोक्ता आर्थिक दबाव झेल रहा है। केस्को अधिकारियों का रवैया पूरी तरह संवेदनहीन बना हुआ है। इन समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो जनहित में बड़ा आंदोलन किया जाएगा। यह बातें शनिवार को कंाग्रेस नगर अध्यक्ष पवन गुप्ता ने कही।

कानपुर महानगर कंाग्रेस के तत्वाधान में आज जिलाध्यक्ष पवन गुप्ता के नेतृत्व में केस्को मुख्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने अपने शरीर पर बिजली के तार बांधकर और हाथों में पोस्टर लेकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के माध्यम से स्मार्ट और प्रीपेड मीटर की विसंगतियों, भीषण गर्मी में अघोषित बिजली कटौती और शिकायत निस्तारण व्यवस्था की खामियों को प्रमुखता से उठाया गया। प्रदर्शन के बाद निदेशक केस्को को ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें शहरवासियों को हो रही समस्याओं के समाधान की मांग की गई। कंाग्रेस पदाधिकारियों ने कहा कि वर्तमान में कानपुर की बिजली व्यवस्था पूरी तरह अव्यवस्थित हो चुकी है, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। जिलाध्यक्ष पवन गुप्ता ने बताया कि स्मार्ट और प्रीपेड मीटर में तेज रीडिंग और ओवरबिलिंग की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। प्रीपेड प्रणाली में तकनीकी खराबी, बैलेंस खत्म होते ही अचानक बिजली कट जाना और रिचार्ज के बाद भी समय पर सप्लाई बहाल न होना आम समस्या बन चुकी है। उपभोक्ताओं का कहना है कि पुराने मीटर के मुकाबले नए मीटर में अधिक बिल आ रहा है, जिससे आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। ज्ञापन में प्रमुख रूप से स्मार्ट मीटरों की जांच कराकर ओवरबिलिंग रोकने, प्रीपेड मीटर की तकनीकी खामियां दूर करने, बिना सूचना बिजली कटौती पर रोक लगाने, बिजली आपूर्ति को नियमित और निर्बाध बनाने, शिकायतों के त्वरित समाधान की प्रभावी व्यवस्था लागू करने और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की गई।

# संपूर्ण समाधान : अधिकारियों की भारी भरकम फौज, 128 शिकायतें महज पांच निस्तारित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । संपूर्ण समाधान दिवस में दूरदराज से आने वाले अधिकांश फरियादी निराश होकर लौट रहे हैं।यहां अपनी पीड़ा लेकर आने वाले लोगों को आश्वासन की घुट्टी पिलाकर वापस कर दिया जा रहा है।इसके बाद न समाप्त होने वाला दौड़ का सिलसिला शुरू हो जाता है।लोगों का कहना है कि डीएम की अध्यक्षता में जहां समाधान दिवस का आयोजन होता है,वहां अधिकारियों की भारी भरकम फौज पहुंचती है।उनके वाहनों के तेल आ दि पर हजारों रुपये खर्च होता है,लेकिन शिकायतों के निस्तारण की रफ्तार काफी धीमी रहती है,अधि कारी आश्वासन देकर टाल देते हैं।इसके बाद फर्जी निस्तारण का खेल शुरू होता है।यही कारण है कि पिछले समाधान दिवस का कितना निस्तारण हुआ इसकी संख्या जारी नहीं की जाती है। गोंडा सदर तहसील सभागार में डीएम प्रियंका जैन की अध्य क्षता में जिलास्तरीय समाधान दिवस का आयोज न हुआ।जिसमे कुल 128 शिकायतें प्राप्त हुई जि समें पांच का मौके पर निस्तारण किया जा सका। डीएम ने दूरदराज से आए फरियादियों की समस्या ओं को सुना।अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का समयबद्ध,पारदर्शी एवं गुणव त्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।पुलिस अ धीक्षक विनीत जायसवाल ने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि थानों से संबंधित मामलों को तत्परता से निस्तारण कराएं संपूर्ण समाधान दिवस के अंत में जिलाधिकारी ने वहां पर उपस्थि त सभी संबंधित विभाग के जनपद स्तरीय अधि कारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि संपूर्ण समा धान दिवस में प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध व गु णवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण करना सुनिश्चित क रें।संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान राशन कार्ड से संबंधित प्राप्त शिकायतों का संज्ञान लेते हुए जि लाधिकारी ने मौके पर ही राशन कार्ड बनवा कर लाभार्थियों को वितरण किया।प्रभागीय वनाधिका री अनुराग प्रियदर्शी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संतलाल,उपजिलाधिकारी सदर जितेंद्र गौतम,तहसीलदार मनीष कुमार,नायब तहसील दार अनुराग पाण्डेय, जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार श्रीवास्तव,जिला पंचायत राज अ धिकारी लालजी दुबे, जिला प्रोवेशन अधिकारी संतोष कुमार सोनी,जिला पूर्ति अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी उपस्थित रहे।

# विदेशी मदिरा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा,बहराइच। भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में अवैध गतिविधियों एवं तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण हेतु 59वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल नानपारा एवं थाना मोतीपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए विदेशी मदिरा के साथ दो भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई कमांडेंट कैलाश चन्द रमोला के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 मई को सटीक खुफिया सूचना के आधार पर एसएसबी एवं यूपी पुलिस की संयुक्त गश्ती टीम का गठन किया गया। संयुक्त टीम सीमा स्तंभ संख्या 659/1 के समीप गश्त कर रही थी, तभी भारतीय सीमा क्षेत्र में लगभग 80 मीटर अंदर नेपाल की ओर से आते हुए दो संदिग्ध व्यक्तियों को देखा गया। गश्ती दल द्वारा रुकने का संकेत दिए जाने पर दोनों व्यक्तियों ने भागने का प्रयास किया, लेकिन सतर्क जवानों ने पीछा कर उन्हें पकड़ लिया। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से करनाली गोल्ड मदिरा 30 एमएल की 90 बोतल, बारिक्स मदिरा 30 एमएल की 60 बोतल, लगभग 50 लीटर स्थानीय मदिरा तथा दो साइकिल बरामद की गईं।

पूछताछ में गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान मुरली पुत्र इतवारी, निवासी ग्राम बालापुर, थाना रुपईडीहा, जनपद बहराइच एवं राम बहादुर पुत्र परशुराम, निवासी ग्राम अर्गँवा, थाना रुपईडीहा, जनपद बहराइच के रूप में हुई। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे नेपाल से अवैध रूप से मदिरा लाकर भारत में बेचने की तैयारी में थे। बरामद मदिरा को कब्जे में लेते हुए दोनों आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई कर उन्हें थाना मोतीपुर पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। सशस्त्र सीमा बल ने कहा कि भारत-नेपाल सीमा पर तस्करी एवं अन्य अवैध गतिविधियों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा तथा सीमा सुरक्षा में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाएगी।

# तहसील नानपारा में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस, अधिकारियों ने सुनीं जनसमस्याएं




कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। आमजन की शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से शनिवार को तहसील नानपारा सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों को गंभीरता से सुना गया तथा मौके पर ही कई प्रकरणों का निस्तारण कराया गया। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 40 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 11 मामलों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष शिकायतों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का पारदर्शी, निष्पक्ष एवं प्रभावी ढंग से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा शिकायतकर्ता को कार्रवाई की जानकारी भी अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाए।समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी की संवेदनशील पहल भी देखने को मिली। उन्होंने दूर-दराज से आए फरियादियों की सुविधा के लिए बैठने हेतु समुचित कुर्सियों की व्यवस्था कराई। साथ ही भीषण गर्मी को देखते हुए उपस्थित लोगों के लिए ठंडे पेयजल की व्यवस्था भी सुनिश्चित कराई गई, जिससे फरियादियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक बहराइच, मुख्य विकास अधिकारी बहराइच, मुख्य चिकित्साधिकारी, उपजिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 250 सीसीटीवी कैमरे,चार पुलिस की टीमें,सर्राफा व्यापारी लूट कंाड का खुलासा पांच दिन बाद भी नहीं

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा । जिले के करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र में बीते मंगलवार को सर्राफा व्यापारी राजन सोनी से दिन दहाड़े लूट हुई थी।घटना के पांच दिन बीत जाने के बाद भी करनैलगंज कोतवाली पुलिस और चार पु लिस टीमें इस मामले का खुलासा नहीं कर पाई हैं

लूटकांड का खुलासा न होने से पीड़ित व्यापारी रा जन सोनी और उनके परिजनों में दहशत का माहौ ल है,करनैलगंज कोतवाली पुलिस और अन्य टीमों ने अब तक लगभग 250 सौ से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गईं है।सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कई संदिग्धों की पहचान कर जांच की जा रही है,लेकिन अभी तक गोंडा पुलिस को कोई ठोस सफलता नहीं मिली है।इस मामले में स र्विलांस टीम की भी मदद ली जा रही है,जो घटना स्थल पर सक्रिय मोबाइल नंबरों की जांच कर रही है पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने इस लूट कांड के खुलासे के लिए चार पुलिस टीमें गठित की हैं।ये टीमें गोंडा के साथ-साथ पड़ोसी जिलों के अपराधियों पर भी नजर रख रही हैं,पुलिस जांच कर रही है कि कहीं इन्हीं अपराधियों ने गोंडा में भी किसी घटना को अंजाम तो नहीं दिया है सभी इस तरीके की घटनाओं को अंजाम देने वाले अप राधियों की जांच की जा रही है।वहीं करनैलगंज कोतवाल नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि पुलिस टीमें लगातार काम कर रही हैं और जल्द ही इस लूटकांड का खुलासा किया जाएगा।उन्होंने कहा कि 250 सौ से अधिक सीसीटीवी कैमरे देखे गए हैं और पुलिस को कुछ अहम सुराग मिले हैं, जिन के आधार पर जांच आगे बढ़ाई जा रही है।

# अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर कारागार में आयोजित हुआ विधिक जागरुकता एवं साक्षरता शिविर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच के अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश राजेश कुमार सिंह के निर्देश पर अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक (मजदूर) दिवस के अवसर पर शुक्रवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच के सचिव विनोद कुमार यादव द्वारा जिला कारागार, बहराइच में विधिक जागरूकता/साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया तथा कारागार का निरीक्षण भी किया गया। शिविर एवं निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक राजीव सिंह, जेलर अजय कुमार झा, डिप्टी जेलर श्रीमती माधुरी तिवारी, असिस्टेन्ट लीगल एंड डिफेंस काउंसिल ऋषभ पाठक उपस्थित रहे।

सचिव श्री यादव द्वारा सर्वप्रथम शिविर में उपस्थित बंदियों को श्रमिक दिवस की बधाई देते हुए उन्हें बताया गया कि राष्ट्र निर्माण में श्रमिकों के अपार योगदान को मान्यता देते हुए उनके सम्मान में प्रत्येक वर्ष 01 मई को विश्व भर में अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम मानसिक स्वास्थ्य, सुरक्षित कार्यस्थल और कार्यजीवन के बीच सही तालमेल पर केंद्रित है। यह दिवस श्रमिकों के लिए 8 घण्टे कार्य दिवस, उचित मजदूरी और सुरक्षित वातावरण जैसे अधिकारों की मांग पूर्ति हेतु मनाया जाता है। भारत सरकार और राज्य सरकार द्वारा श्रमिकों के लिए ई-श्रम पोर्टल व्यवस्था की गई है, जिसके माध्यम से श्रमिक अपना पंजीकरण करवाकर बीमा और श्रम विभाग द्वारा चलायी जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकते है। हम सभी श्रमिकों के समर्पण को नमन करते हैं और एक महत्वपूर्ण समावेशी कार्यसंस्कृति बनाने का संकल्प लेते है, जहाँ हर मजदूर को गरिमा और सम्मान मिले।

इसके अतिरिक्त शिविर में उपस्थित बंदियों को बताया गया कि यदि किसी बंदी के पास उसके मुकदमे की पैरवी करने के लिए अधिवक्ता नहीं है तो वह अपने मुकदमे की निःशुल्क पैरवी हेतु प्रार्थना पत्र जेल पीएलवी के माध्यम से तैयार करवाकर जेल अधीक्षक कार्यालय के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बहराइच को प्रेषित कर सकते हैं, जिस पर उसके मुकदमे की पैरवी हेतु लीगल एड डिफेंस काउंसिल को नामित किया जायेगा। प्रत्येक सप्ताह जेल में छोटे वादों के मुकदमे का शीघ्र निस्तारण हेतु जेल लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। आप सभी जेल लोक अदालत का अधिकाधिक लाभ उठाएं। कार्यक्रम के अंत में जेल अधीक्षक द्वारा आभार ज्ञापित किया गया।

# श्रमिक दिवस पर अर्जुनपुरवा में लगा आरोग्य मेला 50 से अधिक श्रमिकों के स्वास्थ्य की हुई जांच

**मेले में 29 बच्चों का हुआ टीकाकरण व 11 गर्भवती महिलाओं की हुई जांच**

**श्रमिकों की एनसीडी स्क्रीनिंग कर बांटी गईं नि:शुल्क दवाएं**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । श्रमिक दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विशेश्वरगंज के अंतर्गत आने वाले उपकेंद्र मनकापुर गंगवल के अर्जुनपुरवा में स्वास्थ्य विभाग की ओर से श्श्रमिक आरोग्य मेला का आयोजन किया गया। इस शिविर में स्वास्थ्य टीम ने 50 से अधिक श्रमिकों और उनके परिजनों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें गांव में ही चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध कराया जायेगा। मेले में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया गया। टीम ने जहां 29 बच्चों का सुरक्षित टीकाकरण किया, वहीं 11 गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व आवश्यक स्वास्थ्य जांच भी की गई। इसके साथ ही शिविर में आए 50 से अधिक श्रमिकों की गैर-संचारी रोगों की गहन स्क्रीनिंग की गई और उनकी बीमारी व स्वास्थ्य स्थिति के अनुसार उन्हें निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। स्वास्थ्य कर्मियों ने उपस्थित लोगों को मौसमी बीमारियों से बचाव और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के प्रति जागरूक भी किया। आरोग्य मेले के सफल आयोजन और संचालन में क्षेत्र की स्वास्थ्य टीम ने अपना विशेष योगदान दिया। शिविर में मुख्य रूप से एएनएम सीमा वर्मा व साधना सिंह, सीएचओ अम्बालिका सिंह, बीपीएम ममता मिश्रा तथा बीसीपीएम धर्मेन्द्र मिश्र उपस्थित रहे और मरीजों को अपनी सेवाएं दीं।

# आयुक्त सख्त:तीन दिन में निस्तारण के निर्देश दोषी मिलने पर एफआईआर की चेतावनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । कर्नलगंज तहसील में आयोजित संपूर्ण समा धान दिवस के दौरान आयुक्त देवीपाटन मंडल दुर्गा शक्ति नागपाल ने जनसमस्याओं को सुना एवं उस के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर जोर देते हुए अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए।उन्होंने स्पष्ट कहा कि शिकायतों के समाधान में किसी भी प्रका र की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जिम्मेदार कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।स म्पूर्ण समाधान दिवस में कर्नलगंज निवासिनी रेखा रानी ने आयुक्त को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उ नके पति की सर्पदंश से मृत्यु के बाद उन्होंने राष्ट्री य पारिवारिक लाभ योजना और विधवा पेंशन के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था,लेकिन अभी त क लाभ नहीं मिला।साथ ही बताया कि लेखपाल द्वारा जानबूझकर योजना का लाभ नहीं दिया जा रहा है।इस पर आयुक्त ने तत्काल संज्ञान लेते हुए एसडीएम को निर्देश दिया कि तीन दिन के भीतर जांच कर पीड़िता को लाभ दिलाया जाए एवं दोषि यों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए जरूरत प ड़ने पर एफआईआर भी दर्ज कराई जाए।कटरा बाजार निवासी पंकज कुमार वर्मा ने घर के सामने लगे इंडिया मार्का हैंडपंप के लंबे समय से खराब होने की शिकायत की।इस पर आयुक्त ने बीडीओ कटरा बाजार को निर्देशित किया कि मामले की जांच कर तत्काल हैंडपंप चालू कराया जाए और रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।वहीं हलधरमऊ निवासी राजेश कुमार ने अपनी चार बीघा जमीन के अंश निर्धारण में गड़बड़ी की शिकायत की।उन्होंने बता या कि सभी बैनामा दस्तावेज देने के बावजूद ह ल्का लेखपाल द्वारा अब तक सही अंश निर्धारण नहीं किया गया है।इस पर आयुक्त ने एसडीएम को निर्देश दिया कि मामले की तुरंत जांच कराकर सही अंश निर्धारण सुनिश्चित किया जाए।

आयुक्त ने संपूर्ण समाधान दिवस से संबंधित रजिस्टर में द र्ज विवरण अधूरा पाए जाने पर नाराजगी जताई। उन्होंने सम्बन्धित को निर्देशित किया कि सभी वि वरण एक सप्ताह के भीतर रजिस्टर में अनिवार्य रूप से दर्ज किया जाए।साथ ही एसडीएम से कहा कि जो लेखपाल, सचिव या अन्य कोई अधिकारी अथवा कर्मचारी शिकायतों के निस्तारण में अनाव श्यक देरी करें,उनके खिलाफ कड़ी अनुशासनात्म क कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

## अब बिल्कुल स्वस्थ महसूस कर रहा हूं : अजय राय

वाराणसी। अचानक तबीयत बिगड़ने पर लखनऊ के मेदांता हॉस्पिटल में भर्ती हुए उत्तर प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने शनिवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर बताया कि बाबा विश्वनाथ की असीम कृपा और आप सभी की प्रार्थनाओं के आशीर्वाद से मैं अब बिल्कुल स्वस्थ महसूस कर रहा हूं। आप सभी के प्रेम और शुभकामनाओं के लिए हृदय से आभार। जल्द ही पूरी ऊर्जा के साथ जन सेवा में उपस्थित रहूंगा। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय से शनिवार को राजनीतिक क्षेत्र के लोगों ने मुलाकात कर कुशलक्षेम भी जाना है। अजय राय ने अपने शुभचिंतकों और पार्टी कार्यकर्ताओं को अपना संदेश जारी कर निश्चिंत रहने के लिए कहा है। अजय राय के परिवार के लोग अभी लखनऊ के मेदांता हॉस्पिटल में मौजूद हैं।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

देवरिया । उत्तर प्रदेश शासन की ओर से महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं स्वावलंबन के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान फ़ेज-5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। इसी क्रम में शनिवार को थाना लार की मिशन शक्ति टीम, जिसमें उपनिरीक्षक नन्द कुमार यादव, रिक्रूट आरक्षी विनीत कुमार वर्मा, महिला आरक्षी नेहा पाण्डेय एवं रिक्रूट महिला आरक्षी अनुराधा प्रजापति शामिल रहीं। पुलिस कर्मियों ने कस्बा लार में महिलाओं एवं बच्चियों को पम्पलेट वितरित किए गए। इस दौरान उन्हें सरकार की ओर से संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं हेल्पलाइन नंबरों - डायल 112, हेल्पलाइन 181, वुमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, सीएम हेल्पलाइन 1076, वन स्टॉप सेंटर 181, स्वास्थ्य सेवा 102, एंबुलेंस सेवा 108 और साइबर हेल्पलाइन 1930 के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया।

# जर्जर सड़क को लेकर ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, विधायक बाबूराम पासवान के खिलाफ प्रदर्शन मिशन 2027 कैसा होगा फतह

## रोड नहीं तो वोट नहीं के लगे नारे, विधायक बोले—प्रस्ताव भेजा, जल्द होगा निर्माण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर।महुआ गुंदे से कुर्रैया तक जर्जर पड़ी सड़क को लेकर क्षेत्र के ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा लंबे समय से सड़क निर्माण न होने से नाराज ग्रामीणों ने विधायक बाबूराम पासवान के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी की प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने रोड नहीं तो वोट नहीं जैसे नारे लगाते हुए जनप्रतिनिधियों के खिलाफ अपना आक्रोश जाहिर किया लोगों का कहना है कि यह सड़क काफी समय से खराब हालत में है, जिससे आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है बरसात के दिनों में स्थिति और भी खराब हो जाती है, जिससे ग्रामीणों को रोजमर्रा के कामों में परेशानी उठानी पड़ती है ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि विधायक क्षेत्र के विकास की बजाय व्यक्तिगत विकास पर अधिक ध्यान दे रहे हैं लोगों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द सड़क निर्माण नहीं कराया गया तो इसका असर वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में देखने को मिलेगा प्रदर्शन में ऋषभ पाण्डेय, अजीत पाण्डेय, सौरभ मिश्रा, लीडर अवस्थी, मुक्खनी अवस्थी, स्वतंत्र शुक्ला, मुकेश कश्यप, भगवान दीन मिश्रा, गौरव शुक्ला, डीके मिश्रा, शुभम मिश्रा सहित कई लोग मौजूद रहे इस संबंध में विधायक का पक्ष जानने पर उन्होंने बताया कि सड़क निर्माण का प्रस्ताव पहले ही भेजा जा चुका है और आगामी कार्ययोजना में इसके स्वीकृत होने की संभावना है उन्होंने आश्वासन दिया कि सड़क निर्माण जल्द कराया जाएगा।

# अष्टभुजा महारानी देवी मंदिर और गढ़ी मंदिर के नवनिर्माण हेतु भूमि पूजन संपन्न, भक्तिमय हुआ वातावरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर।नगर के मोहल्ला साहूकारा लाइन पार स्थित प्राचीन अष्टभुजा महारानी देवी मंदिर एवं निकट एलआईसी ऑफिस के पास स्थित प्राचीन गढ़ी मंदिर के नवनिर्माण के लिए विधिवत भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर कानपुर से पधारे सुप्रसिद्ध विद्वान पंडित हरिओम द्विवेदी जी ने वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ भूमि पूजन कराया।कार्यक्रम के दौरान संपूर्ण क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। भूमि पूजन में नगर के अनेक गणमान्य नागरिकों एवं श्रद्धालुओं ने भाग लेकर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया।इस अवसर पर प्रमुख रूप से नवीन अग्रवाल प्रबंधक, मंदिर कमेटी,राम बहादुर गुप्ता, रवि प्रकाश गुप्ता अध्यक्ष, अंशु गुप्ता, जिला कार्यकारिणी सदस्य रितुराज पासवान, अशोक गुप्ता, सभासद डॉ. रोहित मिश्रा, सभासद सौरभ सक्सेना 'रासू', सभासद अनुज कुमार गुप्ता, सभासद सूरज बाथम, सभासद उदित सिंह, सभासद गौरव जायसवाल, सुधांशु गुप्ता कार्यकारिणी सदस्य, डॉ. सुधाकर पांडेय, रोहित गुप्ता एवं पुजारी दिनेश कुमार सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में सभी ने माता रानी से पूरनपुर नगर की सुख-समृद्धि, शांति एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की है।

# पूरनपुर एसडीएम पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप अधिवक्ताओं ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**न्यायिक कार्यों में अनियमितता, अवैध वसूली और मिट्टी खनन संरक्षण के आरोप; जांच व तबादले की मांग**

पूरनपुर।पूरनपुर तहसील में तैनात उपजिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह पर न्यायिक एवं प्रशासनिक भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाते हुए अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है अधिवक्ताओं ने पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराते हुए कार्रवाई और स्थानांतरण की मांग की है अधिवक्ता एसोसिएशन पूरनपुर से जुड़े अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि उपजिलाधिकारी के कार्यकाल में तहसील स्तर पर कई अनियमितताएं और संदिग्ध निर्णय सामने आए हैं, जिससे आम जनता और अधिवक्ताओं में असंतोष व्याप्त है ज्ञापन में बताया गया कि पुराना तहसील भवन, जो अब खंडहर बन चुका है, उसकी नीलामी स्वीकृत हुए करीब छह माह बीत चुके हैं इसके बावजूद न तो ठेकेदार की जमानत जब्त की गई और न ही ठेका निरस्त किया गया अधिवक्ताओं का कहना है कि भवन कभी भी गिर सकता है और बड़ा हादसा हो सकता है, लेकिन प्रशासन केवल आश्वासन देकर मामले को टाल रहा है अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि एसडीएम न्यायालय में धारा 80 से संबंधित मामलों में नियमों को दरकिनार कर दलालों के माध्यम से मोटी रकम लेकर फाइलों का निस्तारण किया जा रहा है, जो न्याय व्यवस्था पर सवाल खड़ा करता है ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया कि क्षेत्र में बिना अनुमति मिट्टी खनन हो रहा है और चर्चा है कि इसमें प्रशासनिक संरक्षण प्राप्त है इससे राजस्व को नुकसान होने के साथ-साथ कानून व्यवस्था पर भी असर पड़ रहा है अधिवक्ताओं ने कहा कि धारा 76 के तहत संक्रमणीय भूमिधर घोषित करने के मामलों में भी पात्र व्यक्तियों से लंबी धनराशि की मांग की जा रही है, जिससे पात्र लोगों को न्याय नहीं मिल पा रहा है ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि कई विवादित मामलों में कानून से हटकर आदेश पारित किए जा रहे हैं साथ ही भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं 170, 135 और 126 में भी बिना उचित प्रक्रिया के निस्तारण किए जाने के आरोप लगाए गए हैं, जिसकी न्यायिक जांच की मांग की गई है अधिवक्ताओं ने एसडीएम के व्यवहार को लेकर भी नाराजगी जताई और कहा कि उनका रवैया अधिवक्ताओं के प्रति ठीक नहीं है, जिससे कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही है अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच किसी उच्चाधिकारी से कराई जाए और जो अधिकारी पिछले दो वर्षों से तैनात हैं, उनका स्थानांतरण किया जाए ज्ञापन की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार को भी भेजी गई है ज्ञापन पर संजय सक्सेना 'अजीत' एडवोकेट समेत कई अधिवक्ताओं के हस्ताक्षर हैं जिलाधिकारी ने अधिवक्ताओं को आश्वासन दिया है एक सप्ताह के अन्दर खंडहर भवन का ध्वस्त कराया जायेगा अन्यथा जिलाधिकारी का तबादला किया जायेगा।

# सभासदों ने सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।नगर पालिका परिषद पूरनपुर की कार्यप्रणाली को लेकर असंतोष अब खुलकर सामने आ गया है नगर में बढ़ते अतिक्रमण, चरमराई सफाई व्यवस्था और अव्यवस्थित यातायात से परेशान होकर नगर पालिका के सभासदों ने ही अपनी परिषद के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है सभासद सूरज बॉथम, सौरभ सक्सेना और अनुज कुमार गुप्ता ने संयुक्त रूप से जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर नगर की बदहाल स्थिति से अवगत कराया और तत्काल प्रभाव से ठोस कार्रवाई की मांग की है ज्ञापन में सभासदों ने आरोप लगाया है कि नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी की लापरवाही के चलते अधिकांश वार्डों में सफाई व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है नियमित रूप से कूड़ा उठान नहीं हो रहा है, नालियों की सफाई समय से नहीं की जा रही और कई स्थानों पर कूड़े के ढेर लंबे समय से पड़े हुए हैं इससे दुर्गंध के साथ-साथ संक्रामक रोगों के फैलने का खतरा भी बढ़ता जा रहा है सभासदों का कहना है कि इस संबंध में कई बार शिकायत करने के बावजूद भी जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, जिससे यह स्पष्ट है कि नगर पालिका प्रशासन समस्याओं को लेकर गंभीर नहीं है नगर में अतिक्रमण की समस्या लगातार विकराल होती जा रही है मुख्य बाजार,सीमेंट रोड, स्टेशन रोड और रामलीला मैदान रोड जैसे प्रमुख मार्गों पर दुकानदारों द्वारा सड़क तक सामान फैलाकर कब्जा कर लिया गया है, जिससे सड़कों की चौड़ाई कम हो गई है और आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है तिरंगा चौक से कोतवाली पूरनपुर तक बड़े वाहनों के प्रवेश के कारण स्थिति और भी गंभीर हो जाती है संकरी सड़कों पर भारी वाहनों के संचालन से आमजन को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है ई-रिक्शा जाम का प्रमुख कारण बन रहे हैं बिना किसी निर्धारित स्टैंड और नियमों के संचालन के चलते यातायात व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो रही है सभासदों ने मांग की है कि ई-रिक्शा संचालन के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जाएं और संकरी सड़कों पर इनके संचालन पर प्रतिबंध लगाया जाए साथ ही निर्धारित स्थानों पर ई-रिक्शा स्टैंड बनाए जाने की भी आवश्यकता बताई गई है ज्ञापन में जिलाधिकारी से निम्नलिखित मांगें की गई है।नगर में अतिक्रमण हटाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए,सफाई व्यवस्था को दुरुस्त कर जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए,नियमित कूड़ा उठान और नालियों की सफाई सुनिश्चित की जाए,मुख्य बाजारों में बड़े वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया जाए,ई-रिक्शा संचालन के लिए सख्त नियम बनाकर उनका पालन कराया जाए ।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में आई शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही क्षम्य नही : डीएम



कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उददेश्य से जनपद की चारों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में तहसील अमेठी में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी संजय चौहान ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये शिकायतों को गम्भीरता से लेकर उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाय। उन्होंने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना हमारी प्राथमिकता है। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग के संबंधित शिकायतों को अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेंद्र सिंह ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिये।तहसील अमेठी में कुल बत्तीस शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें एक का मौके पर निस्तारण कराया गया।तहसील तिलोई में उनतीस शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें तीन का निस्तारण किया गया।तहसील मुसाफिरखाना में उन्नीस शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें दो शिकायतों का निस्तारण किया गया तथा तहसील गौरीगंज में पचास शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें दो शिकायतों का निस्तारण किया गया तथा शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, तहसीलदार सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# स्काउट से बच्चों को सेवा और अनुशासन की मिलती है सीख : ब्लाक प्रमुख

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर किया गया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



तिलोई अमेठी । क्षेत्र के कस्बा शंकरगंज स्थित जनता जनार्दन इण्टर कालेज में आयोजित चार दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर का समापन बड़े ही उत्साह, उमंग और गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ।चार दिनों तक चले इस प्रशिक्षण शिविर में छात्र छात्राओं ने न केवल विभिन्न व्यावहारिक गतिविधियों में हिस्सा लिया बल्कि जीवनोपयोगी कौशलों को भी आत्मसात किया।शिविर के दौरान बच्चों को सेवा भावना, अनुशासन, प्राथमिक उपचार, आपदा प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण, टीम वर्क एवं नेतृत्व क्षमता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षकों द्वारा बच्चों को व्यवहारिक रूप से सिखाया गया कि विपरीत परिस्थितियों में कैसे संयम और साहस के साथ कार्य करना चाहिये।समापन समारोह के मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने कहा कि कहा कि स्काउट गाइड केवल एक गतिविधि नही बल्कि जीवन जीने की एक पद्धति है। इससे बच्चों में सेवा का भाव, अनुशासन, आत्मनिर्भरता और देशभक्ति का विकास होता है। उन्होंने यह भी कहा कि आज के समय में इस प्रकार के प्रशिक्षण बच्चों को भविष्य की चुनौतियों के लिये तैयार करने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रधानाचार्य राजेंद्र प्रताप सिंह एवं पूर्व शिक्षक राम शंकर सिंह रहे। दोनों अतिथियों ने बच्चों के उत्साह और उनके प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण से विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ता है और वे समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को बेहतर ढंग से समझते हैं।कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य वैभव मिश्र ने किया।शिविर के दौरान छात्र-छात्राओं ने टेंट निर्माण, विभिन्न प्रकार की गांठें बांधना, प्राथमिक उपचार देना, बिना स्ट्रेचर के घायलों को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाना, मार्च पास्ट तथा अन्य सामूहिक गतिविधियों का शानदार प्रदर्शन किया।इन प्रस्तुतियों ने उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों को अत्यंत प्रभावित किया। इस अवसर पर मोहम्मद शकील खान, जिला ट्रेनिंग काउंसलर नगर तथा सचिन विश्वकर्मा जिला ट्रेनिंग काउंसलर ने स्काउट-गाइड के उद्देश्यों एवं महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# कैंसर मरीजों के लिए बड़ी राहत, संजय गांधी हॉस्पिटल में अत्याधुनिक उपचार केंद्र शुरू

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी/सुलतानपुर। एक अच्छी और राहत भरी खबर सामने आई है। अब कैंसर मरीजों को इलाज के लिए बड़े शहरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। संजय गांधी हॉस्पिटल में लीनस ऑन्कोलॉजी इंस्टिट्यूट की स्थापना के साथ ही क्षेत्र का पहला आधुनिक रेडिएशन थेरेपी सेंटर शुरू हो गया है।

इस नए केंद्र के शुरू होने से अमेठी, सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, रायबरेली और अयोध्या के मरीजों को बड़ा लाभ मिलेगा। अब उन्हें कीमोथेरेपी, सर्जरी और रेडिएशन जैसी सभी जरूरी सुविधाएं एक ही जगह, स्थानीय स्तर पर मिलेंगी। सरकार की आयुष्मान भारत योजना और मुख्यमंत्री राहत कोष के तहत पात्र मरीजों को यहां निःशुल्क इलाज भी उपलब्ध कराया जा रहा है। खास बात यह है कि दिल्ली और लखनऊ के अनुभवी विशेषज्ञ डॉक्टर इस सेंटर में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। लीनस ऑन्कोलॉजी के सीईओ डॉ. विनीत नाकरा ने बताया कि भविष्य में उत्तर प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में भी इस तरह के आधुनिक कैंसर उपचार केंद्र खोले जाएंगे, जिससे ज्यादा से ज्यादा मरीजों को समय पर और बेहतर इलाज मिल सके।

# श्यामलाल निषाद का हुआ समाजवादी पार्टी कार्यालय पर भव्य व अभूतपूर्व स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। आज जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय सुपर मार्केट में मोस्ट कल्याण संस्थान के निदेशक शिक्षक श्यामलाल निषाद जो कि 21 अप्रैल 2026 को समाजवादी पार्टी में शामिल हुए थे उनका अभूतपूर्व स्वागत पार्टी कार्यालय पर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रघुवीर यादव तथा संचालन जिला महासचिव सलाहुद्दीन खान ने किया।

उक्त अवसर पर पूर्व विधायक भगेलू राम, पूर्व विधायक संतोष पांडेय, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी शकील अहमद, सलमान गनी खान, जितेंद्र वर्मा (बाजीगर), शारदा यादव, मोस्ट प्रमुख ज़ीशान अहमद, जनरल सेक्रेटरी राम उजागिर यादव, मोस्ट संरक्षक से.नि. एडीओ भारत राम, निर्णायक कमेटी सदस्य पेरियार संभोले वर्मा, बाबू रज्जन प्रसाद, दयाराम मौर्या, छोटेलाल निषाद, सीमा बौद्ध, नन्दनी बौद्ध, गोविंद भगत, राकेश निषाद सहित भारी संख्या में पार्टी और मोस्ट के समर्थक मौजूद रहे।

### नियमों को नहीं मानते मिट्टी चोर

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता । कलीनगर एवं डगा पुल पिछले एक साल से अधिक समय से बंद पड़े हैं, लेकिन अब हालात ऐसे हो गए हैं कि लोगों ने खुद ही रास्ता बनाना शुरू कर दिया है। डगा पुल पर लगे लोहे के एंगल और दीवार तोड़कर राहगीरों ने आवागमन चालू कर दिया है। अब यहां से ट्रैक्टर–ट्रॉली, कार सहित अन्य चारपहिया वाहन बेखौफ गुजर रहे हैं, जबकि कलीनगर पुल पर अभी भी चारपहिया वाहनों का संचालन पूरी तरह बहाल नहीं हो सका है।बताया जा रहा है कि दोनों पुलों के निर्माण के लिए शासन ने 52 करोड़ 92 लाख 52 हजार रुपये का बजट मंजूर किया है, जिसमें से 18 करोड़ 52 लाख 38 हजार रुपये जारी भी किए जा चुके हैं। सेतु निगम द्वारा जल्द निर्माण कार्य शुरू होने की उम्मीद जताई जा रही है, लेकिन फिलहाल जनता को राहत नहीं मिल पाई है।ग्रामीणों का कहना है कि मामूली दरारों के नाम पर पुलों को बंद कर दिया गया, जबकि छोटे चारपहिया वाहनों का आवागमन आसानी से हो सकता था। विभागीय मनमानी के चलते लोगों को मजबूरन जोखिम उठाकर खुद रास्ता बनाना पड़ा।दोनों विभागों की खींचतान और लापरवाही के बीच आम जनता रोज परेशान हो रही है। अब सवाल यह है कि करोड़ों का बजट मंजूर होने के बावजूद कब तक लोग ऐसे ही जुगाड़ से जिंदगी चलाते रहेंगे?

### वन डिस्ट्रिक्ट वन रिवर अभियान के तहत गोमती त्रिवेणी घाट पर श्रमदान

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में संचालित वन डिस्ट्रिक्ट वन रिवर अभियान के अंतर्गत ग्राम घाटमपुर क्षेत्र स्थित प्राचीन माँ गोमती त्रिवेणी घाट पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक बाबूराम पासवान ने भाग लिया और स्वयं फावड़ा उठाकर श्रमदान करते हुए अभियान की शुरुआत की कार्यक्रम के दौरान विधायक ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी दी उन्होंने उपस्थित लोगों को इन योजनाओं से जुड़कर अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया साथ ही नदी संरक्षण को जनआंदोलन बनाने पर जोर दिया उन्होंने कहा कि वन डिस्ट्रिक्ट वन रिवर योजना का मुख्य उद्देश्य उन नदियों को पुनर्जीवित और संरक्षित करना है, जो विलुप्त हो चुकी हैं या समाप्ति के कगार पर हैं इसी संकल्प के साथ गोमती नदी की स्वच्छता और संरक्षण हेतु विशेष अभियान का शुभारंभ किया गया है विधायक ने कहा कि नदियाँ केवल जल स्रोत नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहर हैं जब नदियाँ सुरक्षित होंगी, तभी हमारा भविष्य भी सुरक्षित रहेगा उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे इस पुनीत कार्य में बढ़–चढ़कर भाग लें और नदी संरक्षण को अपनी जिम्मेदारी समझें इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. दलजीत कौर, जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह, उपजिलाधिकारी अजीत सिंह, डीसी मनरेगा हेमंत कुमार सहित कई अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे कार्यक्रम में स्थानीय ग्राम प्रधानों, पूर्व प्रधानों और क्षेत्रीय लोगों ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई कार्यक्रम के अंत में सभी ने मिलकर गोमती नदी को स्वच्छ और संरक्षित रखने का संकल्प लिया है।

### अपना गांव–अपना बीट, वन विभाग की इस पोस्टिंग ने खड़े किए बड़े सवाल

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । वन विभाग में एक पोस्टिंग इन दिनों जिले भर में चर्चा का विषय बनी हुई है। मामला बल्दीराय क्षेत्र की निवासी वन रक्षक रेखा सिंह से जुड़ा है, जिन्हें उनके ही ब्लॉक में तैनाती मिलने के बाद विभागीय नियम–कायदों पर सवाल उठने लगे हैं। इतना ही नहीं, चर्चा है कि उन्हें अपने ही गांव से जुड़े बीट का प्रभार भी सौंप दिया गया है। ऐसे में डीएफओ कार्यालय की भूमिका कटघरे में आ गई है। वन विभाग में सामान्य व्यवस्था यह रहती है कि किसी कर्मचारी को उसके गृह क्षेत्र से अलग स्थान पर तैनात किया जाए,ताकि सरकारी कार्यों में निष्पक्षता बनी रहे। लेकिन यहां तस्वीर कुछ और ही दिखाई दे रही है। अपने ही इलाके में तैनाती मिलने से यह सवाल उठ रहा है कि आखिर किसकी मेहरबानी से यह संभव हुआ, स्थानीय लोगों का आरोप है कि बिना विभागीय संरक्षण के ऐसी पोस्टिंग होना आसान नहीं। यही वजह है कि अब डीएफओ कार्यालय पर मिलीभगत और नियमों की अनदेखी के आरोप लग रहे हैं।

### राशन कार्ड के नाम पर अवैध वसूली का आरोप, 2 साल से भटक रही पीड़िता

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । सदर तहसील स्थित आपूर्ति कार्यालय एक बार फिर गंभीर आरोपों के घेरे में है। कंप्यूटर ऑपरेटर शुभम सिंह पर एक पीड़िता ने राशन कार्ड बनवाने के नाम पर अवैध वसूली का आरोप लगाया है। पीड़िता जो कुड़वार ब्लॉक के कमालपुर गांव की निवासी हैं का कहना है कि उन्होंने करीब दो वर्ष पहले नया राशन कार्ड बनवाने के लिए अपने दस्तावेजों के साथ 1000 रुपये नकद कंप्यूटर ऑपरेटर को दिए थे। उस समय उन्हें भरोसा दिलाया गया कि एक महीने के भीतर राशन कार्ड बन जाएगा। हालांकि समय बीतता गया और हर बार कार्यालय पहुंचने पर उन्हें सिर्फ बन जाएगा का आश्वासन ही मिलता रहा। दो साल गुजर जाने के बाद भी न तो राशन कार्ड बना और न ही उनके पैसे वापस किए गए। पीड़िता लगातार सदर तहसील आपूर्ति कार्यालय के चक्कर काट रही हैं, लेकिन अब तक उनकी सुनवाई नहीं हुई है। इस मामले ने विभागीय कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। वहीं जिला पूर्ति अधिकारी जीवेश मौर्या की कार्यशैली भी चर्चा में है। सवाल उठ रहा है कि आखिर ऐसे मामलों पर सख्त कार्रवाई क्यों नहीं हो रही और जिम्मेदार अधिकारियों पर मेहरबानी क्यों बनी हुई है। प्रदेश सरकार जहां जीरो टॉलरेंस की नीति का दावा करती है, वहीं सुलतानपुर में पूर्ति विभाग की लापरवाही और भ्रष्टाचार के आरोप इन दावों की पोल खोलते नजर आ रहे हैं। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है और आरोपित कंप्यूटर ऑपरेटर के खिलाफ कब तक कार्रवाई होती है।

### मौलाना तौसीफ मज़हरी की संदिग्ध मौत पर पूरनपुर में उबाल सीबीआई जांच की मांग को लेकर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । बरेली में मौलाना तौसीफ मज़हरी की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले को लेकर पूरनपुर में आक्रोश देखने को मिला मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मोहल्ला खानकाह स्थित सावरी आहता गेट पर एकत्र होकर रेल मंत्री भारत सरकार को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार आशीष कुमार गुप्ता को सौंपा और मामले की सीबीआई जांच की मांग की ज्ञापन में बताया गया कि किशनगंज बिहार निवासी मौलाना तौसीफ मज़हरी 26 अप्रैल 2026 को ट्रेन संख्या 04314 से यात्रा कर रहे थे आरोप है कि यात्रा के दौरान उनके साथ मारपीट की गई और उन्हें चलती ट्रेन से फेंक दिया गया घटना के दौरान उन्होंने अपनी पत्नी को फोन कर हमले की जानकारी दी और जान बचाने की गुहार लगाई थी, जिसके कुछ समय बाद उनका संपर्क टूट गया बाद में उनका शव बरेली कैंट के पास रेलवे ट्रैक किनारे पड़ा मिला इस घटना को लेकर परिजनों ने इसे हादसा मानने से इनकार करते हुए सुनियोजित हत्या का आरोप लगाया है ज्ञापन में बरेली पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए गए हैं। लोगों का आरोप है कि मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे समुदाय में आक्रोश और बढ़ गया है प्रदर्शनकारियों ने मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच सीबीआई से कराई जाए, दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दी जाए ।

## सम्पादकीय

# राहतकारी हो आईसीयू

अक्सर ऐसी खबरें सामने आती रहती हैं कि देश के किसी भाग में किसी निजी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती मरीज के ठीक होने या ठीक होने की संभावना के बावजूद उसे डिस्चार्ज नहीं किया जाता है। वजह होती है कि अस्पताल का अनवरत गति से चलने वाला कमाई का मीटर। निस्संदेह, आधुनिक चिकित्सा खर्चीली हो गई और बेहतर सुविधाओं के लिए बड़ी रकम चुकानी होती है। लेकिन इस व्यवस्था का मानवीय व संवेदनशील होना अपरिहार्य है। इसके नियमन का कार्य यूं तो देश के नीति-नियंताओं और शासन-प्रशासन को करना चाहिए था। लेकिन विडंबना यह है कि अदालत को ऐसे मामलों में पहल करनी पड़ती है। हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा एक समान गहन चिकित्सा ईकाई दिशानिर्देशों की जरूरत बताना विसंगतियों से जूझती आईसीयू प्रणाली के लिए एक आशा की किरण लेकर आई है। इन दिशानिर्देशों में यह निर्दिष्ट किया गया है कि चिकित्सकीय रूप से स्थिर हो चुके या जिन मरीजों के अंगों को बाहरी सहायता अथवा शारीरिक निगरानी की आवश्यकता नहीं होती, उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी जानी चाहिए। उन्हें अन्य सामान्य वार्डों में स्थानांतरित किया जा सकता है। निश्चित रूप से न्यायालय के ये निर्देश चिकित्सकीय और नैतिक दोनों ही हैं। जो बताते हैं कि जरूरी न होने के बावजूद मरीज को लंबे समय तक आईसीयू में रखना अनुचित है। यह एक हकीकत है कि मानकीकृत आईसीयू प्रोटोकॉल के अभाव में एक अस्पष्ट स्थिति पैदा हो जाती है, जिसकी वजह से मरीज से जुड़े निर्णय असमंजस का शिकार होकर रह जाते हैं। वास्तव में आईसीयू में भर्ती मरीजों के तिमारदारों को चिकित्सा प्रक्रिया की गहन जानकारी अक्सर नहीं होती है। वे केवल चिकित्सक के दिशा-निर्देशों पर ही निर्भर होकर रह जाते हैं। यही वजह है कि अस्पताल प्रबंधन के रहमो-करम पर मरीज को महंगे आईसीयू में लंबे समय तक भर्ती रहने को मजबूर होना पड़ता है। कई बार ऐसा भी होता है कि गहन चिकित्सा कक्ष में भर्ती रहने के बावजूद मरीज को उपचारीय लाभ नहीं मिल रहा होता है। सही मायनों में सुप्रीम कोर्ट के ये दिशानिर्देश एक सरल व सामान्य सिद्धांत की पुष्टि करते हुए इस विसंगति को दूर करने का प्रयास करते हैं कि किसी भी अस्पताल का आईसीयू मरीज की अनिश्चितकालीन देखभाल के लिए नहीं होता है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि शीर्ष अदालत ने समस्या के यथाशीघ्र समाधान की जरूरत पर बल दिया है। अदालत ने डॉक्टरों की प्रतिष्ठा को संरक्षित करते हुए चिकित्सा संस्थानों व अस्पतालों की जवाबदेही सुनिश्चित करने पर बल दिया है। इस दिशा में व्यवस्थागत मुद्दों पर जोर दिया गया है, जिसमें नर्स व मरीज के अनुपात, विशेषज्ञ पर्यवेक्षण, मानक बुनियादी ढांचा और प्रशिक्षण पर ध्यान केंद्रित कराना एक सराहनीय पहल कही जाएगी। निश्चित रूप से भारत जैसे देश में जहां स्वास्थ्य सेवा की गुणवत्ता में भारी असमानता है, ये न्यूनतम मानदंड अधिक न्यायसंगत देखभाल के लिए आधार बन सकते हैं। सही मायनों में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को प्राथमिकता वाले क्षेत्रों की पहचान करने और समयबद्ध कार्य योजना तैयार करनी चाहिए। साथ ही निर्देश नीति के क्रियान्वयन हेतु तत्परता दिखानी चाहिए। लेकिन विगत के अनुभव बताते हैं कि एक अच्छे इरादे वाली कार्ययोजना तब अपने लक्ष्य पाने में विफल हो जाती हैं जब उसका क्रियान्वयन आधे-अधूरे ढंग से किया जाता रहा है। निश्चित रूप से निगरानी ढांचे और समन्वित राष्ट्रीय स्तर की कार्रवाई पर अदालत की पहल सही दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। लेकिन इसकी अनुपालन की सफलता राजनीतिक इच्छाशक्ति, वित्त पोषण और प्रशासनिक क्षमता पर निर्भर करेगी। साथ ही दक्षता के अलावा, मानवीय पहलू को भी नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। गहन चिकित्सा कक्ष में लंबे समय तक भर्ती रहना मरीजों और उनके परिवारों के लिए बेहद कष्टदायक होता है।

# आकाश की अनन्त उड़ान में विश्व का भारत पर भरोसा

केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह का यह वक्तव्य इस दिशा में भारत की प्रतिबद्धता को और स्पष्ट करता है। उन्होंने बताया है कि कैसे भारत में निजी क्षेत्र का अंतरिक्ष निवेश पिछले पाँच वर्षों में 600 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक हो चुका है। यह आंकड़ा वास्तव में कोई साधारण या सामान्य नहीं है, जिसमे देश की आर्थिक वृद्धि के तमाम अवसर समाहित हैं। अब भारत सरकार ने अंतरिक्ष से जुड़े विषयों को वैज्ञानिक प्रयोगशालाओं तक सीमित न रखते हुए इसे विश्वविद्यालयों और कॉलेजों तक पहुंचाने का लक्ष्य तय किया है। पहले चरण में सात अंतरिक्ष प्रयोगशालाओं की स्थापना की योजना बनाई गई है, जहां छात्र उपग्रह प्रणाली, रॉकेटरी और मिशन डिजाइन का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करेंगे। यह पहल भारत के अंतरिक्ष भविष्य की नींव को मजबूत करेगी। जब छात्र अपने कॉलेज परिसर में ही उपग्रह डिजाइन करेंगे या मिशन प्लानिंग सीखेंगे, तब वे भविष्य के मिशनों का निर्माण भी करेंगे। इस संदर्भ में IN-SPACe के अध्यक्ष डॉ. पवन गोयनका ने भारत के अंतरिक्ष सुधारों की प्रगति पर प्रकाश डालते हुए बताया भी है कि कैसे निजी क्षेत्र अब मूल्य श्रृंखला के हर हिस्से में सक्रिय भूमिका निभा रहा है और भारत का निजी अंतरिक्ष पारिस्थितिकी तंत्र पिछले कुछ वर्षों में आश्चर्यजनक गति से विकसित हुआ है। 2019 में जहां अंतरिक्ष स्टार्टअप्स की संख्या एकल अंक में थी, वहीं 2026 की शुरुआत तक यह संख्या 400 से अधिक हो चुकी है। ये स्टार्टअप्स प्रक्षेपण यान, उपग्रह निर्माण, पेलोड डेवलपमेंट, ग्राउंड इंफ्रास्ट्रक्चर और डेटा सेवाओं जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सक्रिय हैं। इसके अलावा, इन-ऑर्बिट सेवाएं जैसे सैटेलाइट सर्विसिंग और स्पेस डेटा एनालिटिक्स जैसे उभरते क्षेत्रों में भी भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। यह बदलाव आज इस बात का प्रतीक भी है कि केंद्र की मोदी सरकार के प्रोत्साहन स्वरूप पहले अंतरिक्ष कार्यक्रम सिर्फ सरकारी संस्थानों तक सीमित रहते थे, जबकि आज के समय में यह उद्यमिता और नवाचार का नया क्षेत्र बन चुका है। सरकार ने इस तेजी को बनाए रखने के लिए कई लक्षित पहलें शुरू की हैं, जिसमें कि 1,000 करोड़ रुपये का वेंचर कैपिटल फंड (एसआईडीबीआई के सहयोग से), 500 करोड़ रुपये का टेक्नोलॉजी एडॉप्शन फंड, सीड फंड योजना के तहत 1 करोड़ रुपये तक का अनुदान को प्रमुखता से बताया जा सकता है। इन योजनाओं का उद्देश्य वित्तीय सहायता के साथ विचारों को वास्तविक उत्पादों में बदलना है। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कोई भी अच्छा विचार संसाधनों की कमी के कारण पीछे न रह जाए। वस्तुतः इससे जुड़ा एक महत्वपूर्ण तथ्य यह भी है कि अंतरिक्ष क्षेत्र में सफलता अकेली तकनीक आधारित नहीं होती है, इसके लिए उच्च स्तर का मानव प्रशिक्षण अति आवश्यक है। अच्छा यह है कि पिछले कुछ सालों में इस दिशा में भारत ने महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। गहारायी से विचार करें तो अब तक 17 विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरे किए जा चुके हैं, जिनमें लगभग 900 प्रतिभागियों को उपग्रह निर्माण, प्रक्षेपण प्रणाली और अंतरिक्ष साइबर सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में प्रमाणित किया गया है। यह पहल आज स्पष्ट कर रही है कि भारत अपने मिशन लॉन्च तो कर ही रहा है, साथ में एक संपूर्ण अंतरिक्ष इकोसिस्टम तैयार कर रहा है।

जब भी मानव सभ्यता ने आसमान की ओर देखा है, उसने सितारों के साथ अपने जीवन के लिए संभावनाओं के अनंत विस्तार को देखा है। आज उसी विस्तार में भारत अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा रहा है। कभी सीमित संसाधनों के साथ शुरुआत करने वाला भारत वर्तमान में वह देश है जोकि वैश्विक अंतरिक्ष मानचित्र पर भरोसे का पर्याय बन चुका है। यह भरोसा सफल प्रक्षेपणों, वैज्ञानिक उपलब्धियों का परिणाम तो है ही, साथ ही एक व्यापक दृष्टि, नीति-सुधारों, निजी भागीदारी और युवा प्रतिभाओं के संगम से निर्मित हुआ है। केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह का यह वक्तव्य इस दिशा में भारत की प्रतिबद्धता को और स्पष्ट करता है। उन्होंने बताया है कि कैसे भारत में निजी क्षेत्र का अंतरिक्ष निवेश पिछले पाँच वर्षों में 600 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक हो चुका है। यह आंकड़ा वास्तव में कोई साधारण या सामान्य नहीं है, जिसमे देश की आर्थिक वृद्धि के तमाम अवसर समाहित हैं। अब भारत सरकार ने अंतरिक्ष से जुड़े विषयों को वैज्ञानिक प्रयोगशालाओं तक सीमित न रखते हुए इसे विश्वविद्यालयों और कॉलेजों तक पहुंचाने का लक्ष्य तय किया है। पहले चरण में सात अंतरिक्ष प्रयोगशालाओं की स्थापना की योजना बनाई गई है, जहां छात्र उपग्रह प्रणाली, रॉकेटरी और मिशन डिजाइन का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करेंगे। यह पहल भारत के अंतरिक्ष भविष्य की नींव को मजबूत करेगी। जब छात्र अपने कॉलेज परिसर में ही उपग्रह डिजाइन करेंगे या मिशन प्लानिंग सीखेंगे, तब वे भविष्य के मिशनों का निर्माण भी करेंगे। इस संदर्भ में IN-SPACe के अध्यक्ष डॉ. पवन गोयनका ने भारत के अंतरिक्ष सुधारों की प्रगति पर प्रकाश डालते हुए बताया भी है कि कैसे निजी क्षेत्र अब मूल्य श्रृंखला के हर हिस्से में सक्रिय भूमिका निभा रहा है और भारत का निजी अंतरिक्ष पारिस्थितिकी तंत्र पिछले कुछ वर्षों में आश्चर्यजनक गति से विकसित हुआ है। 2019 में जहां अंतरिक्ष स्टार्टअप्स की संख्या एकल अंक में थी, वहीं 2026 की शुरुआत तक यह संख्या 400 से अधिक हो चुकी है। ये स्टार्टअप्स प्रक्षेपण यान, उपग्रह निर्माण, पेलोड डेवलपमेंट, ग्राउंड इंफ्रास्ट्रक्चर और डेटा सेवाओं जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सक्रिय हैं। इसके अलावा, इन-ऑर्बिट सेवाएं जैसे सैटेलाइट सर्विसिंग और स्पेस डेटा एनालिटिक्स जैसे उभरते क्षेत्रों में भी भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। यह बदलाव आज इस बात का प्रतीक भी है कि केंद्र की मोदी सरकार के प्रोत्साहन स्वरूप पहले अंतरिक्ष कार्यक्रम सिर्फ सरकारी संस्थानों तक सीमित रहते थे, जबकि आज के समय में यह उद्यमिता और नवाचार का नया क्षेत्र बन चुका है। सरकार ने इस तेजी को बनाए रखने के लिए कई लक्षित पहलें शुरू की हैं, जिसमें कि 1,000 करोड़ रुपये का वेंचर कैपिटल फंड (एसआईडीबीआई के सहयोग से), 500 करोड़ रुपये का टेक्नोलॉजी एडॉप्शन फंड, सीड फंड योजना के तहत 1 करोड़ रुपये तक का अनुदान को प्रमुखता से बताया जा सकता है। इन योजनाओं का उद्देश्य वित्तीय सहायता के साथ विचारों को वास्तविक उत्पादों में बदलना है। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कोई भी अच्छा विचार संसाधनों की कमी के कारण पीछे न रह जाए। वस्तुतः इससे जुड़ा एक महत्वपूर्ण तथ्य यह भी है कि अंतरिक्ष क्षेत्र में सफलता अकेली तकनीक आधारित नहीं होती है, इसके लिए उच्च स्तर का मानव प्रशिक्षण अति आवश्यक है। अच्छा यह है कि पिछले कुछ सालों में इस दिशा में भारत ने महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। गहारायी से विचार करें तो अब तक 17 विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरे किए जा चुके हैं, जिनमें लगभग 900 प्रतिभागियों को उपग्रह निर्माण, प्रक्षेपण प्रणाली और अंतरिक्ष साइबर सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में प्रमाणित किया गया है। यह पहल आज स्पष्ट कर रही है कि भारत अपने मिशन लॉन्च तो कर ही रहा है, साथ में एक संपूर्ण अंतरिक्ष इकोसिस्टम तैयार कर रहा है। यही कारण है जो भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम अब वैश्विक सहयोग का केंद्र बन चुका है। वर्तमान में भारत की साझेदारी 45 से अधिक देशों तक फैल चुकी है। जैसा कि हमने देखा भी कि हाल के वर्षों में सिंगापुर और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों के साथ समझौते, अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारतीय कंपनियों की सक्रिय भागीदारी और घरेलू स्टार्टअप्स को वैश्विक बाजारों से जोड़ने की पहल इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। भारत की अंतरिक्ष सफलता की कहानी में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की भूमिका केंद्रीय रही है। चंद्रयान, मंगलयान और सैकड़ों सफल उपग्रह प्रक्षेपणों ने भारत को एक विश्वसनीय अंतरिक्ष शक्ति के रूप में स्थापित किया है। डॉ. विक्रम साराभाई का यह दृष्टिकोण आज भी प्रासंगिक है कि ''हम अंतरिक्ष तकनीक को सिर्फ प्रतिष्ठा के लिए नहीं पाना चाहते हैं, भारत का उद्देश्य पूरी तरह से स्पष्ट और सार्वजनिक है कि समाज के विकास के लिए हमें अंतरिक्ष तकनीक का उपयोग करते रहना हैं।'' आज हम देखते भी हैं कि भारत के वैज्ञानिकों एवं केंद्र सरकार ने इसी सोच के साथ अंतरिक्ष को शिक्षा, कृषि, मौसम पूर्वानुमान, आपदा प्रबंधन और संचार जैसे क्षेत्रों में उपयोग किया है। इसके साथ एक बात यह भी दिखाई देती है कि वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था का आकार 500 बिलियन डॉलर से अधिक है, भारत का लक्ष्य इसमें अपनी हिस्सेदारी को तेजी से बढ़ाना है ।फिलहाल देखने में आ रहा है कि निजी निवेश और स्टार्टअप्स इस लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। यही कारण है जोकि अंतरिक्ष तकनीक अब राष्ट्रीय सुरक्षा, डिजिटल कनेक्टिविटी और डेटा इकोनॉमी का भी आधार बन चुकी हैं। ऐसे में कहना यही है कि भारत की अंतरिक्ष यात्रा विश्वास, दृष्टि और सामूहिक प्रयास का ही आज सुखद परिणाम के रूप में हमारे सामने है। निश्चित ही जब विश्व भारत की ओर देखता है, तब अच्छा लगता है कि एक भरोसेमंद साझेदार, एक नवाचारी शक्ति और एक प्रेरणास्रोत के रूप में भारत हमें दिखाई देता है। – डॉ. मयंक चतुर्वेदी

# बरगी जलाशय की क्रूज त्रासदीः पर्यटन की लहरों पर उठते सुरक्षा के यक्ष प्रश्न

**विवेक रंजन श्रीवास्तव**

नर्मदा के अथाह जल विस्तार में स्थित बरगी बांध का शांत वातावरण 30 अप्रैल की शाम अचानक चीखों और मातम में बदल गया। प्रकृति के सान्निध्य में तपिश से बचने सुखद समय बिताने निकले सैलानियों के लिए वह क्रूज, काल का ग्रास बन गया। यह दुर्घटना केवल एक प्राकृतिक आपदा नहीं है, बल्कि यह हमारे पर्यटन तंत्र की सुरक्षा खामियों और मानवीय त्रुटियों का एक गंभीर प्रमाण भी है। इस हादसे की गहराई में जाने पर कई ऐसे तथ्य दिखते हैं जो प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से इस त्रासदी के लिए जिम्मेदार प्रतीत होते हैं। सूर्यास्त के समय अचानक आए चक्रवाती तूफान और तेज हवाओं ने जलाशय में ऊंची लहरें पैदा कर दीं। गहरे पानी में क्रूज का संतुलन बिगड़ना प्राकृतिक प्रकोप था, या पर्यटकों की आपाधापी से पैदा हुआ असंतुलन , किंतु ऐसे मौसम की पूर्व चेतावनी का कोई प्रभावी तंत्र न होना एक बड़ी तकनीकी विफलता रही। इसके साथ ही, क्रूज की निर्धारित क्षमता से अधिक पर्यटकों का सवार होना संतुलन बिगड़ने का एक प्रमुख कारण बना। ओवरलोडिंग के कारण जलयान की स्थिरता कम हो जाती है, जिससे विपरीत परिस्थितियों में उसके पलटने की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। सुरक्षा मानकों के प्रति उदासीनता भी इस त्रासदी का एक बड़ा पहलू है। जल पर्यटन में लाइफ जैकेट की भूमिका अनिवार्य है, किंतु दुर्भाग्यवश या तो जैकेट की संख्या पर्याप्त नहीं थी या पर्यटकों ने उन्हें पहनना आवश्यक नहीं समझा। सुरक्षा नियमों की यह शिथिलता ही अक्सर जीवन पर भारी पड़ती है। वहीं शाम के धुंधलके और संसाधनों की कमी के कारण तत्काल बचाव कार्य शुरू करने में जो चुनौतियां आईं, उन्होंने हताहतों की संख्या को और बढ़ा दिया। ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए केवल शोक जताना पर्याप्त नहीं है, बल्कि एक अभेद्य सुरक्षा ढांचा खड़ा करना समय की मांग है। प्रत्येक क्रूज स्टेशन पर रियल-टाइम मौसम मॉनिटरिंग सिस्टम स्थापित होना चाहिए ताकि हवा की गति या दृश्यता कम होने की स्थिति में परिचालन को तत्काल प्रभाव से रोका जा सके। ''नो लाइफ जैकेट, नो राइड'' के सिद्धांत को बिना किसी समझौते के लागू करना होगा और जलयानों की भार क्षमता की डिजिटल निगरानी सुनिश्चित करनी होगी। उल्लंघन करने वाले संचालकों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई और लाइसेंस निरस्तीकरण जैसे कदम आवश्यक हैं। साथ ही, बांध स्थलों पर स्थानीय गोताखोरों और आपदा प्रबंधन दल की एक समर्पित इकाई आधुनिक उपकरणों के साथ सदैव तैनात रहनी चाहिए, जो किसी भी आपात स्थिति में 'गोल्डन ऑवर' के भीतर सहायता पहुंचा सके। क्रूज संचालकों और चालक दल को आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए नियमित प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए और जलयानों का समय-समय पर सुरक्षा ऑडिट अनिवार्य रूप से हो। बरगी की लहरों ने जो घाव दिए हैं, वे लंबे समय तक नहीं भरेंगे। पर्यटन और मनोरंजन का उत्साह तभी सार्थक है जब वह सुरक्षा की गारंटी के साथ हो। यह समय है कि हम तकनीक और नियमों के समन्वय से ऐसा वातावरण तैयार करें कि भविष्य में कोई भी जलाशय खुशियों की कब्रगाह न बने।

प्रत्येक क्रूज स्टेशन पर रियल-टाइम मौसम मॉनिटरिंग सिस्टम स्थापित होना चाहिए ताकि हवा की गति या दृश्यता कम होने की स्थिति में परिचालन को तत्काल प्रभाव से रोका जा सके। ''नो लाइफ जैकेट, नो राइड'' के सिद्धांत को बिना किसी समझौते के लागू करना होगा और जलयानों की भार क्षमता की डिजिटल निगरानी सुनिश्चित करनी होगी। उल्लंघन करने वाले संचालकों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई और लाइसेंस निरस्तीकरण जैसे कदम आवश्यक हैं।

## सेहत मंत्र

# बहुत लाभ हैं नीम के


नीम के वृक्ष का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। प्रकृति की इस महत्त्वपूर्ण देन नीम के वृक्ष की पत्तियां, छाल व कोपलें प्राकृतिक चिकित्सा में काम आती हैं। प्राकृतिक रूप से मनुष्य की चिकित्सा करने के लिये नीम को आयुर्वेद में सर्वगुण सम्पन्न वृक्ष माना गया है। नीम में शीतल कृमिनाशक व सूजन नाशक आदि गुण पाये जाते हैं। नीम की भूमिका विभिन्न रोगों में उपयोगी है। कुष्ठरोग, वात रोग, विष दोष, खांसी, ज्वर, रूधिर, दोष, टी.बी., खुजली आदि दूर करने में सहायक है। प्राकृतिक चिकित्सा में इसका उपयोग प्रमेह, मधुमेह, नेत्रा रोग में भी किया जाता है। नीम में साधारण रूप से कीटाणुनाशक शक्ति है। नयी कोपलों का नित्य प्रति सेवन करने से शरीर स्वस्थ व प्रसन्न रहता है। नीम के तेल में मार्गोसिन नामक उड़नशील तत्व पाया जाता है। इस तेल की मालिश करने से गठिया व लकवा रोग में लाभ होता है। इसके बीज में 31 प्रतिशत तक एक तेल रहता है जो गहरे पीले रंग का कड़वा, तीखा व दुर्गन्धयुक्त होता है। इस तेल में ओलिक एसिड रहता है। नीम का उपयोग विषम ज्वर में भी किया जाता है। इसके पानी का उपयोग एनिमा व स्पंज बाथ में किया गया है। बुखार में एक काढ़ा तैयार किया आ सकता है। ज्वर उतारने के लिये नीम के इस काढ़े को आयुर्वेदाचार्यों ने अमृत कहा है। काढ़ा तैयार करने के लिये 250 ग्राम पानी, तुलसी 10 पत्ते, काली मिर्च के 10 पत्ते, नींबू एक, एक टुकड़ा अदरक, नीम की पांच पत्तियां प्रयोग में लायी जाती हैं। सबसे पहले काली मिर्च व अदरक को पीसकर 250 ग्राम पानी में डालकर नींबू का रस व नीम की पत्तियां डालकर अच्छी तरह उबाला जाता है। पानी आधा रहने पर उसको छानकर उस काढ़े को पीकर सो जाते हैं जिससे शरीर में पसीना निकलता है। इससे बुखार खांसी व सिरदर्द में लाभ होता है। चर्म रोग में नीम का मरहम उपयोग किया जाता है। शरीर में घाव, चोट आदि ठीक हो जाते हैं। नीम के मरहम में नीम का रस व घी समान मात्रा में मिलाकर नीम का रस छीजकर केवल घी बचा रहता है और मरहम तैयार हो जाता है। महिलाओं के श्वेत प्रदर रोग में भी नीम लाभकारी है। इस रोग में नीम व बबूल की छाल का काढ़ा तैयार करके श्वेत प्रदर में उपयोग करने से अच्छा लाभ मिलता है।

## धर्म मंत्र

# सम्यक दृष्टि प्रदाता बुद्ध और बोध गया

बैशाख पूर्णिमा को मनाये जाने वाली बुद्ध पूर्णिमा विश्वभर में फैले बौद्ध अनुयायियों के लिए विशेष महत्व रखती है। लगभग 500 ईसा पूर्व उरुवेला नामक एक छोटे से गाँव में कपिलवस्तु के राजा शुद्धोधन के पुत्र राजकुमार सिद्धार्थ ने फल्गु नदी के किनारे बोधिवृक्ष तले कठिन तपस्या की। उन्हें जिस दिन इस स्थान पर ज्ञान की प्राप्ति हुई वह बैशाख पूर्णिमा ही थी। अपने असाधारण दिव्य ज्ञान के कारण सिद्धार्थ बुद्ध कहलाये। इसी कारण विश्वभर में यह दिवस बहुत धूमधाम से मनाया जाता है। यह अकारण नहीं कि बुद्ध सम्पूर्ण जगत के लिए जिज्ञासा का केन्द्र रहे हैं। उनका अष्टांग मार्ग अर्थात सम्यक दृष्टि, सम्यक संकल्प , सम्यक वाक, सम्यक कर्म, सम्यक जीविका, सम्यक प्रयास, सम्यक स्मृति औश्र सम्यक समाधि संसार को विवेक, वैराग्य और शांति के पथ पर अग्रसर करता है। उनका सम्पूर्ण जीवन प्रकाश स्तम्भ के समान है इसलिए यह कोई आश्चर्य नहीं कि भारत भूमि से आरंभ होकर बौद्ध दर्शन विश्व के बहुत बड़े भाग पर छा गया। कुछ विचारकों का मत है कि जिन देशों ने तथागत के मार्ग को स्वीकार किया वे आपेक्षाकृत विकास को प्राप्त हुए। अपने सहज, सरल संदेशों के कारण बुद्ध भारत ही नहीं विश्व के अनेक देशों में बहुत लोकप्रिय हुए। उनकी सर्वकालिक शिक्षाएं आज के परिवेश में भी प्रासंगिक है। उन्होंने अपने शिष्यों को सिखाया, 'हजारों खोखले शब्दों से अच्छा एक शब्द वह है जो आपके जीवन में शांति ले आता है। अतीत पर ध्यान मत दो, भविष्य के बारे में मत सोचो, सिर्फ अपने मन को वर्तमान क्षण पर केंद्रित रखने का प्रयास करो। जिस प्रकार मोमबत्ती बिना आग के नहीं जल सकती, ठीक उसी प्रकार मनुष्य भी आध्यात्मिक जीवन के बिना नहीं जी सकता है।

पर्यटन



# बिठूर में इतिहास और अध्यात्म का संगम

अगर आप भी कानपुर के आसपास किसी शांत और ऐतिहासिक जगह पर घूमना चाहते हैं। तो बिठूर एक बेहतरीन ऑप्शन हो सकता है। गंगा नदी के किनारे पर बसा यह एक छोटा सा कस्बा ऐतिहासिक घटनाओं, धार्मिक आस्था और प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाना जाता है। यहां पर कई ऐसे घाट, मंदिर और ऐतिहासिक स्थल हैं, जो श्रद्धालुओं और पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। वीकेंड ट्रिप या एक दिन की यात्रा के लिए यह जगह एकदम परफ़ेक्ट है। ऐसे में अगर आप भी कानपुर के आसपास घूमने की योजना बना रहे हैं, तो आपको बिठूर की इन जगहों को अपनी लिस्ट में जरूर शामिल करना चाहिए। हम आपको इस आर्टिकल के जरिए बिठूर के सबसे फ़ेमस पर्यटन स्थलों के बारे में बताने जा रहे हैं। ब्रह्मावर्त घाट बिठूर का सबसे फ़ेमस और पवित्र घाट माना जाता है। धार्मिक मान्यता है कि यहां पर ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना के लिए यज्ञ किया था। जिस कारण इसको ब्रह्मावर्त घाट कहा जाता है। यहां से गंगा नदी का दृश्य बेहद सुंदर दिखता है। आप यहां पर सुबह और शाम की आरती में भी शामिल हो सकते हैं। यहां का वातावरण बेहद शांत और आध्यात्मिक है। सूर्यास्त के समय यहां का नजारा बेहद खूबसूरत लगता है। यह जगह ध्रुव जी की तपस्या से जुड़ी मानी जाती है। पौराणिक कथाओं के मुताबिक यहां पर ध्रुव ने भगवान विष्णु की कठोर तपस्या की थी। जिसके बाद उनको आकाश में ध्रुव तारा बनने का आशीर्वाद मिला था। यहां की ऊंचाई से दिखने वाले दृश्य मनमोहक हैं और वातावरण शांत है। यह जगह महर्षि वाल्मीकि से जुड़ी है। धार्मिक मान्यता है कि यहां पर मां सीता ने अपने पुत्र लव और कुश को जन्म दिया था। इस कारण से यह जगह रामायण से जुड़ी महत्वपूर्ण धार्मिक स्थली मानी जाती है। यहां आप वाल्मीकि मंदिर और आश्रम परिसर देख सकती हैं। यह जगह साल 1857 के स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ी है। यहां पर नाना साहेब पेशवा से संबंधित स्मारक और ऐतिहासिक स्थल मौजूद हैं। अगर आप इतिहास में रुचि रखते हैं, तो यह जगह आपके लिए है। इस पार्क के अंदर संग्रहालय भी बना है।

# समयबद्धता और गुणवत्ता पर सख्त डीएम–रामनगर में बाढ़ सुरक्षा व निर्माण कार्यों का किया गहन निरीक्षण

## 15 जून तक हर हाल में पूरे हों बाढ़ सुरक्षा कार्य, लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई : ईशान प्रताप सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी। जनपद में चल रहे बाढ़ सुरक्षा एवं अन्य निर्माणाधीन परियोजनाओं यथा अन्ना पूर्णा भवन सहित अन्य का जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि बाढ़ सुरक्षा सम्बन्धी समस्त कार्य प्रत्येक दशा में समस्त कार्य 15 जून तक पूर्ण कर लिए जाएं। इसके लिए मौके पर श्रमिकों की संख्या बढ़ाते हुए कार्य में तेजी लाई जाए, ताकि समयसीमा का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित हो सके।

निरीक्षण की शुरुआत तहसील रामनगर स्थित ग्राम पंचायत मढ़ना में निर्माणाधीन अन्नपूर्णा भवन के कार्यों के निरीक्षण से हुई। इस दौरान निर्माण की गुणवत्ता संतोषजनक न पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही कार्यदायी संस्था ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया कि जिस दिन छत ढलाई का कार्य हो, उस दिन विभाग का जेई अनिवार्य रूप से मौके पर उपस्थित रहकर गुणवत्ता सुनिश्चित करे।





विकास खंड रामनगर के ग्राम कोरिन पुरवा मजरे तपेसिपाह गांव के निकट सरयू नदी के कटाव को रोकने हेतु बाढ़ खंड द्वारा कटाव निरोधक कार्य का स्थलीय निरीक्षण व नक्शे के माध्यम से बारीकी से जायजा लिया। और कहा की 15 जून से पहले समस्त कार्य कर लिए जाए तथा श्रमिकों की संख्या बढ़ा कर निर्धारित मानक के अनुसार कार्य कराया जाए, संभावित बाढ़ के मद्दे नजर नदी के पानी के बहाव से गांव को छत नहीं पहुंचे। जिसका विशेष रूप से ध्यान दिया जाए।

इसी क्रम में जिलाधिकारी द्वारा चौकाघाट मार्ग पर लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्माणाधीन सेतु कार्यों का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने निर्माण की प्रगति, गुणवत्ता एवं सुरक्षा मानकों का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्य को तय मानकों के अनुरूप शीघ्रता से पूर्ण किया जाए।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में गुणवत्ता एवं समयबद्धता सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। निरीक्षण के दौरान एसडीएम रामनगर आनंद तिवारी, को गरिमा पंत, तहसीलदार विपिन कुमार सिंह, खंड विकास अधिकारी जितेंद्र कुमार, डीएसओ सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# लाखों की फागिंग मशीनें बनी शोपीस मच्छरों के बीच जीने को मजबूर ग्रामीण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामसनेहीघाट बाराबंकी। ब्लॉक बनीकोडर क्षेत्र की कई ग्राम पंचायतों में मच्छरों से बचाव के लिए लाखों रुपये खर्च कर खरीदी गई फागिंग मशीनें बेकार पड़ी हैं। पंचायत भवनों में धूल फांक रही इन मशीनों का इस्तेमाल न होने से गांवों में मच्छरों का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। इससे ग्रामीणों पर डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव फागिंग कराने में कोई रुचि नहीं ले रहे हैं। कई पंचायतों में मशीन खरीदने के बाद एक बार भी फागिंग नहीं कराई गई। लोगों का कहना है कि कागजों में फागिंग दिखाकर जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारी पूरी मान रहे हैं, जबकि हकीकत में गांवों में शाम होते ही मच्छरों का आतंक बढ़ जाता है।




ग्रामीणों ने प्रशासन से गांवों में नियमित फागिंग कराए जाने और निष्क्रिय पड़ी मशीनों के उपयोग की मांग की है, ताकि संक्रामक बीमारियों के खतरे को रोका जा सके।

# सी.बी. सिंह लॉ कॉलेज में तृतीय राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता का भव्य आगाज, मुख्य अतिथि बोले– विधि शिक्षा का व्यावहारिक मंच है मूट कोर्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अकबरपुर अम्बेडकरनगर। सी.बी. सिंह लॉ कॉलेज, में दो दिवसीय तृतीय प्रो. डॉ. शिव सहाय सिंह राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता का शुक्रवार को भव्य शुभारंभ हुआ। डॉ. विजय प्रताप सिंह कांफ्रेंस हॉल में आयोजित उद्घाटन समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि माननीय न्यायमूर्ति श्री सी. डी. सिंह, न्यायाधीश इलाहाबाद उच्च न्यायालय एवं विशिष्ट अतिथि प्रो. (डॉ.) उषा टंडन, कुलपति, डॉ. राजेंद्र प्रसाद नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, प्रयागराज ने दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया। इससे पूर्व सभी अतिथियों ने कॉलेज के संस्थापक परमपूज्य महामना प्रो. डॉ. शिव सहाय सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया।

इस अवसर पर श्री कुलदीप पति त्रिपाठी, अतिरिक्त महाधिवक्ता, उत्तर प्रदेश, डॉ. के. एस. भाटी, वरिष्ठ अधिवक्ता, उच्च न्यायालय एवं प्रो. (डॉ.) अजय सिंह, हेड एवं डीन, विधि विभाग, डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मूट कोर्ट एवं कोर्ट रूम का डेकोरेशन डॉ. निधि सिंह एवं उनकी टीम द्वारा किया गया था। कॉलेज के प्रबंधक डॉ. धीरेन्द्र प्रताप सिंह, प्राचार्य डॉ. उदय प्रताप सिंह, आई.क्यू.ए.सी. समन्वयक डॉ. राजेंद्र कुमार वर्मा तथा मूट कोर्ट कमेटी के समन्वयक डॉ. अमित कुमार तिवारी एवं डॉ. संदीप श्रीवास्तव ने पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र भेंट कर सभी अतिथियों का स्वागत किया।



अपने संबोधन में विशिष्ट अतिथि प्रो. (डॉ.) उषा टंडन ने कहा, ''एक सफल विधिवेत्ता बनने के लिए केवल ज्ञान ही नहीं, बल्कि न्याय के प्रति प्रतिबद्धता भी आवश्यक है। छात्रों को संवैधानिक मूल्यों एवं नैतिकता के प्रति सदैव सजग रहना चाहिए। मूट कोर्ट जैसे मंच छात्रों को किताबी ज्ञान से आगे बढ़कर व्यावहारिक अनुभव देते हैं। मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति श्री सी. डी. सिंह ने मूट कोर्ट प्रतियोगिताओं की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा, ''यह मंच विद्यार्थियों को न्यायालयीन प्रक्रिया, तार्किक प्रस्तुतीकरण एवं विधिक शोध की गहन समझ प्रदान करता है। विधि शिक्षा के व्यावहारिक पक्ष को सुदृढ़ करने में मूट कोर्ट की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। आज के छात्र ही कल के न्यायाधीश और अधिवक्ता हैं, ऐसे में उनका व्यवहारिक प्रशिक्षण बेहद जरूरी है।''

उद्घाटन सत्र के समापन पर कॉलेज प्रबंधक डॉ. धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। प्राचार्य डॉ. उदय प्रताप सिंह ने भविष्य में पुनः पधारने का अनुरोध किया।

लंच के बाद कॉलेज मूट कोर्ट कमेटी ने प्रतियोगिता के प्रिलिमिनरी राउंड का आरंभ किया। कुल 16 टीमों ने प्रतिभाग किया, जिनमें से 8 टीमों ने क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। द्वितीय राउंड में 8 टीमों ने अपना प्रदर्शन किया और 1 घंटे उपरांत क्वार्टर फाइनल में विजेता टीमों का रिजल्ट मूट कोर्ट कमेटी द्वारा घोषित किया गया। प्रथम दिवस का समापन भव्य मध्याह्न भोज के साथ शाम 6 बजे हुआ।

कॉलेज प्रशासन ने बताया कि शनिवार 3 मई को सेमी फाइनल एवं फाइनल राउंड आयोजित होंगे। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. डॉ. बिजेंदु सिंह, कुलपति, डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या उपस्थित रहेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. धर्मेन्द्र सिंह सैंगर, अधिवक्ता, उच्च न्यायालय एवं पूर्व कुलपति, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर तथा प्रो. सुशील सिंह, कोऑर्डिनेटर इतिहास विभाग, कमला नेहरू भौतिक एवं सामाजिक विज्ञान संस्थान सुल्तानपुर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। इस अवसर पर विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे।

# विधायक दिनेश रावत ने करोड़ों के विकास कार्यों का किया उद्घाटन ग्रामीणों को मिली बड़ी सौगात

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**डामर रोड व इंटरलॉकिंग मार्गों से आवागमन होगा आसान, क्षेत्रीय विकास को मिलेगी नई रफ्तार**

हैदरगढ़ बाराबंकी विकास खंड क्षेत्र के अंतर्गत जिला पंचायत निधि एवं क्षेत्र पंचायत के सहयोग से पूर्ण हुए विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन दिनेश रावत द्वारा किया गया। इस दौरान क्षेत्र में सड़क एवं मार्ग निर्माण से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों को जनता को समर्पित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम पंचायत रोहना मीरापुर के सोगरौ में लगभग ?34 लाख की लागत से निर्मित 470 मीटर लंबी डामर सड़क का उद्घाटन किया गया। यह सड़क निर्माण क्षेत्रवासियों के लिए आवागमन को अधिक सुगम एवं सुरक्षित बनाएगा। इसके साथ ही ग्राम सोईना में 6 लाख की लागत से लगभग 92 मीटर इंटरलॉकिंग मार्ग तथा ग्राम रोहना मीरापुर में मुख्य मार्ग से मंदिर तक लगभग 80 मीटर इंटरलॉकिंग मार्ग का भी उद्घाटन किया गया। इन कार्यों से ग्रामीणों को दैनिक आवागमन में विशेष सुविधा प्राप्त होगी और स्थानीय स्तर पर विकास को गति मिलेगी। विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं और आगे भी जनहित में ऐसे कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराए जाएंगे। इस अवसर पर क्षेत्र के सम्मानित जनप्रतिनिधिगण, ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य, पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता, वरिष्ठ नागरिक एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# डीएम ईशान ने रामनगर तहसील में सुनी फरियाद, 52 शिकायतों का मौके पर निस्तारण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। जनसमस्याओं के त्वरित और पारदर्शी समाधान के उद्देश्य से तहसील रामनगर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने फरियादियों की समस्याएं सुनकर कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण कराया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय, एसडीएम आनंद कुमार तिवारी समेत सभी विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। समाधान दिवस में राजस्व और प्रमाण पत्रों से जुड़े कई मामलों में तत्काल राहत दी गई। ग्राम अमोलीकला निवासी रमाकांत सिंह और पुरैना निवासी श्रीमती झिन्ना की खतौनी में हुई लिपिकीय त्रुटि को मौके पर ही ठीक कराया गया। वहीं ग्राम गर्री निवासी सुशील कुमार और अंकुल की खतौनी में बालिग होने के बावजूद नाबालिग दर्ज होने की शिकायत का भी तत्काल संशोधन कराया गया। इसके अलावा बिछलखा (भौसुरिया) निवासी



रामवती ने पति के मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए बार-बार आवेदन देने के बावजूद कार्रवाई न होने की शिकायत की, जिस पर डीएम ने तत्काल पत्रावली मंगवाकर प्रमाण पत्र जारी कराया। जिलाधिकारी ने लंबित मामलों के निस्तारण के लिए 10 टीमों का गठन कर फील्ड में भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी टीमें मौके पर जाकर शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें और शिकायतकर्ता की संतुष्टि भी सुनिश्चित की जाए। जनपद की सभी तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 486 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 52 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील नवाबगंज में 164 में से 20, सिरौलीगौसपुर में 16 में से 5, रामसनेहीघाट में 61 में से 7, रामनगर में 97 में से 10, फतेहपुर में 57 में से 6 तथा हैदरगढ़ में 91 में से 7 शिकायतों का तत्काल समाधान किया गया।

### संदिग्ध दशा में ग्रामीण की मौत

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र के ग्राम बरुआ नरेंद्रपुर में 44 वर्षीय रामप्रकाश गौतम की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। बताते हैं कि वह अपने घर के पास अचानक गिर पडे।उन्हें एंबुलेंस से सीएचसी ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित किया।पुलिस द्वारा शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है।मृतक अपने पीछे पत्नी व पांच बच्चे छोड़ गया हैं।

### सीएससी का औचक निरीक्षण, सीएमओ संतुष्ट

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर का मुख्य चिकित्सा अधिकारी अवधेश कुमार यादव ने औचक निरीक्षण किया।जिसमें सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं डॉक्टर अपने कार्यस्थल पर उपस्थित मिले।गर्भवती महिलाओं की जांच अल्ट्रासाउंड व अन्य सुविधाएं सुचारु रूप से संचालित पाई गईं।इसी दौरान सीएमओ ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत विशेष जांच की जा रही है अस्पताल में सभी जरूरी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हैं।

### दिनदहाड़े घर में घुसे चोर, 8 लाख नकदी व जेवरात पार

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम रसौली में शनिवार सुबह करीब 8 बजे अज्ञात चोरों ने एक घर में घुसकर लाखों की चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर दूसरी मंजिल पर बने कमरों और अलमारियों के ताले तोड़कर करीब 8 लाख रुपये नकद समेत लाखों के जेवरात उठा ले गए।

पीड़ित सईद अहमद उर्फ सईदू के अनुसार परिवार के लोग नीचे चाय–नाश्ते में व्यस्त थे, तभी चोर एसी की खिड़की तोड़कर घर में दाखिल हुए और नगदी व जेवरात लेकर उसी रास्ते से फरार हो गए। चोरी गए सामान में झुमकी, मंगलसूत्र, हार, नथुनी, पायल समेत अन्य आभूषण शामिल हैं। दिनदहाड़े आबादी के बीच हुई इस दुस्साहसिक चोरी से इलाके में दहशत फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू कर दी है।थानाध्यक्ष अमर कुमार चौरसिया ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है, फिर भी मामले की जांच की जा रही है और जल्द खुलासे का प्रयास किया जाएगा।

### नरवारी ग्राम पंचायत में बिना काम किए ही भरी जा रही 35 मजदूरों की हाजिरी

अखंडनगर/सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद के विकासखंड अखंड नगर अंतर्गत ग्राम पंचायत नरवारी में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) में एक बड़ी धांधली का मामला प्रकाश में आया है। यहाँ धरातल पर मजदूर न होने के बावजूद कागजों में 35 मजदूरों की फर्जी हाजिरी दर्ज की जा रही है। हैरानी की बात यह है कि जब इस मामले को लेकर ग्राम प्रधान से संपर्क किया गया और जानकारी माँगी गई, तो उन्होंने स्वयं इस बात को स्वीकार किया। प्रधान ने स्पष्ट रूप से कहा कि मजदूर धरातल पर कार्य नहीं कर रहे हैं, लेकिन कागजों में उनकी हाजिरी लगाई गई है। प्रधान का यह बयान सरकारी धन के बंदरबांट और योजना में पारदर्शिता की कमी को उजागर करता है। इस गंभीर प्रकरण की जानकारी जब अखंड नगर की एपीओ को दी गई, तो उन्होंने मामले को संज्ञान में लिया। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि मनरेगा में किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि फर्जी हाजिरी दर्ज करने का मामला सही पाया जाता है, तो दोषियों के विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। यह मामला सामने आने के बाद अब ब्लॉक प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि प्रधान खुलेआम फर्जी हाजिरी की बात स्वीकार रहे हैं, तो इसकी गहन जांच होनी चाहिए कि आखिर यह खेल कब से चल रहा था और इसमें कौन–कौन शामिल है।

### श्री राम कथा में उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब, 3 अप्रैल को होगा भंडारा

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पंडित राजेश उपाध्याय के सानिध्य में आयोजित श्री राम कथा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। 28 तारीख से प्रारंभ हुई इस कथा में प्रतिदिन भक्तजन बड़ी संख्या में पहुंचकर कथा का रसपान कर रहे हैं। इस पावन अवसर पर गोकर्ण नाथ उपाध्याय, हृदय नारायण उपाध्याय, कॉमेडी स्टार बलराम पांडे, रामबिहारी उपाध्याय, राघवेन्द्र दुबे, राधेश्याम उपाध्याय, बसंत उपाध्याय एवं भगवती तिवारी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कथा के दौरान भगवान शंकर और माता पार्वती के विवाह प्रसंग का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया गया, जिसे सुनकर उपस्थित श्रद्धालु भाव–विभोर हो गए और पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। आयोजकों ने बताया कि 3 अप्रैल को भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करने की अपील की गई है।

# सपा सरकार बनाने के लिए करना होगा कठिन परिश्रम : गोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी जन भावनाओं के अनुरूप कार्य करने वाले गरीब कमजोर के दुख दर्द समझने वाले पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को 2027 के विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बिठाने के लिए कठिन से कठिन रास्तों पर चलते हुए मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बिठाने का काम करना होगा तभी उत्तर प्रदेश के नौजवानों किसानों महिलाओं के चेहरे पर मुस्कान आएगी

उक्त बात सपा के राष्ट्रीय सचिव पूर्व मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने आज छाया चौराहा स्थित जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद एवं जिला उपाध्यक्ष यशवंत सिंह यादव के संचालन में आयोजित मासिक बैठक में बैठक में मौजूद पदाधिकारी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किये।

श्री गोप ने आगे कहा कि एस आई आर प्रक्रिया में जिस प्रकार पूरी तन्मयता से पार्टी के हर पदाधिकारी कार्यकर्ता ने काम किया है वह निश्चित तौर पर सराहनीय इसकी जितनी तारीफ की जाए वह काम है किंतु अब हमारे सामने जो चुनौती है वह अत्यंत महत्वपूर्ण है इस चुनौती का सामना हम सबको अब दुगनी ताकत से करना होगा इसके लिए हम सभी को अभी से अपने-अपने बूथों को मजबूत करने के साथ मौजूदा सरकार की करगुजारियों, कमियों को गांव गांव जन जन तक पहुंचाने के साथ पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के द्वारा छात्रों नौजवानों किसानों मजदूरों महिलाओं व्यापारियों के हक अधिकारों को बचाए रखने के लिए जिस प्रकार सड़क से लेकर संसद तक लड़ाई लड़ रहे हैं उन सभी कार्यों विचारों को हम सभी को गांव-गांव जाकर आम जनमानस के बीच में रखना होगा तभी हम मौजूदा सरकार के प्रलोभनो का मुंह तोड़ जवाब देने के साथ प्रदेशवासियों को महंगाई बेरोजगारी से बचाने के साथ आम प्रदेश वासियों के चेहरे पर मुस्कान लाने का काम कर पाएंगे जिसका सपना हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव देख रहे है।मासिक बैठक को जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद जैदपुर विधायक गौरव रावत, पूर्व विधान परिषद सदस्य अरविंद यादव, प्रदेश सचिव हुमायूं नईम खान ने भी संवोधितकिया, इस अवसर पर मौलाना असलम, सुरेश चंद्र गौतम, जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान, जिला कोषाध्यक्ष प्रीतम सिंह वर्मा, जिला उपाध्यक्ष पंडित रामचंद्र मिश्रा, अजय वर्मा बबलू, श्याम प्रकाश त्रिवेदी, चक्खन यादव, प्रदुमन यादव,सहित भारी संख्या मे कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।



## पंजाब किंग्स की निगाह वापसी पर, जीत की हैट्रिक लगाने की कोशिश करेगा गुजरात टाइटंस

एजेंसी

अहमदाबाद। पिछले मैच में पंजाब किंग्स का जीत का सिलसिला टूट गया और वह लगातार तीसरी जीत हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध गुजरात टाइटंस के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में अपने अभियान को फिर से पटरी पर लाने की कोशिश करेगा। राजस्थान रॉयल्स ने इस सप्ताह के शुरू में पंजाब किंग्स के अजेय अभियान पर रोक लगा दी थी। हालांकि पंजाब किंग्स की टीम आठ मैचों में 13 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर बनी हुई है, लेकिन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी), सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स उससे सिर्फ एक अंक पीछे हैं। लगातार छह जीत हासिल करके शुरुआती बढ़त बनाने वाली पंजाब किंग्स की गेंदबाजी विभाग को लेकर कुछ चिंताएं हैं। पंजाब के बल्लेबाजों की तरह उसके गेंदबाज अपने प्रदर्शन में निरंतरता नहीं



बना पाए हैं। उसके बल्लेबाजों के अच्छे प्रदर्शन के कारण गेंदबाजों की कमियां खुलकर सामने नहीं आई हैं लेकिन टूर्नामेंट अब महत्वपूर्ण मोड़ पर पहुंच चुका है और ऐसे में कोई कमजोरी टीम पर भारी पड़ सकती है। गेंदबाजों की असफलता के कारण पंजाब के बल्लेबाजों पर दबाव पड़ रहा है, क्योंकि या तो उन्हें बड़े लक्ष्य हासिल करने पड़ रहे हैं या फिर पहले बल्लेबाजी करते हुए बड़ा स्कोर बनाना पड़ रहा है। ऐसे में पंजाब को अब अधिक स्पष्ट रणनीति के साथ मैदान पर उतरना होगा। पंजाब की फील्डिंग भी अच्छी नहीं रही है और उसने कई कैच छोड़े हैं। टीम प्रबंधन को इस विभाग में भी काम करने की जरूरत है। हालांकि बल्लेबाजी अब भी पंजाब की सबसे बड़ी ताकत है। सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह ने अच्छी शुरुआत दी है, वहीं कूपर कोनोली ने भी रन बनाए हैं। कप्तान श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाला मध्य क्रम मजबूत स्कोर बनाने या लक्ष्य का पीछा करने में सक्षम साबित हुआ है। दूसरी ओर गुजरात टाइटन्स की टीम लगातार दो मैच जीतकर इस मैच में उतर रही है, हालांकि उसका अभियान उतार चढ़ाव वाला रहा है। चेन्नई सुपर किंग्स और फिर आरसीबी के खिलाफ लगातार जीत के बाद टाइटन्स 10 अंकों के साथ तालिका में पांचवें स्थान पर हैं। गुजरात की बल्लेबाजी उसके शीर्ष तीन बल्लेबाजों साई सुदर्शन, कप्तान शुभमन गिल और जोस बटलर के इर्द-गिर्द घूमती रही है। इन तीनों पर अत्यधिक निर्भरता टीम के लिए चिंता का विषय है। वॉशिंगटन सुंदर ने मध्य क्रम में अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन शाहरुख खान और राहुल तेवतिया जैसे फिनिशर अभी तक प्रभाव नहीं डाल पाए हैं। टीम को संतुलन प्रदान करने के लिए जेसन होल्डर को भी मध्य क्रम में शामिल किया गया है और उन्होंने मौजूदा चैंपियन आरसीबी के खिलाफ जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## सूर्यवंशी को आंख दिखाने पर जैमीसन को मिला एक डिमैरिट अंक

एजेंसी



जयपुर। दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज काइल जैमीसन को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच के दौरान राजस्थान रॉयल्स के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को आउट करने के बाद उनके प्रति आक्रामक अंदाज अपनाने के लिए एक डिमैरिट अंक का दंड दिया गया है। आईपीएल ने बयान में कहा, ''काइल जैमीसन ने जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच के दौरान खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों के लिए आईपीएल की आचार संहिता के लेवल एक का उल्लंघन किया जिसके लिए उन्हें एक डिमैरिट अंक दिया गया और उन्हें चेतावनी भी दी गई। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज को आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 का उल्लंघन करते हुए पाया गया, जो ''ऐसी भाषा, कार्यों या इशारों का उपयोग करने से संबंधित है जो किसी अन्य खिलाड़ी का अपमान करते हैं या उससे आक्रामक प्रतिक्रिया को उकसा सकते हैं। यह घटना राजस्थान रॉयल्स की पारी के दूसरे ओवर में घटी, जब 15 वर्षीय सूर्यवंशी को आउट करने के बाद जैमीसन आक्रामक अंदाज में उनके पास गए। सूर्यवंशी ने हालांकि किसी तरह की प्रतिक्रिया नहीं की लेकिन वह ऐसा कर सकते थे। जैमीसन ने अपराध स्वीकार किया और मैच रेफरी राजीव सेठ द्वारा दिए गए दंड को स्वीकार कर लिया। दिल्ली कैपिटल्स ने इस मैच में सात विकेट से जीत हासिल की थी।

## अपनी टीम के लिए फिनिशर की भूमिका निभाकर अच्छा लगता है: आशुतोष शर्मा

एजेंसी

जयपुर। दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज आशुतोष शर्मा ने कहा कि वह मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में फिनिशर की भूमिका निभाने का आनंद ले रहे हैं और टीम की जीत में योगदान देकर उन्हें बहुत खुशी होती है। दिल्ली कैपिटल्स ने यहां खेले गए मैच में राजस्थान रॉयल्स पर सात विकेट से जीत हासिल की जिसमें आशुतोष ने 15 गेंदों में नाबाद 25 रन बनाकर फिनिशर की भूमिका अच्छी तरह से निभाई। इस जीत से उनकी टीम ने लगातार तीन मैचों में हार का सिलसिला तोड़ा। आशुतोष ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा, ''मुझे अपनी टीम के लिए फिनिशर की भूमिका निभाकर अच्छा लगता है। टीम ने इन परिस्थितियों में मुझ पर भरोसा किया



है और मुझे ऐसे मौकों पर खेलना पसंद है। मुझे हमेशा लगता है कि जब तक मैं क्रीज पर हूं, टीम को जीत दिला सकता हूं। दिल्ली के सामने 226 रन का लक्ष्य था। केएल राहुल और पथुम निसांका ने पहले विकेट के लिए 110 रन जोड़कर उसे अच्छी शुरुआत दिलाई। आशुतोष ने कहा, ''आजकल टी20 क्रिकेट में बहुत कुछ पहले विकेट की साझेदारी और पावरप्ले पर निर्भर करता है। हमारे सलामी बल्लेबाजों ने बहुत अच्छी शुरुआत दी। इसी वजह से हम पूरे मैच में बने रहे और आखिर में जीत हासिल कर सके। इससे पहले दिल्ली के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क और काइल जैमीसन ने राजस्थान के विस्फोटक सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और वैभव सूर्यवंशी को पहले दो ओवरों के भीतर आउट कर दिया था। आशुतोष ने कहा, ''उनके सलामी बल्लेबाजों ने पिछले मैचों में शानदार प्रदर्शन किया था और हमारा लक्ष्य उन्हें जल्दी आउट करना था। हम इसमें सफल रहे। इस बीच राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने स्वीकार किया कि गेंदबाजों के खराब प्रदर्शन के कारण उनकी टीम मैच हार गई। राठौड़ ने कहा, ''हमारे गेंदबाज आज फिर से अपनी रणनीति पर अच्छी तरह से अमल नहीं कर पाए। हमें लगा था कि इस पिच पर 226 रन काफी थे।

## केकेआर के खिलाफ जीत का सिलसिला बरकरार रखने उतरेगा सनराइजर्स

एजेंसी

हैदराबाद। अपने बल्लेबाजों के दमदार प्रदर्शन से खिताब के दावेदारों में शामिल हुई सनराइजर्स हैदराबाद की टीम कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में अपनी जीत का सिलसिला जारी रखने के लिए किसी तरह की कसर नहीं छोड़ेगी। सनराइजर्स की टीम लगातार पांच मैच जीत चुकी है और अंकतालिका में नौ मैचों में 12 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। उसने अब तक छह मैच जीते हैं जबकि तीन मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा है। दूसरी ओर अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में केकेआर की टीम अभी तक संघर्ष करती रही है, लेकिन उसने अपने आखिरी दो मैच जीते हैं। दस टीमों के इस टूर्नामेंट में वह आठवें स्थान पर है। सनराइजर्स के पास टूर्नामेंट में अभी तक सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में दूसरे



और तीसरे स्थान पर काबिज अभिषेक शर्मा और हेनरिक क्लासेन हैं। ईशान किशन के रूप में सनराइजर्स के पास एक और विस्फोटक बल्लेबाज है जो किसी भी दिन अपने दम पर मैच का रुख बदल सकता है और उन्होंने इस सत्र में इसे साबित भी किया है। ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड ने भी सनराइजर्स के पिछले मैच में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 76 रन बनाकर फॉर्म में शानदार वापसी की। उनकी इस पारी की बदौलत सनराइजर्स ने 18.4 ओवर में छह विकेट शेष रहते 243 रन का विशाल लक्ष्य हासिल कर दिया। नीतीश कुमार रेड्डी और सलिल अरोड़ा ने जरूरत पड़ने पर बल्लेबाजी में शानदार प्रदर्शन किया है। सनराइजर्स की मजबूत बल्लेबाजी को देखते हुए केकेआर कि गेंदबाजों को उन पर अंकुश लगाने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने होंगे। सनराइजर्स की गेंदबाजी की बात करें तो कप्तान पैट कमिंस की वापसी से उसे मजबूती मिली है। उनके अलावा प्रफुल्ल हिंगे, ईशान मलिंगा, रेड्डी और साकिब हुसैन भी अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभा रहे हैं। सनराइजर्स ने इन दोनों टीम के बीच खेले गए पिछले मैच में 65 रन से जीत हासिल की थी जिससे वह अधिक आत्मविश्वास के साथ मैदान पर उतरेगी। केकेआर की टीम को अभी तक पांच मैच में हार का सामना करना पड़ा जबकि इसका एक मैच बारिश के कारण रद्द करना पड़ा था। केकेआर ने 2025 में निराशाजनक अभियान के बावजूद रहाणे को कप्तान बनाए रखा लेकिन यह बल्लेबाज अभी तक टीम को प्रेरित करने में नाकाम रहा है। उन्होंने एक बल्लेबाज के रूप में टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन कप्तान के रूप में उनके कुछ फैसले संदिग्ध रहे हैं। यह देखना बाकी है कि क्या केकेआर आखिरकार रचिन रविंद्र को टीम में शामिल करता है या नहीं, क्योंकि वह काफी समय से बेंच पर बैठे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बीच के ओवरों में और बेहतर गेंदबाजी कर सकते थे: पराग

**जयपुर।** राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग ने शुक्रवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में दिल्ली कैपिटल्स से मिली हार के बाद कहा कि बीच के ओवरों में और बेहतर गेंदबाजी कर सकते थे। राजस्थान रॉयल्स ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला करने के बाद कप्तान रियान पराग (90 रन) के अर्धशतक और अंत में डोनोवन फरेरा (14 गेंद में नाबाद 47 रन) की ताबड़तोड़ पारी की बदौलत छह विकेट पर 225 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। लेकिन केएल राहुल और पाथुम निसांका के अर्धशतक पराग की शानदार पारी पर भारी पड़े। दिल्ली कैपिटल्स ने 'प्लेयर ऑफ द मैच' राहुल (75 रन) और निसांका (62 रन) के अर्धशतकों से मिली शानदार शुरूआत के दम पर राजस्थान रॉयल्स को पांच गेंद रहते सात विकेट से शिकस्त दी। पराग ने मैच के बाद कहा, ''मुझे लगा कि यह एक अच्छा स्कोर था। 200 के आस-पास का स्कोर ठीक था। बीच के ओवरों में हम और बेहतर गेंदबाज़ी कर सकते थे। वह चोटिल होने के कारण मैदान से बाहर चले गए थे। उन्होंने अपनी चोट के बारे में कहा, ''उम्मीद है कि यह ज्यादा गंभीर नहीं है, हैमस्ट्रिंग चोट लगी है। एक हफ्ते का ब्रेक लूंगा, फिर सब ठीक हो जाएगा। उन्होंने अपनी पारी के बारे में कहा, ''मुझे आलोचकों को कोई जवाब देने की जरूरत नहीं है। उनकी आंखें डबडबा गईं और उन्होंने कहा, ''आखिर में, हम मैच हार गए।

### टेपे सिगेमन शतरंज 2026: अर्जुन एरिगैसी ने दुनिया के नंबर-1 मैग्नस कार्लसन को ड्रॉ पर रोका

**माल्मो (स्वीडन)।** टेपे सिगेमन एंड कंपनी शतरंज टूर्नामेंट के 31वें संस्करण में भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी ने शानदार शुरुआत करते हुए दुनिया के नंबर-1 खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को पहले दौर में ड्रॉ पर रोक दिया। मैच के दौरान कार्लसन ने क्वीन साइड पर दबाव बनाने की कोशिश की, लेकिन अर्जुन ने सटीक बचाव करते हुए 24...ӕ6! चाल चलकर पास्ड प्यादे के खतरे को खत्म कर दिया। इसके बाद उन्होंने अपने घोड़े को सक्रिय करते हुए स्थिति को सरल बनाया। रूक के आदान-प्रदान के बाद सफ़ेद मोहरों के पास जीत का कोई स्पष्ट रास्ता नहीं बचा और मुकाबला ड्रॉ पर समाप्त हुआ। अर्जुन एरिगैसी के लिए 2026 की शुरुआत कुछ खास नहीं रही थी। वह टाटा स्टील मास्टर्स में 13वें और फीडे फ्रीस्टाइल शतरंज विश्व चैंपियनशिप में छठे स्थान पर रहे थे, जिसे कार्लसन ने जीता था। यह टूर्नामेंट क्लासिकल शतरंज के सबसे मजबूत आयोजनों में से एक माना जाता है। इसमें 2024 के विजेता नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव, 2021 के चैंपियन जोर्डन वान फोरेस्ट और स्वीडन के नंबर-1 खिलाड़ी निल्स ग्रैंडेलियस जैसे दिग्गज खिलाड़ी खिताब के लिए मुकाबला कर रहे हैं। अर्जुन का यह ड्रॉ उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने वाला साबित हो सकता है, क्योंकि उन्होंने दुनिया के शीर्ष खिलाड़ी के खिलाफ बेहतरीन खेल दिखाया।

### सोना गिरा, चांदी चमकी



**नई दिल्ली।** अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के कारण वैश्विक बाजारों में अनिश्चितता का माहौल बना हुआ है, जिसका असर सोने और चांदी की कीमतों पर भी साफ दिखाई दे रहा है। 2 मई को सोने की कीमतों में लगातार दूसरे दिन गिरावट दर्ज की गई है, जबकि चांदी ने मजबूती दिखाई है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 10 ग्राम पर 10 रुपये कम हो गई है। वहीं 22 कैरेट सोना भी 10 रुपये सस्ता हुआ है। पिछले दो दिनों में 24 कैरेट सोने की कीमत में कुल 2,360 रुपये और 22 कैरेट में 2,160 रुपये की गिरावट आई है। इससे निवेशकों में थोड़ी सतर्कता देखी जा रही है। दूसरी ओर, चांदी की कीमतों में उछाल देखने को मिला है। लगातार दो दिनों की गिरावट के बाद चांदी ने फिर से रफ्तार पकड़ी है। दिल्ली में चांदी की कीमत 100 रुपये प्रति किलोग्राम बढ़कर 2,55,100 रुपये हो गई है। मुंबई और कोलकाता में भी यही भाव है, जबकि चेन्नई में चांदी सबसे महंगी 2,64,900 रुपये प्रति किलोग्राम पर बिक रही है। विशेषज्ञों के अनुसार, सोने की कीमतों में भविष्य में तेजी आ सकती है। वैश्विक केंद्रीय बैंकों की खरीद और अमेरिका में ब्याज दरों में संभावित कटौती इसके प्रमुख कारण माने जा रहे हैं। हालांकि, अल्पकाल में कीमतों में हल्की नरमी बनी रह सकती है। अनुमान है कि साल के अंत तक सोना 1.63 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम तक पहुंच सकता है।

## शिमला में वाणिज्यिक एलपीजी कीमतों में भारी बढ़ोतरी पर रेस्तरां मालिकों की नाराजगी

एजेंसी

शिमला। हिमाचल प्रदेश के शिमला में रेस्तरां और खाने-पीने की दुकानों के संचालकों ने वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 993 रुपये की भारी बढ़ोतरी की आलोचना की और कहा है कि इससे महंगाई बढ़ेगी तथा खाद्य पदार्थों के दाम भी प्रभावित होंगे। स्थानीय दुकानदारों ने कहा कि 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक सिलेंडर की कीमत बढ़कर अब 3,071 रुपये हो गई है, जबकि पांच किलोग्राम सिलेंडर का दाम 549 रुपये से बढ़कर 810 रुपये हो गया है, जो करीब 48 प्रतिशत की वृद्धि है। मिठाई की दुकान संचालक वरुण ने कहा कि शहर में व्यावसायिक गैस सिलेंडर की कीमत में करीब 1,000 रुपये की बढ़ोतरी हुई है और परिवहन खर्च जोड़ने के बाद इसकी लागत लगभग 3,450 रुपये तक पहुंच जाती है। उन्होंने कहा, ़हम इसी कीमत में



पहले दो सिलेंडर ले लेते थे। इसका असर सिर्फ ग्राहकों पर ही नहीं बल्कि पर्यटकों पर भी पड़ेगा क्योंकि कीमतों का बोझ अंततः उपभोक्ताओं पर ही डाला जाएगा। इससे कारोबार पर भी असर पड़ेगा। राम बाजार स्थित 85 साल पुरानी मिठाई की दुकान के संचालक तवेश ने कहा कि एलपीजी की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं और सिलेंडर की आपूर्ति में भी समय लग रहा है, जिससे उनका लाभ कम हो गया है। उन्होंने कहा कि अभी तक उन्होंने खाद्य पदार्थों के दाम नहीं बढ़ाए हैं, लेकिन कच्चे माल की बढ़ती कीमतों के कारण आगे स्थिति मुश्किल हो सकती है।

## मैड्रिड ओपन 2026: अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने अलेक्जेंडर ब्लॉक्स को हराकर फाइनल में बनाई जगह

एजेंसी



मैड्रिड। मैड्रिड ओपन में विश्व नंबर-3 अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने शुक्रवार रात शानदार प्रदर्शन करते हुए बेल्जियम के उभरते खिलाड़ी अलेक्जेंडर ब्लॉक्स को सीधे सेटों में 6-2, 7-5 से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। अब खिताबी मुकाबले में उनका सामना विश्व नंबर-1 जानिक सिनर से होगा। मैच के बाद ज्वेरेव ने कहा, फाइनल में पहुंचकर मैं बेहद खुश हूं। यहां कई कठिन मुकाबले और संघर्ष देखने को मिले। मैं जानिक सिनर के खिलाफ फिर खेलने को लेकर उत्साहित हूं। इस समय उनके लिए टेनिस खेलना बहुत आसान लग रहा है, लेकिन उम्मीद है कि फाइनल में मैं उन्हें कड़ी टक्कर दूंगा। ज्वेरेव ने मुकाबले की शुरुआत से ही दबदबा बनाए रखा और पहले सेट में पहले और पांचवें गेम में ब्रेक हासिल कर 5-1 की बढ़त बना ली। हालांकि ब्लॉक्स ने संघर्ष दिखाते हुए कुछ सेट प्वाइंट बचाए, लेकिन जर्मन खिलाड़ी ने चौथे मौके पर सेट अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट में ब्लॉक्स ने कड़ा मुकाबला किया और कई ब्रेक प्वाइंट बचाए, लेकिन अंततः ज्वेरेव ने 6-5 की बढ़त बनाते हुए निर्णायक ब्रेक हासिल किया और मैच जीत लिया। इस जीत के साथ ज्वेरेव इस सत्र में पहली बार फाइनल में पहुंचे हैं। वह इससे पहले 2018 और 2021 में मैड्रिड ओपन का खिताब जीत चुके हैं और अब तीसरी बार ट्रॉफी जीतने के इरादे से उतरेंगे।

## टीवीएस मोटर कंपनी की अप्रैल में कुल बिक्री सात प्रतिशत बढ़कर 4,73,970 इकाई

एजेंसी




नयी दिल्ली। टीवीएस मोटर कंपनी की अप्रैल 2026 में कुल बिक्री सात प्रतिशत बढ़कर 4,73,970 इकाई रही, जबकि पिछले वर्ष इसी महीने यह 4,43,716 इकाई थी। कंपनी ने एक बयान में कहा कि कुल दोपहिया वाहनों की बिक्री छह प्रतिशत बढ़कर 4,55,333 इकाई रही, जो अप्रैल 2025 में 4,30,150 इकाई थी। घरेलू बाजार में दोपहिया वाहनों की बिक्री आठ प्रतिशत बढ़कर 3,48,545 इकाई रही, जबकि पिछले वर्ष यह 3,23,647 इकाई थी। कंपनी के अनुसार, अप्रैल में मोटरसाइकिल बिक्री घटकर 2,00,039 इकाई रही, जो पिछले वर्ष इसी अवधि में 2,20,347 इकाई थी। वहीं स्कूटर बिक्री 24 प्रतिशत बढ़कर 2,11,158 इकाई हो गई, जो एक वर्ष पहले 1,69,741 इकाई थी। इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री में 36 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई और यह 37,771 इकाई रही, जबकि पिछले वर्ष यह 27,684 इकाई थी। तीन-पहिया वाहनों की बिक्री 37 प्रतिशत बढ़कर 18,637 इकाई रही, जो पिछले वर्ष इसी अवधि में 13,566 इकाई थी। कंपनी ने बताया कि उसका कुल अंतरराष्ट्रीय कारोबार तीन प्रतिशत बढ़कर 1,20,008 इकाई रहा, जो अप्रैल 2025 में 1,16,700 इकाई था।

## स्पिरिट एयरलाइंस ने 34 वर्षों के बाद कारोबार बंद करने की घोषणा की, संचालन तत्काल प्रभाव से समाप्त

एजेंसी

वेस्ट पाम बीच। अमेरिका की प्रमुख किफायती विमानन सेवा प्रदाता 'स्पिरिट एयरलाइंस' ने शनिवार को अपना कारोबार पूरी तरह बंद करने की घोषणा की। अपने अनूठे विज्ञापनों और बेहद सस्ती हवाई दरों के लिए चर्चित इस कंपनी का सफर 34 साल बाद समाप्त हो गया है। चमकीले पीले रंग के विमानों का संचालन करने वाली इस कंपनी ने बताया कि उसने तत्काल प्रभाव से अपने परिचालन को व्यवस्थित रूप से बंद करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस एयरलाइन में लगभग 17,000 कर्मचारी काम करते थे। एयरलाइन ने अपनी वेबसाइट पर जारी एक बयान में कहा कि उसकी सभी उड़ानें रद्द कर दी गई हैं और ग्राहक सेवा भी अब उपलब्ध नहीं है। कंपनी ने कहा, ''हमें पिछले 34 वर्षों के दौरान उद्योग पर अपने 'अति-निम्न लागत मॉडल'




के प्रभाव पर गर्व है। हमें उम्मीद थी कि हम आने वाले कई वर्षों तक यात्रियों की सेवा करते रहेंगे। इसने यात्रियों से कहा कि वे धन वापसी की उम्मीद कर सकते हैं, लेकिन दूसरी एयरलाइन में यात्रा की बुकिंग के लिए कोई सहायता नहीं दी जाएगी। शुक्रवार को सरकार की ओर से कोई वित्तीय पैकेज न मिलने के बाद से ही कंपनी के बंद होने की आशंका जताई जा रही थी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कहा था कि उनकी सरकार ने इस बजट एयरलाइन को सरकारी धन से बचाने के लिए अंतिम प्रस्ताव दिया था, लेकिन कोई समझौता नहीं हो सका। ईरान युद्ध के कारण विमान ईंधन की कीमतों में भारी उछाल के बीच एयरलाइन दो साल से भी कम समय में दूसरी बार दिवालिया प्रक्रिया से गुजर रही थी। एयरलाइन के वकील मार्शल ह्यूब्नर के अनुसार, इस बंदी से लगभग 17,000 नौकरियों पर असर पड़ सकता है। स्पिरिट एयरलाइंस कोविड-19 महामारी के बाद से ही बढ़ती परिचालन लागत और कर्ज के कारण वित्तीय संकट से जूझ रही थी। नवंबर 2024 में जब इसने पहली बार 'चैप्टर 11' (दिवालिया संरक्षण) के लिए आवेदन किया था, तब तक इसे 2020 की शुरुआत से 2.5 अरब डॉलर से अधिक का घाटा हो चुका था। अगस्त 2025 में कंपनी ने दोबारा दिवालिया संरक्षण के लिए आवेदन किया। अदालती दस्तावेजों के अनुसार, उस समय कंपनी पर 8.1 अरब डॉलर का कर्ज था।

# मप्र के बरगी डैम क्रूज हादसे में 4 लापता लोगों की तलाश जारी, सेना की ली जा रही मदद

एजेंसी

जबलपुर/भोपाल । मध्य प्रदेश के जबलपुर स्थित बरगी डैम में क्रूज हादसे के बाद लापता चार लोगों की तलाश शनिवार को भी जारी है। एनडीआरएफ-एसडीआरएफ के साथ सेना जवान भी सर्चिंग में जुटे हैं, लेकिन दोपहर तक कोई सफलता हाथ नहीं लगी है। तेज हवा और डैम में उठ रही लहरों के कारण रेस्क्यू में समस्या आ रही है। मौके पर पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौजूद हैं।

हादसे को हुए 40 घंटे से ज्यादा का समय हो चुका है, लेकिन अब भी 3 बच्चों समेत चार लापता लोगों का पता नहीं चल पाया है। बरगी सिटी सीएसपी अंजुल अयंक मिश्रा ने बताया कि शनिवार सुबह करीब 7 बजे से सर्चिंग अभियान शुरू किया गया है। चारों लापता लोगों की तलाश में एनडीआरएफ-एसडीआरएफ के साथ सेना की भी मदद ली जा रही है। छोटी बोट होने के कारण तेज हवा में रेस्क्यू अभियान संभलकर चलाना पड़ रहा है। गौरतलब है कि जबलपुर में नर्मदा नदी पर बने बरगी डैम में गुरुवार शाम करीब 5 बजे पर्यटन विभाग का एक क्रूज अचानक आई तेज आंधी के चलते डूब गया था। हादसे के वक्त क्रूज में 45 से अधिक पर्यटक मौजूद थे। शुक्रवार शाम तक चले राहत एवं बचाव अभियान के दौरान नौ लोगों के शव बरामद कर लिये थे, जबकि 28 लोगों को बचा लिया गया था। तीन बच्चों सहित चार लोग लापता हैं, जिनका खबर लिखे जाने तक पता नहीं चल सका है। शुक्रवार शाम को रेस्क्यू के दौरान तेज बारिश भी होने लगी, जिसके चलते सर्चिंग रोक दी गई थी। शनिवार सुबह ही सर्चिंग शुरू कर दी गई थी। फिलहाल चारों लापता लोगों की तलाश जारी है। बरगी डैम हादसे में जिन लोगों की मौत हुई है, उनमें नीतू सोनी (43), निवासी कोतवाली, जबलपुर, सौभाग्यम अलगान (42), निवासी अन्नानगर, वेस्ट तारापुरम, तमिलनाडु, मधुर मैसी (62), निवासी खाजन बस्ती, नई दिल्ली, काकुलाझी (38) पत्नी कामराज, निवासी वेस्ट लैंड खमरिया, जबलपुर, रेशमा सैयद (66), निवासी सिविल लाइन, भसीन आर्केड, जैक्सन होटल के पास, शमीम नकवी (68), निवासी डेरखी, भोपाल, मरीना मैसी (39) पत्नी प्रदीप मैसी निवासी दिल्ली, त्रिशान (4 वर्ष) पुत्र प्रदीप मैसी निवासी दिल्ली और ज्योति सेन, निवासी फूटाताल, घमापुर के आगे जबलपुर शामिल हैं। वहीं, तीन बच्चे समेत 4 लोग अब भी लापता हैं। इनमें श्रीतमिल (5 वर्ष) पुत्र कामराज, कामराज पुत्र श्रीरामालिंगम, विराज सोनी (6 वर्ष) पुत्र कृष्णा सोनी और मयूरम (9 वर्ष) पुत्र परिमल शामिल हैं। इधर, हादसे को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बड़ी कार्रवाई की है। शुक्रवार को उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण और पीड़ितों से मुलाकात के बाद देर शाम लापरवाही करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की। क्रूज पायलट महेश पटेल, हेल्पर छोटेलाल गोंड और टिकट काउंटर प्रभारी बृजेन्द्र की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी गई है। होटल मैकल रिसॉर्ट और मैनेजर बोट क्लब बरगी सुनील मरावी को लापरवाही के लिये निलंबित कर दिया गया है। साथ ही रीजनल मैनेजर संजय मल्होत्रा को मुख्यालय अटैच कर विभागीय जांच संस्थित कर दी गई है।



# केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कांग्रेस पर पिछड़े समुदायों के अधिकारों और संविधान के दुरुपयोग का लगाया आरोप

दावणगेरे । केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कांग्रेस पार्टी पर पिछड़े समुदायों के अधिकारों को नुकसान पहुंचाने और वोट बैंक की राजनीति के लिए संविधान के दुरुपयोग का आरोप लगाया है।

कर्नाटक के दावणगेरे में शनिवार को मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार लंबे समय से अल्पसंख्यकों को लुभाने की कोशिश करती रही है, जो उनके अनुसार लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के नेतृत्व वाली कर्नाटक सरकार ने केवल मुस्लिम बस्तियों के विकास के लिए 600 करोड़ रुपये का आवंटन कर अपना असली रुख स्पष्ट कर दिया है।

प्रह्लाद जोशी ने कहा कि कांग्रेस नेता अक्सर संविधान की प्रति दिखाकर 'संविधान बचाने' का दावा करते हैं, लेकिन वास्तविकता में वे इसके मूल सिद्धांतों का सम्मान नहीं करते। उन्होंने राज्य सरकार पर संवैधानिक न्याय की अनदेखी करने और केवल एक विशेष समुदाय को प्राथमिकता देने का आरोप लगाया।

उन्होंने यह भी कहा कि कई विधायकों के क्षेत्रों में विकास कार्यों के लिए धन उपलब्ध कराने में देरी की जा रही है, जबकि एक विशेष वर्ग के लिए बड़ी राशि आवंटित की जा रही है, जिससे असंतोष बढ़ रहा है।

केंद्रीय मंत्री ने इसे वोट बैंक की राजनीति करार देते हुए कहा कि इससे पिछड़े और अन्य समुदायों के अधिकारों की अनदेखी हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार संविधान की भावना के विपरीत कार्य कर रही है। प्रह्लाद जोशी ने उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए गए निर्देशों की अनदेखी को भी गंभीर मुद्दा बताया और कांग्रेस सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि किसी भी सरकार का कर्तव्य है कि वह सभी वर्गों के साथ समान व्यवहार करे, लेकिन कर्नाटक की वर्तमान सरकार इसमें विफल रही है।




## एग्जिट पोल 'कॉपी-पेस्ट' हैं, इन पर भरोसा नहीं कर सकते : भूपेश बघेल

गुवाहाटी। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता भूपेश बघेल ने असम विधानसभा चुनाव के एग्जिट पोल पर सवाल उठाते हुए उन्हें अविश्वसनीय बताया है। उन्होंने कहा कि ऐसे पूर्वानुमान अक्सर सही साबित नहीं होते। गुवाहाटी में आयोजित विपक्षी दलों के एक भोज कार्यक्रम में भाग लेने के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री ने बताया। मतगणना से पहले पार्टी की तैयारियों को लेकर कांग्रेस उम्मीदवारों और नेताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जा रही है। इस बैठक में डीके शिवकुमार और राज्य नेतृत्व भी मौजूद रहे।

उन्होंने कहा कि यह बैठक आगामी 4 मई को होने वाली मतगणना से पहले रणनीति तय करने के उद्देश्य से की जा रही है। एग्जिट पोल में भाजपा-नीत एनडीए को बढ़त दिखाए जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भूपेश बघेल ने कहा कि ये आंकड़े पहले की तरह ही 'कॉपी-पेस्ट' हैं और इन पर भरोसा नहीं किया जा सकता।

पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों में पुनर्मतदान के मुद्दे पर बघेल ने कहा कि विपक्षी दल शुरू से ही सतर्क रहे, जिसके कारण किसी भी तरह की कथित अनियमितताओं को रोका जा सका। उल्लेखनीय है कि असम, पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु और पुडुचेरी में हुए विधानसभा चुनावों की मतगणना 4 मई को होगी।

## अंतरराष्ट्रीय प्रवासन समीक्षा मंच में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे कीर्तिवर्धन सिंह

नई दिल्ली। विदेश राज्यमंत्री कीर्ति वर्धन सिंह अमेरिका के न्यूयॉर्क में 4 से 8 मई तक संयुक्त राष्ट्र महासभा के तत्वावधान में आयोजित होने वाले दूसरे अंतरराष्ट्रीय प्रवासन समीक्षा मंच (आईएमआरएफ) में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे।

अंतरराष्ट्रीय प्रवासन समीक्षा मंच (आईएमआरएफ) प्रवासन पर वैश्विक समझौते के कार्यान्वयन और सतत विकास लक्ष्यों के साथ इसके अंतर्संबंध पर चर्चा और प्रगति साझा करने के लिए प्राथमिक अंतर-सरकारी वैश्विक मंच के रूप में कार्य करता है। दूसरा आईएमआरएफ 2022 में आयोजित पहले आईएमआरएफ की निरंतरता में आयोजित किया जा रहा है। इसमें भारत ने सक्रिय रूप से भाग लिया था और अपने प्रवासी समुदाय के हितों की रक्षा और संवर्धन के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया था। विदेश मंत्रालय के अनुसार इसमें चार संवादात्मक बहु-हितधारक गोलमेज सम्मेलन, एक नीतिगत बहस और एक पूर्ण सत्र शामिल होंगे। इसके परिणामस्वरूप एक प्रगति घोषणा को अपनाया जाएगा। यात्रा के दौरान सिंह न्यूयॉर्क में आयोजित आईएमआरएफ के पूर्ण सत्र में भारत का राष्ट्रीय वक्तव्य देंगे। भारत आईएमआरएफ के दौरान 'प्रवासन शासन में डिजिटल नवाचार का लाभ उठाना – भारत का ई-माइग्रेट अनुभव' शीर्षक से एक सह-कार्यक्रम का आयोजन और मेजबानी भी करेगा। इस यात्रा के दौरान राज्यमंत्री के आईएमआरएफ में भाग ले रहे अन्य सदस्य देशों के वरिष्ठ संयुक्त राष्ट्र अधिकारियों और मंत्रियों से भी मुलाकात करने की संभावना है।

## गीतकार प्रसून जोशी बने प्रसार भारती के अध्यक्ष

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने प्रसिद्ध गीतकार, लेखक और संचार विशेषज्ञ प्रसून जोशी को प्रसार भारती का अध्यक्ष नियुक्त किया है।

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की ओर से शनिवार को एक जारी बयान में यह जानकारी दी गई। उल्लेखनीय है कि प्रसार भारती के पूर्व अध्यक्ष नवनीत सहगल ने गत चार दिसंबर को अपने पद से त्यागपत्र दे दिया था। तब से यह पद खाली था।

रेल, सूचना प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नियुक्ति पर प्रसून जोशी को बधाई दी। उन्होंने कहा, ''प्रसून जोशी को साहित्य, विज्ञापन और सिनेमा के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए जाना जाता है। प्रसून एक विलक्षण रचनात्मक व्यक्तित्व हैं, जिन्हें विज्ञापन, साहित्य, कला और सिनेमा जगत में विश्व स्तर पर ख्याति प्राप्त है, फिर भी उनका हृदय भारत के लिए धड़कता है। उनके शब्दों में हमारी मिट्टी की सुगंध समाई है और उनकी दृष्टि हमारी संस्कृति के शाश्वत सार को प्रतिबिंबित करती है। उनके नेतृत्व में प्रसार भारती को नई ऊर्जा, उद्देश्य और रचनात्मक दृष्टि मिलेगी। इस नियुक्ति से पहले, प्रसून जोशी अगस्त 2017 से केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) के अध्यक्ष रहे हैं, जहां उन्होंने फिल्म उद्योग के सभी हितधारकों के साथ जुड़कर फिल्म प्रमाणन प्रक्रियाओं को सुदृढ़ करने में योगदान दिया। इससे पहले, वे मैक्कैन वर्ल्ड ग्रुप इंडिया के सीईओ और मैक्कैन वर्ल्ड ग्रुप एशिया पैसिफिक (मैक्कैन एरिक्सन की सहायक कंपनी) के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। वे 2016 से इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के न्यासियों में से एक हैं। प्रसार भारती भारत का सार्वजनिक सेवा प्रसारक है, जो ऑल इंडिया रेडियो और दूरदर्शन के माध्यम से देशभर में समाचार, शिक्षा और मनोरंजन से जुड़ी सेवाएं प्रदान करता है।

# पेज एक का शेष

### महाराष्ट्र ...

(90.92%) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। इसके बाद नासिक (90.72%), मुंबई (90.08%), कोल्हापुर (89.97%), छत्रपति संभाजीनगर (88.68%) और नागपुर (88.67%) का स्थान रहा। लातूर विभाग का परिणाम 84.14 प्रतिशत रहा, जो राज्य में सबसे कम है।

शाखावार परिणाम में विज्ञान शाखा 96.44 प्रतिशत के साथ शीर्ष पर रही। वाणिज्य शाखा का परिणाम 87.03%, कला शाखा का 78.02%, व्यावसायिक पाठ्यक्रम 82.74% और आईटीआई शाखा का परिणाम 81.78% रहा।

राज्य के 8,367 दिव्यांग विद्यार्थियों में से 7,579 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, जिनका प्रतिशत 90.58 है। साथ ही 153 विषयों में से 26 विषयों का परिणाम 100 प्रतिशत रहा।

इस वर्ष परीक्षा को पूरी तरह नकल-मुक्त बनाने के लिए कड़े कदम उठाए गए थे। परीक्षा केंद्रों के 500 मीटर के दायरे में जेरॉक्स दुकानें बंद रखी गई थीं। प्रश्नपत्रों की ढुलाई के लिए जीपीएस प्रणाली का उपयोग किया गया और गोपनीय पैकेट खोलते समय वीडियो रिकॉर्डिंग भी की गई।

कुल 1,983 अनियमितताओं के मामले दर्ज हुए, जिनमें से 1,469 सामूहिक नकल के थे। राज्यभर में 15 एफआईआर दर्ज की गईं और 100 कर्मचारियों को निलंबित किया गया।

अंक सत्यापन और उत्तरपुस्तिका की फोटोप्रति के लिए 3 मई से 17 मई 2026 तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकेगा। अंक सत्यापन के लिए प्रति विषय 50 रुपये और फोटोप्रति के लिए 400 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। पुनर्मूल्यांकन के लिए पहले फोटोप्रति लेना अनिवार्य है।अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए जून-जुलाई 2026 में पूरक परीक्षा आयोजित की जाएगी।

इस वर्ष मंडल ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए विद्यार्थियों को अंकतालिका और प्रमाणपत्र एक ही ए-4 आकार के कागज पर देना शुरू किया है। इस निर्णय से लगभग 3 करोड़ रुपये की बचत हुई है। नई मार्कशीट में क्यूआर कोड, विद्यार्थी का फोटो तथा नाम के क्रम में भी बदलाव किया गया है।

### 15 मतदान...

प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि उन्हें क्षेत्र में तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं से जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं।

इससे पहले 29 अप्रैल को हुए मतदान के दौरान उक्त ने गंभीर अनियमितताओं के आरोप लगाए थे। पार्टी का दावा था कि कई केंद्रों पर ईवीएम के साथ छेड़छाड़ की गई और उनके चुनाव चिह्न 'कमल' वाले बटन पर टेप चिपकाकर उसे छिपाने की कोशिश की गई। सोशल मीडिया पर इसका वीडियो वायरल हुआ है, जिसके बाद आयोग ने जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 58(2) का इस्तेमाल करते हुए इन केंद्रों पर मतदान रद्द कर दिया था। दोपहर 3 बजे तक 72.43% मतदान पश्चिम बंगाल में दोपहर 3 बजे तक 72.43% मतदान दर्ज हुआ।1 बजे तक हुआ इतना मतदान पश्चिम बंगाल के डायमंड हार्बर में 54.9% और मगराहट पश्चिम में 54.9% मतदान हुआ दोपहर 1 बजे तक किया गया है। बंगाल में 11 बजे तक लगभग 36.99% मतदान दर्ज हुआ। निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मगराहाट पश्चिम में 38.2 % और डायमंड हार्बर में 35.92 % मतदान हुआ। निर्वाचन आयोग के अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''अब तक मतदान शांतिपूर्ण रहा है और दोनों विधानसभा क्षेत्रों में हिंसा या अशांति की कोई घटना सामने नहीं आई है। 9 बजे तक हुआ 16.23% मतदान हुआ दर्ज पुनर्मतदान को लेकर भी मतदाताओं का उत्साह बना हुआ है। सुबह 9 बजे तक कुल 16.23% मतदान दर्ज किया गया है। मगराहाट पश्चिम में 16.88% और डायमंड हार्बर में 15.83% वोटिंग हुई है। हालांकि, बाहीरापुरा जैसे इलाकों में मतदाताओं का कहना है कि उन्हें दोबारा मतदान का ठोस कारण नहीं पता। कुछ ग्रामीणों ने इस मौके पर बुनियादी सुविधाओं जैसे खराब सड़कों और पानी की किल्लत को लेकर सरकार के प्रति नाराजगी भी जाहिर की।

### हम 200 ...

कार्यकर्ताओं के साथ बर्बरता करने का आरोप लगाया। उन्होंने अपने कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाते हुए कहा, ''आने वाले दिनों में पार्टी उन लोगों को पुरस्कृत करेगी जिन्होंने की क्रूरता का डटकर सामना किया है। यह बयान ऐसे समय में आया है जब दक्षिण 24 परगना जिले की दो सीटों (डायमंड हार्बर और मगराहाट पश्चिम) के 15 बूथों पर पुनर्मतदान चल रहा है। मगराहाट पश्चिम में दोपहर 3 बजे तक 72.5% मतदान दर्ज किया गया। डायमंड हार्बर में 72.36% मतदान हुआ। सुरक्षा के लिए रैपिड एक्शन फोर्स (टड्क) की तैनाती की गई है और कोलकाता चुनाव कार्यालय से लाइव मॉनिटरिंग की जा रही है। एग्जिट पोल के आंकड़े जहाँ ममता बनर्जी 200+ का दावा कर रही हैं, वहीं अधिकांश एग्जिट पोल भाजपा को बहुमत मिलता दिखा रहे हैं: चाणक्य स्ट्रैटेजीज: भाजपा (150-160), टीएमसी (30-40) मैट्रिज (ख्रथ्च्द्धद्ब): भाजपा (146-161), टीएमसी (125-140)

पी-मार्क (च्-ख्रथ्न): भाजपा (150-175), टीएमसी (118-138)

पीपल्स पल्स (घ्द्धथ्द्धद्द घ्थ्द्यद्ध): टीएमसी (177-187), भाजपा (95-100) – यह एकमात्र प्रमुख पोल है जो टीएमसी की जीत दिखा रहा है। बता दें कि बंगाल चुनाव में इस बार रिकॉर्ड 92.93% मतदान हुआ है। असली तस्वीर 4 मई को मतगणना के बाद साफ होगी।

### फैसले...

पर गंभीर सवाल उठते हैं।'' राज्यसभा सदस्य ने दावा किया कि यह चार मई को मतगणना दिवस से पहले तृणमूल कांग्रेस की ''बेचैनी और हताशा'' का सबूत था, क्योंकि पार्टी पश्चिम बंगाल में लोगों का विश्वास पूरी तरह से खो चुकी है। उन्होंने कहा,''जब किसी को बिना किसी हिंसा या हत्या के शांतिपूर्ण मतदान से समस्या होती है, तो यह स्पष्ट हो जाता है कि हिंसा, जबरदस्ती, धमकी और आतंक के माध्यम से सत्ता हथियाने के प्रयास विफल हो रहे हैं। त्रिवेदी ने दावा किया कि तृणमूल ने पिछले 10-12 वर्षों में ''संवैधानिक प्रावधानों का दुरुपयोग'' करते हुए 80 से अधिक बार विभिन्न अदालतों का रुख किया और हर बार उसे ''अपमानजनक हार'' का सामना करना पड़ा। उन्होंने आरोप लगाया, ''यह न केवल उनकी राजनीतिक हताशा को दर्शाता है, बल्कि संवैधानिक तंत्रों में विश्वास की कमी और उनका दुरुपयोग करने की इच्छा को भी प्रदर्शित करता है।'' पश्चिम बंगाल की 294 सदस्यीय विधानसभा के लिए मतदान दो चरणों में 23 अप्रैल और 29 अप्रैल को हुआ था। परिणाम सोमवार को घोषित किए जाएंगे।

### पुडुचेरी...

बलों की तैनाती शामिल है। हर केंद्र पर चौकसी बढ़ा दी गई है और लगातार निगरानी की जा रही है। मतगणना के दिन 4 मई को पूरे केंद्रशासित प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी रहेगी। इसके लिए 1,250 पुलिसकर्मियों को तीन शिफ्टों में तैनात किया गया है। सुबह 5 बजे से रात 5 बजे तक अलग-अलग शिफ्टों में सुरक्षा व्यवस्था संभाली जाएगी। इसके अलावा 200 अर्धसैनिक जवान भी सुरक्षा में सहयोग करेंगे। क्षेत्रवार तैनाती के अनुसार कराईकल में 500, माहे में 400 और यनम में 450 पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। प्रत्येक क्षेत्र में 100-100 अर्धसैनिक जवानों के साथ-साथ विशेष कमांडो और महिला कमांडो बलों को भी सुरक्षा व्यवस्था में शामिल किया गया है। पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि पिछले चुनावों के दौरान कुछ स्थानों पर हुई अप्रिय घटनाओं को ध्यान में रखते हुए इस बार सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत किया गया है, ताकि मतगणना प्रक्रिया शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न हो सके।

### देशभर ...

प्रणाली संचार मंत्रालय के दूरसंचार विभाग द्वारा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के सहयोग से विकसित की गई है, ताकि आपदा के समय नागरिकों तक महत्वपूर्ण सूचनाओं का समय पर प्रसार सुनिश्चित किया जा सके। एनडीएमए ने दूरसंचार विभाग के प्रमुख अनुसंधान एवं विकास केंद्र, सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमेटिक्स (सी-डॉट) द्वारा विकसित एकीकृत अलर्ट सिस्टम 'सचेत' को सफलतापूर्वक चालू किया है। यह प्रणाली अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ द्वारा अनुशंसित कॉमन अलर्टिंग प्रोटोकॉल (सीएपी) पर आधारित है। वर्तमान में यह देश के सभी 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में संचालित है और भौगोलिक रूप से लक्षित क्षेत्रों में मोबाइल उपयोगकर्ताओं को एसएमएस के माध्यम से आपदा एवं आपातकालीन अलर्ट प्रदान कर रही है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, इस प्रणाली के माध्यम से अब तक प्राकृतिक आपदाओं, मौसम चेतावनियों और चक्रवाती घटनाओं के दौरान 19 से अधिक भारतीय भाषाओं में 134 अरब से अधिक एसएमएस अलर्ट प्रसारित किए जा चुके हैं।

आपदा चेतावनी तंत्र को और सशक्त बनाने के लिए एसएमएस के साथ-साथ अब सेल ब्रॉडकास्ट (सीबी) तकनीक को भी शामिल किया गया है। इस तकनीक के जरिए किसी निर्धारित भौगोलिक क्षेत्र में सभी मोबाइल उपकरणों पर एक साथ अलर्ट प्रसारित किए जा सकते हैं, जिससे लगभग वास्तविक समय में सूचना पहुंचाना संभव हो जाता है।

सुनामी, भूकंप, बिजली गिरने, गैस रिसाव और अन्य रासायनिक खतरों के साथ साथ युद्ध या सैन्य हमले जैसी समय-संवेदनशील परिस्थितियों में यह प्रणाली विशेष रूप से उपयोगी साबित होगी। सेल ब्रॉडकास्ट आधारित इस स्वदेशी सार्वजनिक आपातकालीन अलर्ट सिस्टम के विकास और कार्यान्वयन की जिम्मेदारी सी-डॉट को सौंपी गई है।

पहले अभ्यास के तहत दिल्ली-एनसीआर सहित सभी राज्यों की राजधानियों में मोबाइल उपयोगकर्ताओं को अंग्रेजी, हिंदी और क्षेत्रीय भाषाओं में एक परीक्षण संदेश भेजा गया। संदेश में कहा गया, ‍भारत द्वारा स्वदेशी तकनीक का उपयोग करते हुए अपने नागरिकों के लिए त्वरित आपदा चेतावनी सेवा हेतु सेल ब्रॉडकास्ट का शुभारंभ। सचेत नागरिक, सुरक्षित राष्ट्र। इस संदेश की प्राप्ति पर किसी प्रकार की कार्रवाई अपेक्षित नहीं है। यह एक परीक्षण संदेश है।

परीक्षण के दौरान मेट्रो, बसों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर एक साथ अलर्ट आने से कुछ समय के लिए लोगों में भ्रम और घबराहट की स्थिति देखी गई, लेकिन बाद में संदेश पढ़ने के बाद उन्होंने राहत की सांस ली और स्थिति सामान्य हो गई।

सरकार ने इसे 'सतर्क नागरिक, सुरक्षित राष्ट्र' की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए नागरिकों से अपील की है कि ऐसे परीक्षण संदेशों से घबराएं नहीं, क्योंकि इनका उद्देश्य केवल आपदा के समय त्वरित सूचना तंत्र को परखना और मजबूत करना है।

### रेल ...

मंजूरी दी गई है। दामोदर नदी पर स्थित यह पुल 1903 और 1965 में निर्मित हुआ था और अब इसमें संरचनात्मक कमजोरी के संकेत मिले हैं। यह रेलखंड आसनसोल और टाटानगर के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी है और कोयला परिवहन के लिए अहम कॉरिडोर का हिस्सा है। इस परियोजना से न केवल सुरक्षा और परिचालन क्षमता बढ़ेगी, बल्कि दुर्गापुर-आसनसोल औद्योगिक क्षेत्र को भी बड़ा लाभ मिलेगा।

तृणमूल...

का दरवाजा खटखटाया, जो उनकी राजनीतिक हताशा का संकेत है।

उन्होंने यह भी दावा किया कि पिछले 10 से 12 वर्षों में टीएमसी ने न्यायपालिका के विभिन्न स्तरों पर 80 से अधिक बार अपील की है, लेकिन हर बार उसे निराशा ही हाथ लगी। उनके अनुसार, उच्चतम न्यायालय ने आज संवैधानिक दृष्टिकोण से चुनावी प्रक्रिया में हस्तक्षेप की मांग वाली याचिका को स्पष्ट रूप से खारिज कर दिया।

भाजपा सांसद ने यह भी कहा कि कपिल सिब्बल द्वारा दायर याचिका भी खारिज कर दी गई। साथ ही उन्होंने दावा किया कि आईपीएसी कार्यालय पर छापेमारी के दौरान मुख्यमंत्री का स्वयं मौके पर पहुंचना इस बात का संकेत है कि उन्हें अपने ही सहयोगियों पर पूर्ण भरोसा नहीं है।

सुधांशु त्रिवेदी ने आगे कहा कि कपिल सिब्बल, जो बाबरी मस्जिद एक्शन कमेटी से जुड़े मामलों में पक्षकारों का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं और राजनीतिक रूप से टीएमसी के प्रति झुकाव रखते हैं, उनकी याचिका का भी अदालत ने कोई संज्ञान नहीं लिया। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय का यह निर्णय संवैधानिक दृष्टि से पूरी तरह उचित है, हालांकि राजनीतिक और नैतिक दृष्टि से यह टीएमसी के इरादों पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

### ऊर्जा ...

में मात्र 30 दिनों में 51,882 रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित कर प्रदेश ने स्थापना की गति में नया मानक स्थापित किया तथा योजना प्रारंभ से अब तक किसी भी राज्य द्वारा 50,000 संयंत्रों की सर्वाधिक तीव्र स्थापना का राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। माह अप्रैल में प्रदेश की औसत दैनिक स्थापना 1,729 संयंत्र प्रति दिन रही, जो अब तक का सर्वाधिक है। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उत्तर प्रदेश ने अखिल भारतीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

उल्लेखनीय है कि मार्च 2026 में औसत दैनिक स्थापना 1,700 संयंत्र प्रति दिन थी, जिसे पीछे छोड़ते हुए अप्रैल में नया कीर्तिमान स्थापित किया गया। यह उपलब्धि प्रदेश के प्रभावी क्रियान्वयन, सुदृढ़ समन्वय और निरंतर निगरानी का प्रत्यक्ष परिणाम है।

### योगी ...

यह है कि एआई आधारित यह सिस्टम सड़क की छोटी-से-छोटी खामी को भी पहचान लेता है, जिससे समय रहते सुधार किया जा सकता है।

स्मार्ट ट्रैफिक सिस्टम, सुरक्षा पर सीधा असर

योगी सरकार का फोकस केवल निर्माण तक सीमित नहीं है। एक्सप्रेसवे के संचालन चरण में भी एआई का व्यापक उपयोग किया जा रहा है। एआई-सक्षम कैमरे ओवरस्पीडिंग या गलत लेन में चलने जैसे ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन को स्वतः चिन्हित करेंगे। इससे न केवल प्रवर्तन मजबूत होगा, बल्कि मार्ग दुर्घटनाओं में कमी लाने में भी मदद मिलेगी।

इंफ्रास्ट्रक्चर से आगे, 'स्मार्ट नेटवर्क' की ओर बढ़ता यूपी

यह पहल उत्तर प्रदेश को पारंपरिक इंफ्रास्ट्रक्चर मॉडल से आगे ले जाकर 'स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर' की श्रेणी में स्थापित करती है।

एक्सप्रेसवे अब केवल कनेक्टिविटी का माध्यम नहीं, बल्कि डेटा, तकनीक और प्रबंधन के समन्वय से संचालित एक इंटेलिजेंट नेटवर्क के रूप में विकसित हो रहे हैं। स्पष्ट है कि योगी सरकार अब इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के दूसरे चरण में प्रवेश कर चुकी है, जहां फोकस केवल निर्माण पर नहीं, बल्कि गुणवत्ता, सुरक्षा और टेक्नोलॉजी इंटीग्रेशन पर है।

# निर्मली में नवनिर्मित व्यवहार न्यायालय का शुभारंभ, मुख्य न्यायाधीश ने किया उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुपौल। जिले के निर्मली और वीरपुर अनुमंडल के लिए शनिवार का दिन ऐतिहासिक बन गया, जब नवनिर्मित व्यवहार न्यायालय भवन का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संगम कुमार साहू निर्मली पहुंचे। उनके आगमन पर स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस बल द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। न्यायपालिका के इस महत्वपूर्ण आयोजन को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखा गया।



नवनिर्मित व्यवहार न्यायालय भवन के उद्घाटन के साथ ही निर्मली अनुमंडल के लोगों को न्यायिक सेवाओं की बेहतर और सुलभ सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। अब स्थानीय नागरिकों को न्यायिक कार्यों के लिए दूर-दराज के क्षेत्रों का रुख नहीं करना पड़ेगा। इससे समय, धन और श्रम की बचत होगी तथा न्यायिक प्रक्रिया अधिक प्रभावी एवं त्वरित बनेगी। उद्घाटन समारोह में मुख्य न्यायाधीश ने न्यायालय भवन का फीता काटकर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर शुभारंभ किया। इसके बाद उन्होंने न्यायालय परिसर का निरीक्षण किया और भवन में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका का उद्देश्य आमजन को सुलभ, त्वरित और निष्पक्ष न्याय उपलब्ध कराना है। निर्मली में इस नए न्यायालय भवन के शुरू होने से क्षेत्र के लोगों को न्याय प्राप्त करने में काफी सहूलियत होगी। मुख्य न्यायाधीश ने अपने संबोधन में कहा कि न्यायालय केवल एक भवन नहीं, बल्कि आम जनता के विश्वास और न्याय की उम्मीद का केंद्र होता है। उन्होंने न्यायिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों से पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि न्याय व्यवस्था की मजबूती लोकतंत्र की आधारशिला है।

समारोह में बिहार सरकार के विधि विभाग के अधिकारी, पटना हाईकोर्ट के कई न्यायाधीश, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, डीएम ,एसपी , न्यायिक पदाधिकारी, अधिवक्ता संघ के सदस्य तथा बड़ी संख्या में स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री ने समस्याओं के समयबद्ध समाधान के दिए निर्देश




कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को शालीमार बाग विधानसभा स्थित त्रिलोक भवन में जनसुनवाई की। उन्होंने जनसुनवाई के दौरान स्थानीय समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को समय सीमा के भीतर समाधान के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने बताया कि नागरिकों ने शालीमार बाग को बेहतर बनाने के सुझाव भी दिए। हर फीडबैक पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश जारी किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनसुनवाई हमारे लिए जनभागीदारी से विकास का माध्यम है। उन्होंने कहा कि आदर्श शालीमार बाग का संकल्प लगातार आगे बढ़ रहा है। जनसुनवाई के दौरान क्षेत्र के सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### अपराध, भ्रष्टाचार और सांप्रदायिकता के प्रति 'ज़ीरो टॉलरेंस' की नीति रहेगी जारी : विजय चौधरी

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने हाल ही में विधानसभा में स्पष्ट रूप से दोहराया है कि राज्य में अपराध, भ्रष्टाचार और सांप्रदायिकता के खिलाफ 'जीरो-टॉलरेंस' की नीति पूर्व की भांति जारी रहेगी। राज्य के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने शनिवार यह बात कही। उपमुख्यमंत्री ने जारी बयान में कहा कि राज्य के अल्पसंख्यक समुदाय को इस नीति के व्यापक निहितार्थ को समझना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि पूरे देश में यह धारणा बनी है कि अल्पसंख्यकों के हित में सर्वाधिक कार्य बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के दौरान हुए हैं, जिसमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का भी सकारात्मक योगदान रहा है। ऐसे में किसी प्रकार के अनावश्यक भय या भ्रम की स्थिति में रहने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि विपक्षी दल अल्पसंख्यकों के बीच भ्रम और भय का माहौल बनाकर उनकी भावनाओं का राजनीतिक लाभ उठाने का प्रयास करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में कई मुद्दों पर विपक्ष ने अनावश्यक विवाद खड़े किए, लेकिन अब उनकी मंशा उजागर हो चुकी है। उपमुख्यमंत्री ने उदाहरण देते हुए कहा कि चाहे नागरिकता संशोधन अधिनियम का मामला हो, वक्फ संशोधन कानून हो या फिर एसआईआर से जुड़ा मुद्दा-विपक्ष ने इन्हें अल्पसंख्यकों के खिलाफ बताकर भ्रम फैलाने की कोशिश की। हालांकि, अब वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो चुकी है। उन्होंने कहा कि बिहार में किसी भी अल्पसंख्यक की नागरिकता नहीं छीनी गई, न ही किसी का नाम मतदाता सूची से हटाया गया और न ही किसी वक्फ संपत्ति का अधिग्रहण किया गया है। उपमुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि जिस प्रकार नीतीश कुमार के नेतृत्व में अल्पसंख्यक समुदाय स्वयं को सुरक्षित महसूस करता था, उसी प्रकार मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में भी उनकी सुरक्षा और अधिकार सुनिश्चित रहेंगे। उन्होंने राज्य के अल्पसंख्यकों से अपील की कि वे निश्चिंत रहें और राजग सरकार पर भरोसा बनाए रखें।

### मोहाली पुलिस ने सुलझाया फर्जी सीआईए अधिकारी बनकर कारोबारी अपहरण का मामला 4 गिरफ्तार

**मोहाली।** पंजाब के जीरकपुर के वीआईपी रोड स्थित रॉयल जंक्शन के बाहर फिल्मी अंदाज में कारोबारी के अपहरण की वारदात को मोहाली पुलिस ने सुलझा लिया है। पुलिस ने मामले में शामिल 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें एक युवक और एक युवती भी शामिल हैं। दोनों ने खुद को पुलिस अधिकारी बताकर कारोबारी को उठाया था। जानकारी के अनुसार, हाईलैंड पार्क निवासी सुमित सूद ने अपने पुराने दोस्त और जालंधर के कारोबारी नीरज कक्कड़ से मिलने का प्लान बनाया। 30 अप्रैल शाम करीब 5 बजे सुमित अपने साथियों के साथ वीआईपी रोड स्थित रॉयल जंक्शन पहुंचा, जहां नीरज पहले से मौजूद थे।

### लोगों की रसोई पर असर डालने वाली हर जनविरोधी नीति का कांग्रेस डटकर विरोध करेगी: सिद्धू

**मोहाली।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बलबीर सिंह सिद्धू ने भारतीय जनता पार्टी नीत केंद्र सरकार द्वारा वाणिज्यिक गैस सिलेंडर की कीमतों में की गयी भारी बढ़ोतरी को छोटे व्यापारियों और आम लोगों के खिलाफ सुनियोजित साजिश करार दिया है, जिन्हें देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ माना जाता है। श्री सिद्धू ने शनिवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि एक ही दिन में गैस सिलेंडर के दामों में इतनी बड़ी वृद्धि यह साबित करती है कि भारतीय जनता पार्टी सरकार को न तो छोटे कारोबारियों की चिंता है और न ही आम घरों की रसोई की। जो लोग पहले ही महंगाई, बेरोजगारी और करों के बोझ से दबे हुए हैं, अब उन पर गैस कीमतों की मार और डाली जा रही है। उन्होंने कहा कि यह फैसला चाय बेचने वालों, ढाबा संचालकों, होटल कारोबारियों, बेकरी मालिकों, हलवाई समुदाय और छोटे खाद्य कारोबार से जुड़े हजारों परिवारों पर सीधा आर्थिक प्रहार है। इस बढ़ोतरी का असर केवल व्यापारियों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि हर घर की थाली, बच्चों के खर्च और घरेलू बजट पर भी पड़ेगा।

### एलपीजी वितरण व्यवस्था में सुधार की मांग

**नैनीताल।** जनपद मुख्यालय में एलपीजी यानी घरेलू गैस के वितरण की व्यवस्था में सुधार को लेकर स्थानीय स्तर पर मांग उठी है। भाजपा कार्यकर्ता अरविंद सिंह पडियार ने गैस एजेंसी प्रबंधन को संबोधित करते हुए रोस्टर में वितरण तिथि स्पष्ट रूप से शामिल करने का अनुरोध किया है, ताकि उपभोक्ताओं को अनावश्यक परेशानी से बचाया जा सके। अपने अनुरोध में उन्होंने कहा कि वर्तमान में उपभोक्ताओं को सिलेंडर लेने के लिए आने पर ही यह जानकारी दी जाती है कि किस तिथि तक के उपभोक्ताओं को गैस दी जाएगी, जिससे लोगों को धूप में लंबी कतारों में खड़ा रहना पड़ता है और समय भी व्यर्थ होता है। यदि रोस्टर में पहले से ही तिथि का उल्लेख किया जाए तो उपभोक्ता उसी अनुसार आएंगे और अनावश्यक भीड़ से बचाव होगा। इसके साथ ही उन्होंने कमर्शियल गैस सिलेंडरों की आपूर्ति को भी पूर्व व्यवस्था के अनुसार बाजार में उपलब्ध कराने की मांग की है, न कि केवल नारायणनगर से वितरण करने की। उन्होंने कहा कि इससे व्यापारियों को भी सुविधा मिलेगी। गैस वितरण एजेंसी की ओर से इस अनुरोध पर विचार करने का आश्वासन दिया गया है।

### ग्रीष्मकालीन पर्यटन सत्र शुरू, यातायात के लिए विशेष व्यवस्था लागू

**नैनीताल।** पर्वतीय पर्यटन नगरी नैनीताल में 0 मई से 15 जून तक ग्रीष्मकालीन पर्यटन सत्र माना जाता है। इस लिहाज से नगर में एवं आसपास ग्रीष्मकालीन पर्यटन सत्र शुरू हो गया है। इस दौरान पर्यटकों के दबाव के बढ़ने की संभावरा को देखते हुए जनपद में यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए पुलिस ने विशेष प्रबंधन लागू किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. मंजूनाथ टीसी के निर्देशन तथा पुलिस अधीक्षक अपराध एवं यातायात डॉ. जगदीश चंद्र के पर्यवेक्षण में प्रमुख मार्गों, चौराहों एवं संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है, जिससे जाम की स्थिति न बने और आमजन व पर्यटकों को परेशानी का सामना न करना पड़े। नैनीताल पुलिस की ओर से बताया गया है कि पुलिस द्वारा नियमित पेट्रोलिंग के साथ यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। साथ ही पार्किंग व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने एवं यातायात नियंत्रण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश लागू किए गए हैं। पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे नियमों का पालन करें, निर्धारित पार्किंग स्थलों का उपयोग करें तथा सुरक्षित एवं सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

## चारधाम यात्रा से पहले सड़कों की मरम्मत तेज, दिन-रात निर्माण कार्य जारी

हरिद्वार। चारधाम यात्रा के दृष्टिगत हरिद्वार शहर में सीवरेज कार्यों के कारण खोदी गई सड़कों को तेजी से दुरुस्त करने के लिए प्रशासन ने युद्धस्तर पर काम शुरू कर दिया है। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशों के बाद संबंधित विभागों और ठेकेदारों द्वारा दिन-रात निर्माण कार्य कराया जा रहा है, ताकि स्थानीय जनता, व्यापारियों और तीर्थ यात्रियों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि चारधाम यात्रा शुरू होने से पहले सभी क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत हर हाल में पूरी कर ली जाए। इन निर्देशों के अनुपालन में निर्माण कार्यों की गति तेज कर दी गई है। परियोजना प्रबंधक निर्माण एवं अनुरक्षण इकाई, गंगा उत्तराखंड पेयजल निगम की अधिकारी ने शनिवार को बताया कि केएफडब्ल्यू वित्त पोषित हरिद्वार जलोत्सारण योजना के अंतर्गत पैकेज 01 और पैकेज 02 में सड़क पुनर्निर्माण कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। एक ही दिन में 111.2 मीटर सड़क निर्माण कार्य पूरा किया गया है।

# मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने नीतीश कुमार से की मुलाकात

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार में मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर जारी अटकलों के बीच शनिवार को राजनीतिक हलचल तेज हो गई, जब मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने जनता दल (यूनाइटेड) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की। यह मुलाकात पटना स्थित 7, सर्कुलर रोड पर नीतीश कुमार के नए आवास पर हुई, जिसे शिष्टाचार भेंट बताया जा रहा है। करीब 30 मिनट तक चली इस बैठक में बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी भी मौजूद रहे। हालांकि, मुलाकात को औपचारिक बताया गया, लेकिन इसे कैबिनेट विस्तार से जोड़कर देखा जा रहा है। दरअसल, बिहार में नई सरकार के गठन को 15 दिन से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन अब तक मंत्रिमंडल का विस्तार नहीं हो सका है। ऐसे में सभी विभागों का कार्यभार फिलहाल मुख्यमंत्री और दोनों उपमुख्यमंत्रियों के पास ही है। इसके बावजूद सरकार ने दो कैबिनेट बैठकें कर



कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी है। सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी जल्द ही संभावित मंत्रियों की सूची लेकर दिल्ली जा सकते हैं, जहां पार्टी नेतृत्व के साथ अंतिम चर्चा के बाद कैबिनेट विस्तार को हरी झंडी मिल सकती है। इसी कड़ी में शुक्रवार को जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा ने दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से मुलाकात की थी। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि बिहार में सत्ता संतुलन और सहयोगी दलों के बीच तालमेल को ध्यान में रखते हुए मंत्रिमंडल विस्तार की प्रक्रिया में सावधानी बरती जा रही है। आने वाले दिनों में इस पर बड़ा फैसला हो सकता है।

## सारण में जनगणना 2027 का उत्तर-पश्चिम दिशा से शुरू होगा हाउस नंबरिंग का काम

सारण। जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने आज जनगणना 2027 के प्रथम चरण को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए जिले के सभी चार्ज अधिकारियों, एडीएम और डीआईओ के साथ समीक्षा बैठक की। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है और इसमें किसी भी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में निर्देश दिया गया कि प्रत्येक चार्ज में भवन संख्यांकन का कार्य अनिवार्य रूप से उत्तर-पश्चिम दिशा से शुरू किया जाए। प्रगणक आज से ही फील्ड में हाउस मार्किंग सुनिश्चित करेंगे। डीएम ने जोर दिया कि प्रगणकों के नियुक्ति पत्र, पहचान पत्र और एचएलबी मानचित्र के विवरण में कोई विसंगति नहीं होनी चाहिए। 02 मई से 31 मई 2026 तक चलने वाले इस पहले चरण में प्रगणक घर-घर जाकर 33 महत्वपूर्ण प्रश्नों के उत्तर मांगेंगे। बेहतर निगरानी के लिए पंचायत और वार्ड स्तर पर नोडल अधिकारियों की तैनाती की गई है।

# फर्जी रजिस्ट्रेशन कर बेच डालीं 1000 से ज्यादा चोरी की गाड़ियां, आरोपित गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने चोरी की लग्जरी गाड़ियों के फर्जी रजिस्ट्रेशन कर उन्हें बाजार में बेचने वाले अंतरराज्यीय सिंडिकेट का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गिरोह के 10 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 31 हाई-एंड वाहन बरामद हुए हैं, जिनके चेसिस नंबर से छेड़छाड़ की गई थी। पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि गिरोह अब तक 1000 से अधिक चोरी और लोन डिफॉल्ट वाहनों को फर्जी दस्तावेजों के आधार पर वैध दिखाकर बेच चुका है। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त आदित्य गौतम ने शनिवार को बताया कि गिरोह चोरी और लोन डिफॉल्ट वाहनों को खरीदने के बाद उनके चेसिस



नंबर बदल देता था। इसके बाद फर्जी फॉर्म-21, बैंक एनओसी और अन्य दस्तावेज तैयार कराकर परिवहन विभाग में उनका दोबारा पंजीकरण कराया जाता था। बाद में इन्हें असली कागजात वाली गाड़ी बताकर बाजार में बेच दिया जाता था। पुलिस उपायुक्त के अनुसार मामले का खुलासा पीतमपुरा से अगस्त 2025 में चोरी हुई एक हुंडई क्रेटा की जांच के दौरान हुआ। वाहन चोरी की शिकायत मौर्य एन्क्लेव थाने में दर्ज कराई गई थी। बाद में जांच इंटर स्टेट सेल, क्राइम ब्रांच को सौंपी गई। तकनीकी और जमीनी जांच में सामने आया कि एक बड़ा गिरोह सुनियोजित तरीके से वाहन चोरी, चेसिस नंबर बदलने और फर्जी रजिस्ट्रेशन कराने का काम कर रहा है। क्राइम ब्रांच की टीम ने दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, उप्र और हिमाचल प्रदेश में छापेमारी कर गिरोह के सदस्यों को पकड़ा। पुलिस के मुताबिक गिरोह का नेटवर्क कई राज्यों में फैला हुआ था और हर सदस्य की अलग भूमिका तय थी। कोई चोरी की गाड़ियां उपलब्ध कराता था, कोई चेसिस नंबर बदलता था, कोई फर्जी दस्तावेज तैयार करता था और कुछ लोग परिवहन विभाग में रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूरी कराते थे।

# रंजीत नगर पुलिस ने शातिर चोर को दबोचा निर्माणाधीन भवन से बरामद हुआ लॉकर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। मध्य जिला के रंजीत नगर थाना पुलिस ने दिनदहाड़े हुई चोरी की वारदात का कुछ ही घंटों में खुलासा करते हुए एक शातिर आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित के कब्जे से करीब 25 लाख रुपये कीमत के जेवरात, नकदी और चोरी का लॉकर बरामद किया गया है। आरोपित कई पुराने चोरी और आपराधिक मामलों में पहले से शामिल रह चुका है। मध्य जिले के पुलिस उपायुक्त रोहित राजबीर सिंह ने शनिवार को बताया कि 28 अप्रैल को पश्चिम पटेल नगर स्थित एक घर में दिनदहाड़े चोरी की सूचना मिली थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि सुबह करीब 6 बजे से 7 बजे के बीच अज्ञात चोर घर में घुसकर लॉकर समेत सोने-चांदी के जेवर, नकदी और अन्य कीमती सामान चोरी कर ले गया। चोरी गए सामान में सोने की अंगूठियां, कंगन, पेंडेंट, चेन, चांदी के आभूषण, नकदी और परिवार के अन्य सदस्यों के जेवर शामिल थे। शिकायत के आधार पर रंजीत नगर थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस उपायुक्त के अनुसार जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया तो वहां से एक संदिग्ध मोबाइल फोन बरामद हुआ। इसी बीच उस मोबाइल पर आई एक कॉल ने जांच को नई दिशा दे दी। पुलिस ने योजना बनाते हुए हेड कांस्टेबल विकास को फल विक्रेता बनाकर तैनात किया। उन्होंने मोबाइल लौटाने का झांसा देकर संदिग्ध को बुलाया। आरोपित जैसे ही तय स्थान पर पहुंचा और मोबाइल के बदले 500 रुपये इनाम देने की बात कही, पुलिस टीम ने उसे दबोच लिया।

# दिनदहाड़े पांच लाख की लूट का खुलासा, दो बदमाश गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली सनलाइट कॉलोनी इलाके में दिनदहाड़े पांच लाख रुपये की लूट और फायरिंग की वारदात का दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने पर्दाफाश कर दिया है। मामले में दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि उनका एक साथी अब भी फरार है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से लूटी गई 3.92 लाख रुपये की नकदी, पीड़ित का मोबाइल फोन, एक देसी पिस्टल, तीन जिंदा कारतूस, बटनदार चाकू और वारदात में इस्तेमाल स्पोर्ट्स बाइक बरामद की है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान बिजेंद्र यादव (32) निवासी बागपत, उप्र और पवन गिरी (32) निवासी मेरठ, उप्र के रूप में हुई है। दोनों का आपराधिक इतिहास रहा है और कई गंभीर मामलों में पहले भी नाम सामने आ चुका है। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त संजीव यादव ने शनिवार को बताया कि 25 अप्रैल की शाम करीब 6:40 बजे शिकायतकर्ता शाकिर अली अपने साले जीशान के साथ काले रंग की स्प्लेंडर बाइक



पर जा रहे थे। जीशान के पास एक बैग में पांच लाख रुपये नकद थे, जो वह पुरानी दिल्ली स्थित एक रिश्तेदार से लेकर लौट रहे थे। जैसे ही वे सनलाइट कॉलोनी इलाके में पहुंचे, स्पोर्ट्स बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने उन्हें घेरकर रोक लिया। बदमाशों में दो के हाथ में पिस्टल और एक के पास चाकू था। आरोपितों ने नकदी से भरा बैग छीनने की कोशिश की, लेकिन जीशान ने विरोध किया। विरोध होते ही एक बदमाश ने शाकिर अली के पेट में गोली मार दी, जबकि दूसरे ने जीशान पर चाकू से हमला कर दिया। दोनों के घायल होने के बाद आरोपित बैग में रखे पांच लाख रुपये और मोबाइल फोन लूटकर फरार हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से पहले होली फैमिली अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें एम्स रेफर कर दिया गया। शिकायत के आधार पर सनलाइट कॉलोनी थाने में लूट, हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस उपायुक्त के अनुसार मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच क्राइम ब्रांच की एंटी एक्सटॉर्शन एंड किडनैपिंग सेल को सौंपी गई। टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, सीसीटीवी फुटेज खंगाले और स्थानीय इनपुट जुटाए। जांच के दौरान 1 मई को पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि वारदात में शामिल आरोपित आई.पी. पार्क रिंग रोड के पास आने वाले हैं। सूचना के आधार पर एसीपी पंकज अरोड़ा की देखरेख में टीम गठित कर जाल बिछाया गया। करीब 7:30 बजे स्पोर्ट्स बाइक पर आए दो संदिग्धों को रोकने का प्रयास किया गया। इसी दौरान आरोपित पवन गिरी ने पुलिस टीम पर पिस्टल तान दी, लेकिन हेड कांस्टेबल विनीत ने साहस दिखाते हुए उससे हथियार छीन लिया और दोनों आरोपितों को दबोच लिया गया। तलाशी के दौरान आरोपित पवन के पास से 1.94 लाख रुपये नकद, लूटा गया मोबाइल फोन और देशी पिस्टल बरामद हुई। वहीं बिजेंद्र के पास से 1.98 लाख रुपये नकद और बटनदार चाकू बरामद किया गया। पूछताछ में दोनों ने खुलासा किया कि बरामद नकदी लूट की रकम में उनका हिस्सा है।

## धौलाकुंआ चलने के बहाने ऑटो बुक कर चालक को मारा चाकू, तीन नाबालिग लुटेरे दबोचे

नई दिल्ली। पश्चिमी जिले के नरायणा इलाके में धौलाकुआं जाने के बहाने ऑटो बुक कर चालक से लूटपाट और चाकूबाजी करने वाले तीन नाबालिगों को पश्चिमी जिला पुलिस ने वारदात के दो घंटे के भीतर पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपितों की निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल चाकू बरामद कर लिया है। पुलिस के मुताबिक इंदरपुरी निवासी कैलाश ऑटो चालक है। उसने पुलिस को बताया कि 29 अप्रैल की तड़के करीब तीन बजे नरायणा फ्लाईओवर के पास तीन लड़कों ने उसका ऑटो धौलाकुआं जाने के लिए बुक किया था। रास्ते में तीनों ने उस पर हमला कर 500 रुपये लूट लिए। इसके बाद आरोपितों ने उसका मोबाइल फोन छीनने की कोशिश की। विरोध करने पर एक लड़के ने चाकू निकालकर कैलाश पर वार कर दिया और तीनों मौके से फरार हो गए। घायल अवस्था में कैलाश को उपचार के लिए एम्स ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063